राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 13 जून 2026

वर्ष 07, अंक 246, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

भारत सरकार व राज्य सरकार की संयुक्त टीम ने किया स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण...03

बिल्कुल बर्दाश्त नहीं...ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर रहे भारतीय जहाजों पर हमले चेतावनी...12

## 'कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए PCPNDT अधिनियम सख्ती से लागू हों', सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली,** सुप्रीम कोर्ट ने कन्या भ्रूण हत्या और लिंग-चयन की प्रथाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्री-कॉन्सेप्शन एंड प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्नीक्स (प्रोहिबिशन ऑफ सेक्स सिलेक्शन) अधिनियम, 1994 (पीसीपीएनडीटी एक्ट) को सख्ती से लागू करने का कड़ा संदेश दिया है। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की खंडपीठ ने कहा कि समाज की पितृसत्तात्मक सोच और बेटे की चाहत जड़ें जमा चुकी है, इसलिए कानून की ईमानदारी और सख्त कार्यान्वयन तब तक जरूरी है जब तक व्यापक मानसिकता परिवर्तन न हो जाए।

**मामले का संक्षिप्त विवरण**

यह टिप्पणी महाराष्ट्र के एक डॉक्टर द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए की गई। डॉक्टर ने अपने सोनोग्राफी सेंटर में पीसीपीएनडीटी नियमों के तहत अनिवार्य रिकॉर्ड (खासकर फॉर्म स्न) रखने में कथित कमियों के लिए शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को चुनौती दी थी। कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा और याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने जोर दिया कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम के प्रावधानों को कमजोर करने या उल्लंघनों को नजरअंदाज करने की कोई गुंजाइश नहीं है।

कोर्ट के प्रमुख

पितृसत्तात्मक सोच की आलोचनाः कोर्ट ने कहा कि बेटे की प्राथमिकता वाली सोच अभी भी जारी है, जो लिंग-चयन की गुप्त प्रथाओं को बढ़ावा देती है। इससे कन्या भ्रूण हत्या जैसी जघन्य प्रथा बनी रहती है।

- सरकारी योजनाओं का जिक्रः बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जननी सुरक्षा योजना, लाडली लक्ष्मी योजना और सुकन्या समृद्धि जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कोर्ट ने कहा कि ये प्रयास भेदभावपूर्ण सोच को दूर करने के लिए हैं, लेकिन आंकड़े ढील बरतने की इजाजत नहीं देते।

- साहित्यिक और सांस्कृतिक संदर्भः कोर्ट ने कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता 'बालिका का परिचय' की पंक्तियों और मनुस्मृति के श्लोक 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' का हवाला दिया। इससे नारी सम्मान की महत्ता पर जोर दिया गया।

लिंगानुपात के आंकड़े और चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने जनगणना और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (एनएफएचएस) के आंकड़ों का हवाला दियाः

- 1991: बाल लिंगानुपात 945 (प्रति 1000 लड़कों पर लड़कियां)
- 2001: 927
- 2011: 919

हालांकि हाल के वर्षों में सुधार हुआ है– NFHS-5 में कुल लिंगानुपात 1020 महिलाएं प्रति 1000 पुरुष, लेकिन जन्म के समय लिंगानुपात 929 है। 2015-17 में यह 896 से बढ़कर 2022-24 में 918 हो गया, फिर भी जैविक रूप से अपेक्षित स्तर (950+) से कम है। कई राज्यों (जैसे हरियाणा, पंजाब आदि) में राष्ट्रीय औसत से नीचे स्थिति बनी हुई है।

कोर्ट ने विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 का भी जिक्र किया, जिसमें भारत की रैंकिंग गिरकर 131 हो गई।

पीसीपीएनडीटी अधिनियम का महत्व

1994 में पारित यह कानून प्रसवपूर्व लिंग निर्धारण और चयन पर प्रतिबंध लगाता है। इसमें अल्ट्रासाउंड मशीनों का रजिस्ट्रेशन, फॉर्म स्न जैसे रिकॉर्ड रखना, उल्लंघन पर सजा आदि प्रावधान हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी ष्टश्च्ॐञ्ज बनाम भारत संघ (2001-2003) और वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ पंजाब बनाम भारत संघ (2013) जैसे मामलों में सख्त दिशानिर्देश दिए थे, जिनमें रिकॉर्ड रखना, निगरानी, मुकदमों का तेज निपटारा आदि शामिल थे।

विशेषज्ञों और सामाजिक संदर्भ

महिलाओं के अधिकारों के कार्यकर्ता और विशेषज्ञ लंबे समय से पीसीपीएनडीटी के कमजोर क्रियान्वयन की शिकायत करते रहे हैं। चिकित्सा पेशे में कुछ तत्वों द्वारा दुरुपयोग जारी है, हालांकि जागरूकता अभियानों से सुधार हुआ है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि तकनीकी गलतियां भी उल्लंघन मानी जा सकती हैं, क्योंकि ये भ्रूण हत्या का आधार बन सकती हैं।

निष्कर्ष और भविष्य की राह

सुप्रीम कोर्ट ने आशा व्यक्त की कि एक दिन ऐसा आएगा जब ऐसी विशेष कानूनी ढाल की जरूरत ही नहीं रहेगी, क्योंकि समाज बेटी को बोझ नहीं बल्कि गौरव मानेगा। तब तक पीसीपीएनडीटी जैसे कानूनों का सख्त पालन, जागरूकता और सामाजिक परिवर्तन साथ-साथ चलने चाहिए।

यह फैसला न केवल चिकित्सा जगत के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए एक मजबूत संदेश है। सरकारों, प्रशासन और नागरिकों को अब और अधिक सक्रिय होकर कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने की दिशा में काम करना होगा।

## सुप्रीम कोर्ट में बिक्रम सिंह मजीठिया को झटका! संजय सिंह मानहानि केस में याचिका खारिज

- सुप्रीम कोर्ट ने अकाली दल नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को बड़ा झटका देते हुए आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ मानहानि मामले में अतिरिक्त गवाहों को बुलाने की उनकी याचिका खारिज कर दी
- निचली अदालतों द्वारा भी यह याचिका पहले ही खारिज की जा चुकी थी



सुप्रीम कोर्ट से अकाली दल नेता बिक्रम सिंह मजीठिया को बड़ा झटका लगा है. कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ दायर मानहानि मामले में अतिरिक्त गवाहों को बुलाने की मांग वाली उनकी याचिका खारिज कर दी. जस्टिस प्रशांत मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि निचली अदालत और हाई कोर्ट दोनों ने फैसला देने से पहले याचिकाकर्ता के तर्कों पर उचित विचार किया था सुनवाई के दौरान मजीठिया की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने बिना स्वतंत्र तर्क दिए ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा. उन्होंने यह भी कहा कि सीआरपीसी की धारा 311 की व्याख्या सही तरीके से नहीं की गई।

**याचिका में अतिरिक्त गवाह बुलाने की मांग**

वकील ने संजय सिंह के बाद के बयानों को भी रिकॉर्ड में शामिल करने की मांग की थी, क्योंकि उन्हें आशंका थी कि बाद में इन पर विचार नहीं किया जाएगा. वहीं, संजय सिंह की ओर से पेश वकील डीएस सोबती ने कहा कि संबंधित सामग्री पहले से ही अदालत के रिकॉर्ड का हिस्सा है। दरअसल, मजीठिया ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की थी कि उन्हें मामले में कुछ और सबूत पेश करने और अतिरिक्त गवाह बुलाने की अनुमति दी जाए. हाई कोर्ट ने उनकी मांग खारिज कर दी, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

**2016 में दायर किया गया था मानहानि का मामला**

यह मामला साल 2016 का है, जब पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले मोगा में एक रैली के दौरान संजय सिंह ने शिरोमणि अकाली दल के नेताओं पर नशा तस्करी से जुड़े होने का आरोप लगाया था. इस बयान के बाद बिक्रम मजीठिया ने संजय सिंह के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था. 2016 में ही अदालत ने संजय सिंह के खिलाफ आरोप तय किए थे और मजीठिया को अपने गवाह पेश करने के लिए कहा गया था. पंजाब की राजनीति में नशे का मुद्दा पिछले कई चुनावों से बड़ा राजनीतिक मुद्दा रहा है और इसे लेकर नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप जारी रहे हैं।

**2016 का मानहानि मामला और राजनीतिक पृष्ठभूमि**

यह कानूनी विवाद साल 2016 का है। पंजाब विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मोगा में एक रैली के दौरान संजय सिंह ने अकाली दल के नेताओं पर नशा तस्करी से जुड़े होने का सनसनीखेज आरोप लगाया था। इस बयान के बाद बिक्रम मजीठिया ने संजय सिंह के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। तब से लेकर आज तक पंजाब की राजनीति में 'नशा' एक बड़ा मुद्दा रहा है और यह केस उसी राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की एक लंबी कड़ी का हिस्सा है।

**आगे की राह** हाई कोर्ट से राहत न मिलने के बाद मजीठिया ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अब शीर्ष अदालत ने भी उनकी याचिका खारिज कर दी है। इस फैसले के बाद अब ट्रायल कोर्ट में मामले की कार्यवाही पर सबकी निगाहें टिकी हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस कानूनी लड़ाई का असर भविष्य की पंजाब राजनीति पर भी पड़ता रहेगा।


## संक्षिप्त ख़बरें

### बीडीओ व सचिव की साठ गांठ से टेंडर प्रक्रिया में किया जा रहा बहुत घोटाला




**निघासन खीरी** ब्लॉक में बीडीओ और सचिव की मिलीभगत से टेंडर प्रक्रिया में किया जा रहा घोटाला,सिर्फ एक ही अखबार को दिए जा रहे टेंडर,बताया जा रहा है कि सचिव और बीडीओ के तलवे चाटने वाले और ब्लॉक में पैठ बनाने वाले एक ही अखबार को मिल रहा टेंडर, पुराने,नए कार्य के टेंडर प्रक्रिया में ब्लॉक के जिम्मेदार खेल रहे खेल,टेंडर में भी कमीशनखोरी करके बीडीओ,सचिव,कुछ हां हजूरी करने वाले पंचायत मित्र मनमाने ढंग से छपवा रहे टेंडर,निष्पक्ष जांच से टेंडर प्रक्रिया में भी मिलेंगी धांधली,ब्लॉक की गतिविधियों पर उठ रहे सवालिया निशान।

### बवाना से औचंदी बार्डर तक बनेगा एलिवेटेड रोड



**बाहरी दिल्ली।** बवाना औद्योगिक क्षेत्र से लेकर औचंदी बार्डर तक लगभग 12 किलोमीटर लंबा मार्ग पर एलिवेटेड रोड बनाने की दिशा में सरकार ने एक कदम और बढ़ाया है। दिल्ली सरकार ने इस योजना पर काम करने के लिए सलाहकार की नियुक्ति के लिए लगभग 3.94 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। कंपनी इस एलिवेटेड रोड के लिए विस्तृत व्यवहार्यता अध्ययन करेगी, जिसमें यातायात सर्वेक्षण, प्रारंभिक डिजाइन और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) आदि तैयार करने का काम भी शामिल होगा। यातायात जाम प्रभावित इस क्षेत्र में एलिवेटेड रोड बनने के बाद बवाना औद्योगिक क्षेत्र से लेकर हरियाणा तक आवाजाही आसान होगी। समय और ईंधन दोनों बचेंगे। बाहरी दिल्ली के बवाना इंडस्ट्रियल एरिया से लेकर औचंदी बार्डर तक मार्ग पर यातायात जाम से राहत का प्लान बनाया जाना है।

## जंग से महंगा हुआ तारकोल, मुश्किल में सड़क निर्माण... संसदीय समिति मंत्रालय से मांगेगी जवाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



पश्चिम एशिया संकट के भारत के सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर असर को लेकर संसदीय समिति ने सोमवार को बैठक बुलाई है. इस बैठक में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव को बुलाया गया है. पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण भारत में तारकोल (बिटुमेन) का संकट हो रहा है. इसके कारण सड़कों के निर्माण और रखरखाव के काम में बाधा आ रही है. ट्रांसपोर्ट, टूरिज्म और कल्चर मामलों की संसदीय समिति इस पर चर्चा करेगी. युद्ध के कारण वीजी-40 ग्रेड के तारकोल की कीमत करीब दोगुनी हो गई. जबकि सिर्फ हाईवे प्रोजेक्ट्स के लिए 15 जुलाई तक लगभग छह लाख टन की अनुमानित जरूरत के मुकाबले इसकी उपलब्धता बहुत कम हो गई है। भारत में सबसे अधिक इसी का प्रयोग होता है. इस कारण सड़क निर्माण के लक्ष्य पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है. भारत वैकल्पिक आपूर्ति के रास्तों की तलाश कर रहा है।

**बिटुमेन की कमी से हाईवे प्रोजेक्ट की रफ्तार धीमी**

रिपोर्ट के अनुसार रूस से तेल आयात होने की वजह से देश में कच्चे तेल की उपलब्धता ठीक-ठाक बनी हुई है, लेकिन इससे बिटुमेन की सप्लाई में कोई सुधार नहीं हुआ है. रूस से आने वाला स्वीट क्रूड ऑयल भारतीय मौसम के लिए सही बिटुमेन ग्रेड नहीं बना सकता. रूसी तेल में सल्फर बहुत कम होता है, जिससे बिना खास प्रोसेसिंग के वीजी-10 या वीजी-30 जैसे कम ग्रेड के बिटुमेन बनते हैं। सूत्रों का कहना है कि वीजी-40 उस क्रूड ऑयल से बनता है जो हमें पश्चिम एशियाई देशों से मिलता है और ज्यादातर तैयार प्रोडक्ट भी इन्हीं देशों से होर्मुज स्ट्रेट के जरिए आयात किए जाते थे. इस लड़ाई से इस सप्लाई पर असर पड़ा है और इसका असर हाईवे के मेंटेनेंस और कंस्ट्रक्शन पर भी पड़ रहा है।


**बिटुमेन की कमी ने बढ़ाई सरकार की चिंता**

यह मुद्दा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई में हुई इनफॉर्मल ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स (आईजीओएम) की पिछली मीटिंग में भी उठाया गया था, जिसमें बताया गया था कि कैसे जरूरी क्वालिटी के बिटुमेन की कमी ने अप्रैल में हाईवे कंस्ट्रक्शन की रफ्तार को एक-चौथाई तक कम कर दिया है। अधिकारियों ने कहा कि ग्रामीण, नगर निगम और राज्य की सड़कों के मामले में भी असर एक जैसा है. उनका कहना है कि कीमतें और बढ़ रही हैं, लेकिन सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हम ज्यादा कीमत पर भी अपना काम पूरा करने के लिए बिटुमेन कैसे पाएं।

## तुगलकाबाद अग्निकांडः छह लोगों को ग्रिल से साड़ी बांधकर नीचे उतारा तो छत के रास्ते 10 की बचाई जान

- पड़ोसियों ने साड़ी और दुपट्टों से लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा।
- बगल के मकानों की ग्रिल काटकर कई लोगों को बचाया गया।
- छत का ताला तोड़कर 16 लोगों की जान बचाई गई।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**दक्षिणी दिल्ली।** रात लगभग सवा दो बजे सामने के फ्लैट में रहने वाले सौरभ शर्मा को उनकी बेटी अंशु ने जगाया। आसपास बहुत शोर हो रहा था। उन्होंने उठकर देखा तो सामने के फ्लैट से गाढ़ा काला धुआं निकल रहा था। फायर ब्रिगेड को फोन मिलाते हुए मदद के लिए नीचे उतरे। पास की रहने वाली रेनू मलिक समेत आसपास के कुछ लोग मकान के पीछे की ओर गए। कुछ आगे से बचाने के प्रयास किया जाने लगा। उनकी 16 वर्षीय बेटी अंशु ने अपने तीसरे तल की खिड़की से साड़ी दूसरे तल पर मदद के लिए पुकार रहे एक व्यक्ति पर फेंकी। व्यक्ति ने साड़ी को बरामदे की ग्रिल से बांधा और नीचे उतर आया। वे बताते हैं कि आसपास के अन्य लोगों ने भी साड़ी और दुपट्टे बरामदों पर फेंके। इस ओर फंसी चार-पांच महिलाओं ने भी इसी तरह नीचे उतरकर अपनी जान बचाई।

**मकान में लगभग 24 लोग फंसे थे**

मकान के पिछले हिस्से में बचाव कार्य का नेतृत्व करने वाली रेनू भाटिया ने बताया कि जब वे पहुंची तो पार्किंग में छह-सात बाइकें जल रही थीं। मकान में लगभग 24 लोग फंसे थे। हम लोग पीछे की गली में पहुंचे। भूतल पर निकलने के लिए कोई गेट नहीं है। पहली से पांचवें तल तक बरामदे तो थे, पर उन्हें ग्रिल लगाकर कवर किया गया था। सामने के मकान भी बिल्कुल सटे हुए हैं।


**छह लोगों को पहले बगल की छत पर उतारा**

उनके बरामदों से ग्रिल काटकर कुछ लोगों को निकाला गया। वहीं बगल के एक मकान की छत से भी लोग ऊपर पहुंचे। जल रही इमारत के छत वाले गेट पर अंदर से ताला था। जान बचाने के लिए कुछ लोग दरवाजे के पास जमा थे। अंदर से उन्हीं लोगों ने ताला तोड़ा। तीन बच्चियों समेत छह लोगों को पहले बगल की छत पर उतारा। फिर सीढ़ियों से नीचे ले आए। इस तरह लगभग 16 लोगों को बचाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम आने से पहले छत पर रखी पानी की टंकी फोड़ दी गई, ताकि नीचे आग पर कुछ काबू पाया जा सके। वहीं पावर कट कराकर लोग बाल्टियों में पानी भर-भरकर पार्किंग एरिया में लगी आग बुझाने में जुटे रहे।

## दिल्ली में स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़, थाईलैंड की 3 समेत 15 युवतियां मुक्त

- दक्षिणी दिल्ली के स्पा सेंटरों से 15 लड़कियां मुक्त कराई गईं।
- थाईलैंड की तीन लड़कियों के पासपोर्ट जब्त कर लिए गए थे।
- पुलिस ने अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत FIR दर्ज की।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**दक्षिणी दिल्ली।** कोटला मुबारकपुर थाना क्षेत्र स्थित एक मकान में संचालित तीन स्पा सेंटर से पुलिस ने थाइलैंड की तीन समेत कुल 15 लड़कियों को मुक्त कराया। आरोप है थाइलैंड की लड़कियों का पासपोर्ट रख लिया गया था और उनसे जबरन जिस्मफरोशी कराई जा रही थी। मिशन मुक्ति फाउंडेशन व रेस्क्यू एंड रिलीफ फाउंडेशन ने इसकी शिकायत दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल से की। एसीपी डिफेंस कालोनी के नेतृत्व में टीम गठित हुई। 10 जून को कुछ पुलिसवालों को नकली ग्राहक बनाकर भेजा गया।

पुष्टि होते ही टीम ने छापेमारी की। तीनों स्पा सेंटर से तीन थाइलैंड की लड़कियों के साथ ही उत्तर प्रदेश व हरियाणा की 12 लड़कियों को भी मुक्त कराया। पुलिस ने स्पा सेंटर के मालिकों तालिब, मंजू बिष्ट, गुड्डू कुमार व एक अज्ञात के खिलाफ अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 की धारा तीन, चार व पांच के तहत एफआइआर दर्ज किया है। पीड़िताओं को बयान दर्ज कर उन्हें वन स्टाप सेंटर भेज दिया गया है। वहीं आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## वोट चोरी, सरकार चोरी के बाद अब 'सीट चोरी', बीजेपी-चुनाव आयोग की जुगलबंदी ने मुकाबला ही खत्म किया: राहुल गांधी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश से राज्यसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज किए जाने पर सवाल उठाते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि 'वोट चोरी' और 'सरकार चोरी' के बाद अब बीजेपी और निर्वाचन आयोग की मिलीभगत ने 'सीट चोरी' के जरिये चुनाव शुरू होने से पहले ही मुकाबला खत्म कर दिया है। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, ''वोट चोरी और 'सरकार चोरी' के बाद, अब बीजेपी और निर्वाचन आयोग की मिलीभगत ने 'सीट चोरी' के ज़रिये चुनाव शुरू होने से पहले ही मुकाबला खत्म कर दिया है।'' उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए राज्यसभा चुनावों में जो हुआ, उसे देखिए। कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन ने सभी ज़रूरी दस्तावेज जमा किए थे। उन पर कोई मामला लंबित नहीं था। फिर भी, निर्वाचन आयोग ने बीजेपी की एक बेबुनियाद आपत्ति पर उनका नामांकन रद्द कर दिया।''

राहुल गांधी ने कहा, ''वहीं, झारखंड में बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी ने आवेदन में अपना नाम ही गलत लिखा और कई ज़रूरी जानकारी भी नहीं दी। इसके बावजूद निर्वाचन आयोग ने उन्हें सब कुछ ठीक करने के लिए और समय दे दिया।'' उन्होंने कहा, ''निर्वाचन आयोग वही था। उम्मीदवार दो थे। एक को बिना सुनवाई के ही अयोग्य घोषित कर दिया गया। दूसरे को नियमों का पालन न करने के बावजूद फ़ायदा पहुंचाया गया।'' राहुल गांधी ने कहा, ''जब कांग्रेस ने मिलने की मांग की, तो निर्वाचन आयोग ने पहले तो हमें टालने की कोशिश की। जब आखिरकार हमारे नेताओं की मुलाकात हुई तो उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा। आगे भी आपको ऐसा ही बहुत कुछ देखने को मिलेगा क्योंकि बीजेपी के लिए चुनाव जीतने के मुकाबले चुनाव में धांधली करना कहीं ज़्यादा आसान है।''



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने के बाद बीजेपी के तीनों उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जाने पर गुरुवार को कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि यह ऐसी 'चोरी' है, जिसमें केंद्र से लेकर राज्य तक सभी संस्थाएं शामिल हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा, ''जब चोरी हुई है और इस चोरी में सभी लोग शामिल हैं। न केवल राज्य, बल्कि केंद्र भी... निर्वाचन आयोग भी... और मुझे यह कहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है कि उच्चतम न्यायालय भी।'' उन्होंने सवाल उठाया कि जब उच्चतम न्यायालय को यह मालूम था कि बीजेपी उम्मीदवारों को निर्वाचित घोषित किया जा सकता है, तो उसने याचिका पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तारीख क्यों निर्धारित की। सिंह ने कहा, ''यह सब मिली-जुली चोरी है।''

## संक्षिप्त खबरें

### जनपद में नव निर्मित सड़कों/मार्गों की गुणवत्ता जांच के आदेश, सीडीओ की अध्यक्षता में समिति गठित

**सड़क/मार्गों के निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर जिलाधिकारी सख्त, जांच पूरी होने तक भुगतान पर रोक**



**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि जनपद में नवनिर्मित सड़क/मार्गों के निर्माण कार्य में कथित अनियमितताओं के संबंध में मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सड़क/मार्ग निर्माण कार्य की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच सुनिश्चित करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई है। समिति द्वारा प्रकरण के सभी तथ्यों एवं तकनीकी पहलुओं की जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।जिलाधिकारी ने आगे बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त होने तक संबंधित ठेकेदार के किसी भी बकाया भुगतान का निस्तारण न किए जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जांच समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा 05 डंफर को किया गया सीज



**मुसाफिरखाना अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा अवैध खनन करने वाली 05 डंफर को कब्जे में लिया गया । डंफर चालकों से खनन अनुमति व उपरोक्त वाहन संबंधित प्रपत्र मांगने पर दिखा न सके । थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा 05 डंफर को कब्जे में लेकर एमवी एक्ट में नियमानुसार अग्रेतर विधिक कार्यवाही की गई ।

### गौ माता के सम्मान में निकली भव्य रैलीभव्य रैली के साथ चौरी नन्द नगर में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**ताओं की निःस्वार्थ भाव से सेवा करनाब्लाक अध्यक्ष सौरभ गुप्ता के अध्यक्षता में आयोजित हुआ गौ माता कार्यक्रम**

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खण्ड परसरामपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चौरी नन्द नगर में नारायन मैरेज के पीछे गौ माता सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ । गौ माता की भव्य रैली कटरा शाहगंज मोड़ से चौरी नन्द नगर निकाली गई थी । रैली दोपहर 01 बजे निकलकर 2.30 बजे चौरी नन्द नगर कार्यक्रम स्थल पर पहुंची थी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मथुरा वृन्दावन के पीठाधीश्वर गोपेश दास महराज, राजा साहब अयोध्या लाल योगेश प्रताप सिंह , दशरथ गद्दी के पीठाधीश्वर राज कुमार दास अयोध्या व विशिष्ट अतिथि अखिलेश सिंह, कपिल पाण्डेय गौरक्षा अयोध्या, मोहित तिवारी अयोध्या थे एवं कार्यक्रम के संचालक व व्यवस्थापक सौरभ गुप्ता थे । विश्व हिन्दू महामंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश ने कहा कि गौ माताओं की सेवा करना सभी हिन्दू धर्म के लोगों की जिम्मेदारी है । सभी हिन्दू धर्म के लोगों को निःस्वार्थ भाव से सेवा करना हैं । गौ माता की दूध, दही, घी हम निकाल कर खा लेते और उसे छोड़ देते हैं ऐसा करना पूरी तरह गलत है । कार्यक्रम में आये हुए सभी साधु संतों ने कहा कि भाजपा सरकार को गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित कर देना चाहिए । गौ माता को पशु कहना गलत है । ब्लाक अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने भी कहा कि गौ माता सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य गौ माता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाएं एवं गौ माता की गौकशी करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएं । पूर्व में जो कुछ गौकशी करने वाले अपराधी जेल में बंद थे आज वे बाजार में खुले आम घूम रहे हैं यदि पुनः अपराधी गौकशी का कार्य करते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो । विशाल भंडारे में लगभग एक हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया । गौ माता के भव्य रैली में महराज दशानन, सूरज कौशल, दीपचन्द्र कन्नौजिया, शनि कुमार, सुमित गुप्ता, सचिन गुप्ता, प्रकाश गुप्ता समेत अन्य जिले के सभी विश्व हिन्दू महासंघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारी संख्या में मौजूद रहे ।

# सोनहटी बुजुर्ग में पानी और जलकुंभी के बीच चल रहा मनरेगा कार्य सरकारी धन का लूट

**● ग्राम पंचायत सोनहटी बुजुर्ग में जारी मनरेगा फर्जीवाड़ा में बीडीओ मनोज कुमार श्रीवास्तव निभा रहे अहम भूमिक महिला मेट रामावती देवी उलूल - जुलूल मनरेगा मजदूरों की फोटो लगाकर फर्जी मस्टर रोल कर रही पूर्णपानी और जल कुंभी से भरे तालाब में कैसे हो रहा मनरेगा कार्य ?**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में कहानी फिट बैठ रही है राम नाम की लूट है लूट सके जो लूट अंतकाल में पछताएगा जब प्राण जाएंगे छूट जनपद के सभीखंड विकास अधिकारी साँऊघाट मनोज कुमार श्रीवास्तव की मिली भगत से ग्राम पंचायत सोनहटी बुजुर्ग में धड़ल्ले से मनरेगा फर्जीवाड़ा जारी है । महिला मेट रामावती देवी मनरेगा मजदूरों की उलूल - जुलूल (फर्जी फोटो ) फोटो लगाकर फर्जी मस्टर रोल पूर्ण कर रही है । आपको बता दें कि ग्राम पंचायत सोनहटी बुजुर्ग में तालाब खुदाई व सफाई के नाम पर दो आनलाइन मस्टर रोल जारी है जिसमें 127 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाने का कार्य महिला मेट रामावती देवी लगा रही है और ग्राम पंचायत में मनरेगा फर्जीवाड़ा करके वाह - वाही लूट रही है । मीडिया पड़ताल में पता चला कि ग्राम प्रधान हसीना बानों के द्वारा जिस तालाब की खुदाई व सफाई के नाम पर आनलाइन मस्टर रोल जारी करवाया गया है उस तालाब में पूर्ण रूप से पानी भरा हुआ है और चारों तरफ से जलकुंभी जकड़ा हुआ है । ग्राम प्रधान हसीना बानों व महिला मेट रामावाती देवी उच्च अधिकारियों के आंख में धूल झोंककर मनरेगा फर्जीवाड़ा करने में पूरी मस्त हैं इन लोगों को ग्राम पंचायत सोनहटी बुजुर्ग के विकास कार्यों से कोई मतलब नहीं है । बड़ा सवाल यह है जब तालाब में पूर्ण रूप से पानी भरा हुआ है और चारों तरफ जलकुंभी जकड़ा हुआ है तो कैसे मनरेगा कार्य होता होगा ? आखिर मनरेगा साइड पर अपलोड फोटो की जांच क्यों नहीं हो रही है ? जो जांच का विषय बना हुआ है । सचिव, तकनीकी सहायक व मनरेगा एपीओ अपने-अपने कमीशन बाजी में मस्त हैं और मनरेगा फर्जीवाड़ा में जमकर सहयोग कर रहे हैं । अब देखना यह है कि ग्राम पंचायत सोनहटी बुजुर्ग में पानी से भरे तालाब के नाम पर जारी आनलाइन मस्टर रोल जीरों हो पाता है या नहीं ? अर्थात् बीडीओ मनोज कुमार श्रीवास्तव के लिए ग्राम पंचायत सोनहटी बुजुर्ग के मनरेगा भ्रष्टाचार को खत्म करना किसी चुनौती से कम नहीं है । उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है ।

# बिजली को मंहगा करने के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**● 10 प्रतिशत विद्युत मूल्य वृद्धि का निर्णय वापस ले सरकार- आलोक दुबे**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में शुक्रवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला महामंत्री आलोक दुबे एवं जिला संगठन महामंत्री भरत राम गुप्ता बबलू के नेतृत्व में बिजली मूल्य में 10 प्रतिशत वृद्धि के विरोध में मालवीय रोड स्थित अधीक्षण अभियन्ता को सम्बोधित ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन किया ।ज्ञापन देने के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष बस्ती मंडल डॉ हरि मूर्ति सिंह 'मनोज' आलोक दुबे, भरत राम गुप्ता बबलू आदि ने कहा कि डीजल, पेट्रोल मूल्य वृद्धि, खाद्य पदार्थो में बढती मंहगाई से लोग पहले से परेशान थे, सरकार ने बिजली मंहगा करके संकट को और बढा दिया है। हैरानी की बात तो ये है कि ईंधन अधिभार लगाने से पूर्व नियामक आयोग से अनुमति तक नहीं ली गई । प्रदेश उपाध्यक्ष परमात्मा प्रसाद मद्धेशिया ने बताया बिजली के औद्योगिक व घरेलू बिलों में पूर्व में ही फिक्स चार्ज लगाए जा रहे है । प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीत पाण्डेय ने कहा कि वाणिज्य बिलों में फिक्स चार्ज व मिनिमम चार्ज दोनों लगाए जाते हैं। घरेलू, वाणिज्य व औद्योगिक बिलों में 7.5ः इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी जोड़ी जा रही है। नियामक आयोग के द्वारा प्रत्येक वर्ष बिजली के उत्पादन व खर्चों की समीक्षा कर आम पब्लिक से सुनवाई करने के बाद बिजली की दरों का पुनः निर्धारण किया जाता है इसलिए बीच सेशन में अनावश्यक रूप से बिजली की दरों में बढ़ोतरी करने का कोई औचित्य नहीं है । जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि अचानक की गई बढ़ोतरी से एक गलत परंपरा की शुरुआत होगी तथा इसके प्रभाव से बढ़ाने वाली महंगाई से आम जनता प्रभावित होगी । नगर अध्यक्ष राणा महेंद्र प्रताप एवं महामंत्री धीरेंद्र चौधरी ने बताया अचानक कि गई बढ़ोतरी से उत्तर प्रदेश का उद्योग व व्यापार प्रभावित होगा हमारे यंहा के व्यापार लागत बढ़ने से नष्ट हो जाएगा।उद्योग मंच के जिला अध्यक्ष कमलेश चौधरी एवं जिला युवा संगठन महामंत्री सत्य प्रकाश दुबे और बाकी कोई पादरी ने बताया अनावश्यक रूप से ईंधन अधिभार के नाम पर बिजली के बिलों में की जा रही 10ः की बढ़ोतरी को समाप्त करने के आदेश पारित करे। धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने वालों में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी विकास शर्मा, पवन गुप्ता, ओम प्रकाश चौधरी, प्रवीण सिंह, अजय कनौजिया आदि शामिल रहे।

# पत्रकारिता का चोला, ओढ कर रोजगार सेवक कर रहा मनरेगा में घोटाला नरहरपुर में फर्जी हाजिरी से सरकारी धन बन्दर बांट

**● रोजगार सेवक पर संगीन आरोप, सचिव की चुप्पी संदिग्ध194 मजदूरों के नाम पर फर्जीवाड़े की बू, जांच हुई तो कई चेहरे बेनकाब तय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड कप्तानगंज के ग्राम पंचायत नरहरपुर में मनरेगा कार्यों को लेकर एक गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है, जिसने स्थानीय प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि एक रोजगार सेवक, जो खुद को पत्रकार भी बताता है, पत्रकारिता की आड़ में फर्जी हाजिरी लगवाकर सरकारी धन के दुरुपयोग में जुटा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, संबंधित रोजगार सेवक ने पत्रकारिता का चोला ओढ़कर अपना प्रभाव क्षेत्र में मजबूत किया और उसी का फायदा उठाते हुए मनरेगा कार्यों में मनमानी शुरू कर दी। आरोप है कि कागजों में मजदूरों की संख्या बढ़ाकर ऑनलाइन मस्टर रोल तैयार किए गए, जबकि धरातल पर उतने मजदूर काम करते नजर नहीं आए। इससे साफ संकेत मिल रहा है कि कहीं न कहीं फर्जीवाड़े के जरिए सरकारी धन की निकासी की जा रही है। मामले में ग्राम पंचायत के सचिव की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। लगातार उठ रहे आरोपों और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के बावजूद सचिव की चुप्पी लोगों को खटक रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जिम्मेदार अधिकारी समय रहते सक्रिय होते, तो शायद स्थिति इतनी गंभीर न होती। सूत्रों की मानें तो ग्राम प्रधान, सचिव और कथित पत्रकार-रोजगार सेवक के बीच आपसी सांठगांठ से यह पूरा खेल संचालित हो रहा है। आरोप यह भी है कि पक्ष विशेष में खबरें प्रकाशित कराकर अपनी छवि को बेहतर दिखाने और वास्तविक स्थिति को छुपाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे आम जनता गुमराह हो रही है। सबसे अहम सवाल उन 194 मजदूरों को लेकर खड़ा हो रहा है, जिनके नाम पर मस्टर रोल जारी किया गया है। क्या इन मजदूरों की उपस्थिति के प्रमाण स्वरूप फोटो और डिमांड फॉर्म पर वास्तविक हस्ताक्षर मौजूद हैं, या यह पूरा मामला सिर्फ कागजों तक सीमित है– यह अब जांच का विषय बन गया है। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पटल पर अपलोड किए गए फोटो और दस्तावेजों की निष्पक्ष व तकनीकी जांच उच्च अधिकारियों द्वारा कराई जाए, तो इस पूरे प्रकरण का बड़ा खुलासा हो सकता है। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई और जेल तक की नौबत भी आ सकती है। नरहरपुर का यह मामला अब पूरे कप्तानगंज ब्लॉक से लेकर जिले में चर्चा का विषय बन चुका है। लोगों का कहना है कि यदि ऐसे मामलों पर समय रहते लगाम नहीं लगाई गई, तो अन्य ग्राम पंचायतों में भी मनरेगा योजनाओं के नाम पर इसी तरह का भ्रष्टाचार पनपता रहेगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या वास्तव में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई होती है, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

# 30 लाख रुपये की स्मैक के साथ तीन युवक गिरफ्तार, कोतवाली व स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस और स्वाट/सर्विलांस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन युवकों को भारी मात्रा में अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 30 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत तथा क्षेत्राधिकारी सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। संयुक्त पुलिस टीम ने शुक्रवार तड़के करीब 1:15 बजे अमहट पुल से आगे फुटहिया मोड़ के पास छापेमारी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमन गुप्ता (21 वर्ष) पुत्र राम सुभावन गुप्ता निवासी बसिया थाना कोतवाली, विशाल अग्रहरी उर्फ छोटू (22 वर्ष) पुत्र विजय प्रकाश निवासी बरगदवा थाना कोतवाली तथा अखिलेश चौधरी (19 वर्ष) पुत्र हृदय राम चौधरी निवासी बसिया थाना कोतवाली के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों के कब्जे से 126.98 ग्राम अवैध नशीला भूरे रंग का पाउडर तथा 103 पुड़ियों में पैक 16.89 ग्राम स्मैक बरामद की गई। इसके अलावा तलाशी के दौरान 370 रुपये नकद और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। बरामद मादक पदार्थ की कुल अनुमानित अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 30 लाख रुपये बताई गई है।गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 258/2026 के तहत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी विशाल अग्रहरी उर्फ छोटू के खिलाफ पहले से भी एनडीपीएस एक्ट के दो मामले दर्ज हैं। वर्ष 2023 में थाना कप्तानगंज तथा वर्ष 2025 में थाना कोतवाली में उसके विरुद्ध मादक पदार्थ तस्करी से संबंधित मुकदमे पंजीकृत किए जा चुके हैं। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मोती चंद, स्वाट प्रभारी उपनिरीक्षक शेषनाथ यादव, उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अजय कुमार यादव सहित कोतवाली, स्वाट और सर्विलांस टीम के कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# लक्ष्मीनगर गौशाला की बदहाल हकीकतः हरे चारे के अभाव में तड़प रहे गौवंश, करोड़ों की योजनाओं पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** एक ओर प्रदेश सरकार गौवंश संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल कर गौशालाओं के संचालन, चारे, पानी और चिकित्सा व्यवस्था पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर विकासखंड क्षेत्र स्थित लक्ष्मीनगर गौशाला की जमीनी हकीकत सरकारी दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। गौशाला में संरक्षित गायों की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है। हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था न होने से गौवंशों को भरपेट भोजन तक नसीब नहीं हो रहा, जिसके चलते कई पशु कमजोर और बीमार दिखाई पड़ रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों और पशुप्रेमियों का आरोप है कि गौशाला में व्यवस्थाओं की घोर अनदेखी की जा रही है। गौवंशों के लिए हरे चारे की नियमित आपूर्ति नहीं हो रही है, जबकि शासन स्तर से इसके लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराए जाने का दावा किया जाता है। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि कई गायें कुपोषण का शिकार होती दिखाई देती हैं और उनके स्वास्थ्य की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि गौवंश संरक्षण के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर व्यवस्थाएं बदहाल हैं। गौशाला में रहने वाले बेजुबान पशु भूख और अव्यवस्था के बीच जीवन गुजारने को मजबूर हैं। लोगों का सवाल है कि जब सरकार द्वारा चारा, पानी, चिकित्सा और रखरखाव के लिए बजट जारी किया जा रहा है तो फिर गौशाला में ऐसी स्थिति क्यों बनी हुई है। गौशाला की बदहाली को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। पशुप्रेमियों का मानना है कि गौशालाएं केवल सरकारी रिकॉर्ड और निरीक्षण रिपोर्टों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि वहां रह रहे गौवंशों को वास्तविक रूप से बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए।

**जिम्मेदारों की कार्यशैली पर उठे सवाल–** गौशाला की वर्तमान स्थिति ने संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार कर्मचारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गौवंशों के रखरखाव को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। नियमित निगरानी और प्रभावी प्रबंधन के अभाव में व्यवस्थाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं।

**प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और पशुप्रेमियों ने जिला प्रशासन से लक्ष्मीनगर गौशाला की स्थिति की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही या वित्तीय अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही गौवंशों के लिए तत्काल हरे चारे, स्वच्छ पानी और चिकित्सा सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।

**बड़ा सवाल–** जब गौसंरक्षण के नाम पर सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, तो आखिर लक्ष्मीनगर गौशाला में गायों को पर्याप्त हरा चारा और बुनियादी सुविधाएं क्यों नहीं मिल पा रही हैं? क्या जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होगी या फिर बेजुबान गौवंश यूं ही बदहाल व्यवस्था का शिकार बने रहेंगे? जांच के बाद होगी कार्रवाई : खंड विकास अधिकारी इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मिली है। गौशाला की स्थिति की जांच कराई जाएगी और यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गौवंशों के लिए चारे और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाएगी।

# जैतापुर पचपेड़वा मार्ग वर्षों से क्षतिग्रस्त सड़क गायब सिर्फ गड्ढे ही गड्ढे

**● धार्मिक व सामरिक दृष्टि कोण से महत्वपूर्ण है मार्ग**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर ।** जूडीकुइयां से जैतापुर 21 कि0 मी0 सड़?क वर्षों से टूट कर क्षतिग्रस्त है। एक सैकड़ा गावों को जोड़ने वाला सड़क अपने दुर्दशा पर आंसू बहा है रहा है। इसी के साथ क्षेत्र वासियों अयोध्या चन्दनपुर मार्ग का सपना चकनाचूर रहा है। बताते चलें कि पचपेड़वा के जुड़ीकुइयां चौराहे से जैतापुर की दूरी 21 की 0 मी है यह सड़क 10 वर्षों से टूट कर क्षति ग्रस्त हो गया गया राहगीरों को सड़क दिखाई ही नही पड़ता है सिर्फ गड्ढे ही दिखाई पड़ते हैं। यह सड़क बरगदही बरगदवा सिसहनिया तिलकहना सोनहटी, गणेश पुर बाजार, सिसवा, वसन्तपुर बवाई, विजयनगर, रतन पुर चौराहा सहित आसपास के सैकड़ों गावों के लोगों को जोड़ते हुये उतरौला मनकापुर होकर अयोध्या धाम तक जाती है। वहीं पंचपेड़वा से चन्दनपूर नेपाल सीमक की दूरी लग 20 कि0मी0 है। यह मार्ग धार्मिक और सामरिक दृष्टि कोण से अति महत्वपूर्ण है। इसके वाजूद यह इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। है। चन्दनपुर से अयोध्या की दूरी लगभग 150 किमी0 है परन्त यहाँ के लोगों को लगभग 200 किमी. की यात्रा करनी पड़ रही, इससे भाद्वालुओं की आस्था को चोट हूँचता है वहीं अन्य जरूरतमन्दों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। सन 2015 में यह सड़क प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना में स्वीकृत हुआ परन्तु भारी कमीशन खोरी के चलते मानक गुणवत्ता हवा में उड़ गये । सड़क वनने के बाद 5 वर्ष के वजाय एक वर्ष में ही टूट गई और पी एम जी एस वाई ठेकेदार ने मरम्मत तक नही कराया । अलबत्ता सड़क निर्माण के समय सड़क की चौड़ाई भी कम कर दिया और पटरियों पर लेंगे खडन्जे के ईटों को भी बेच लिया था। इस सड़क से जुड़े लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है और ग्रामीणों का गुस्सा कभी भी फूट सकता है। फिलहाल यदि इस मार्ग को निर्माण शीघ्र नही कराया गया है। जन प्रति। निधियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून 2026 तक संचालित "सेवा संस्कार, सुशासन एवं सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 जून से 21 जून 2026 तक संचालित ''सेवा संस्कार, सुशासन एवं सम्मान'' थीम आधारित समेकित जन कल्याण एवं जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत हर्रैया ब्लाक के पुरैना खास गांव में रात्रिकालीन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल कार्यक्रम जनप्रतिनिधिगणों एवं प्रशासन की सहभागिता से आम जन को जागरूक करते हुए शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आयोजित किया गया। विधायक प्रतिनिधि हर्रैया सरोज मिश्र, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि हर्रैया योगेन्द्र सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गौरव त्रिपाठी, प्रशासनिक अधिकारियों में जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ डा0 राजीव निगम, डीएसओ विमल कुमार शुक्ला, सीवीओ अरूण गुप्ता, डीएचओ अरूण त्रिपाठी, समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, डीपीओ आईसीडीएस राजेश कुमार, डीपीआरओ घनश्याम सागर, बीएसए अनूप कुमार तिवारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रेखा गुप्ता, बीडीओ हर्रैया सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से चौपाल में उपस्थित लोगों को बताया कि जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आम जनमानस को पात्रता के आधार पर चयनित कर संतृप्त किया जा रहा है। संचालित विभागीय योजनाओं में संस्थागत सुरक्षित प्रसव, नियमित टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड चिकित्सा, दवाएं, पात्र गृहस्थी कार्ड, पीएम सूर्य घर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, जीरामजी रोजगार, श्रम, उद्यम, हस्तकौशल विकास, कृषि, बागवानी, शिक्षा सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन डीसी मनरेगा संजय शर्मा ने किया।

# श्रीराम कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**● मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के आदर्शों पर चलने का दिया संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी, शुकुल बाजार।** क्षेत्र के पूरे बडगाइन गांव में आयोजित नव दिवसीय श्रीराम कथा के सातवें दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर अमेठी जनपद सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर श्रीराम कथा का रसपान कर रहे हैं। कथा पंडाल में दिनभर भगवान श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे और भक्तजन भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए। प्रसिद्ध कथा व्यास विपुल जी महाराज ने व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र, आदर्शों, त्याग, सत्यनिष्ठा और धर्मपालन की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन मानव समाज के लिए आदर्श है। उनके बताए मार्ग पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन को सफल, सुखी और संस्कारित बना सकता है। उन्होंने पारिवारिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और धर्म के महत्व पर भी प्रकाश डाला।कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा श्रवण किया और भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कथा स्थल पर भक्तों की भारी भीड़ के कारण पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष पंडित राम उंजेरे शुक्ला, ठेकेदार वीर सिंह, पत्रकार दिनेश तिवारी, शिक्षक सुधीर शुक्ला, ज्योतिषाचार्य रामजी तिवारी उर्फ भूटाली, संजय कौशल, शुभम कसौधन सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।कथा के उपरांत व्यास जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए समाज में प्रेम, सद्भाव और धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने भी कथा आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक जागरण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।आयोजन को सफल बनाने में आयोजक मंडल के सदस्य विवेक शुक्ला,प्रशांत शुक्ला, अरुण शंकर शुक्ला एवं कुमुद शुक्ला सहित समस्त सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल एवं प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे दूर-दराज से आए भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। श्रीराम कथा के आगामी दिनों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक और आध्यात्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### सैकड़ों वर्ष पुरानी बड़ा हनुमान मंदिर की प्रतिमा गिरी, नई प्रतिमा होगी स्थापित



**बिसवां (सीतापुर)।** नगर के महमूदाबाद रोड स्थित प्राचीन बड़ा हनुमान मंदिर में स्थापित सैकड़ों वर्ष पुरानी हनुमान प्रतिमा शुक्रवार को अचानक गिर गई। घटना की जानकारी सुबह होते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष वीरेश मिश्रा ने बताया कि यह प्रतिमा गोबर, मिट्टी, चूना और शहद जैसी पारंपरिक सामग्रियों से दीवार पर निर्मित की गई थी तथा इसे सैकड़ों वर्ष पुराना माना जाता है। उन्होंने बताया कि समय के प्रभाव से प्रतिमा गिर गई है और अब मंदिर में विधि-विधान के साथ नई हनुमान प्रतिमा स्थापित की जाएगी। एहतियात के तौर पर स्थानीय प्रशासन ने मंदिर को फिलहाल कुछ समय के लिए बंद कर दिया है। घटना के बाद नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

### उत्तर प्रदेश खनन विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, 14 अधिकारियों का तबादला




**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने भूतत्व एवं खनिकर्म के एक सहायक भूवैज्ञानिक, एक रसायन अधिकारी, एक क्षेत्रीय प्रवर्तन अधिकारी और 11 जिला खान अधिकारियों का तबादला कर दिया है। खनन बहुल सहारनपुर, चित्रकूट, फतेहपुर के खनिज अधिकारी भी बदल दिये गये हैं। जिला खान निरीक्षक नरेश कुमार को संत कबीर नगर से फतेहपुर भेजा गया है। शिव दयाल सिंह को मैनपुरी से सुलतानपुर भेजा गया है। विपेंद्र कुमार राजभर को फतेहपुर से श्रावस्ती, मन्टू कुमार सिंह को चित्रकूट से मैनपुरी, सुभाष सिंह को पीलीभीत से मथुरा, विवेक कुमार को श्रावस्ती से चित्रकूट, अक्षय कुमार को मथुरा से संतकबीरनगर, प्रांजुल सिंह को उन्नाव से पीलीभीत, गोपाल कृष्ण दत्ता को मुख्यालय लखनऊ से ललितपुर, अनंत कुमार को कानपुर देहात से सहारनपुर और सुभाष सिंह को सहारनपुर से कानपुर देहात भेजा गया है। इसी तरह सहायक भू वैज्ञानिक सोमेन्द्र तिवारी को मुख्यालय लखनऊ से फतेहपुर का प्रभारी बनाकर भेजा गया है। सहायक रसायन अधिकारी डॉ. सुशील कुमार को बिजनौर का खान अधिकारी बनाया गया है। क्षेत्रीय प्रवर्तन अधिकारी अनन्त कुमार सिंह को क्षेत्रीय प्रवर्तन अधिकारी अयोध्या के साथ बाराबंकी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### लखनऊ और नोएडा के बीच 15 जून से शुरू होगी पहली कमर्शियल फ्लाइट, सफर करेंगे 75 बिजनेसमैन; सारी टिकट बुक



**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ औद्योगिक नगरी नोएडा से 15 जून को सीधी विमान सेवा से जुड़ जाएगी। लखनऊ से नोएडा के लिए 15 जून से विमान सेवा शुरू हो रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए संचालित होने वाली पहली कमर्शियल विमान सेवा में नोएडा के 75 प्रमुख कारोबारी 15 जून को लखनऊ से उड़ान भरेंगे। यह परिवार रविवार को लखनऊ पहुंचेगा। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को उत्तर भारत के सबसे बड़े आर्थिक इंजन के रूप में देखा जा रहा है, जो आने वाले वर्षों में निवेश, रोजगार, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और रियल एस्टेट क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन 75 कारोबारी परिवारों में रियल एस्टेट, मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, शिक्षा, हॉस्पिटैलिटी और सेवा क्षेत्र से जुड़े प्रमुख उद्योगपति शामिल हैं। इनका योगदान नोएडा और आसपास के क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण माना जाता है। एयरपोर्ट शुरू होने के बाद ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी), उद्योगों और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों की रुचि इस क्षेत्र में और बढ़ेगी। इससे निवेश, रोजगार, पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और रियल एस्टेट सेक्टर को नई गति मिलेगी।

**सारी टिकट बुक** इंडिगो एयरलाइन के विमान 6ई-2278 प्रतिदिन सुबह 7:05 बजे लखनऊ से रवाना होकर 8:05 बजे नोएडा पहुंचेगी। नोएडा एयरपोर्ट का कोड डीएक्सएन होगा। इस विमान की 15 जून की सभी सीटें फुल हो गई हैं।

## भारत सरकार व राज्य सरकार की संयुक्त टीम ने किया स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सराहना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवां (सीतापुर)।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार की संयुक्त निरीक्षण टीम ने शुक्रवार को क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मड़िया सेमरी तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवथाना का विस्तृत निरीक्षण कर वहां संचालित स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण दल में डॉ. अनुराधा जैन, पंकज शाह (कंसल्टेंट), राम नरेश आजाद (डीजीएम कम्युनिटी प्रोसेस), अनूप श्रीवास्तव (रीजनल मैनेजर), ज्ञान प्रकाश सहित जिले से डीसीपीएम रिजवान, टीएसयू की श्वेता एवं बीसीपीएम विमल त्रिपाठी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं, अभिलेखों तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के संचालन का बारीकी से अवलोकन किया। टीम ने चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ), एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं, स्टाफ नर्सों, लैब टेक्नीशियनों, फार्मासिस्टों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों से संवाद कर सेवाओं के संचालन और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण कार्यक्रम, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, लैब सेवाओं, औषधि वितरण व्यवस्था तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। टीम ने लाभार्थियों से भी बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

संयुक्त टीम ने स्वास्थ्य संस्थानों में संचालित सेवाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए अधीक्षक डॉ. अमित कपूर एवं समस्त स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इससे पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, ओपीडी, इमरजेंसी, प्रयोगशाला, एक्स-रे इकाई, जेएसवाई वार्ड एवं प्रसव कक्ष का भ्रमण कर मरीजों तथा उनके तीमारदारों से बातचीत की। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अस्पताल में उपलब्ध लैब, एक्स-रे, आपातकालीन चिकित्सा एवं प्रसव सेवाओं की प्रशंसा करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की संयुक्त टीम तथा मुख्य चिकित्साधिकारी ने स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध व्यवस्थाओं और स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर होगा इस बार का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की होगी कोशिश


**लखनऊ।** बढ़ती उम्र में स्वस्थ और सक्रिय जीवन के लिए योग को प्रभावी माध्यम बताते हुए इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योग फॉर हेल्दी एजिंग' (स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग) निर्धारित है। 21 जून को योग दिवस है। जिससे पहले 14 जून को राज्य में ऑनलाइन योग कराया जाएगा। इसमें भागीदारी के लिये टोल फ्री नम्बर-1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल से पंजीकरण कराया जा सकता है। सरकार इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में दर्ज कराने का प्रयास करेगी। फिर 15 से 21 जून तक चलेगी योग सप्ताह। इसमें जिला मुख्यालयों, तहसीलों, ब्लॉकों एवं ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन सुबह सामूहिक योगाभ्यास होंगे। आयोजन में पर्यावरण के अनुकूल (इको-फ्रेंडली) सामग्री काएआ उपयोग होगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुये शुक्रवार को मुख्य सचिव एसपी गोयल ने कहा कि योग को जन-आंदोलन बनाने के लिये प्रत्येक आयु वर्ग के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाये। इस बार चिकित्सालयों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, पुलिस स्टेशनों, बस स्टेशनों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर योग दिवस का प्रचार किया जायेगा।

### लखनऊः दुष्कर्म और धोखाधड़ी का आरोपित इलाज के दौरान चकमा देकर फरार, दो सिपाहियों पर मुकदमा

● दुष्कर्म और धोखाधड़ी का आरोपी बंदी केजीएमयू से फरार।

● इलाज के दौरान अस्पताल से भागा हैदर अली।

● दो सुरक्षाकर्मियों पर लापरवाही का मुकदमा दर्ज। तक कागजों में विकास, बिना कार्य निकाले जा रहे लाखों रुपये




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजनी नगर थाने से बीते वर्ष सात जनवरी को धोखाधड़ी, दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में जेल भेजा गया बंदी इलाज के दौरान शुक्रवार को किंग जार्ज मेडिकल कालेज (केजीएमयू) से फरार हो गया। जिला जेल के जेलर ने ओडिशा के बालासोर निवासी बंदी व सुरक्षा में तैनात दो सिपाहियों के खिलाफ चौक कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी ने तहरीर में बताया कि सरोजनी नगर पुलिस ने ओडिशा के बालासोर स्थित चांदीपुर गांव निवासी बंदी हैदर अली को सात जनवरी 2025 को धोखाधड़ी, प्रतिरूपण और शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म के आरोपित को जेल भेजा था। वह जिला कारागार में निरुद्ध था।

**जेल के चिकित्सालय में भर्ती कराया**

31 मई 2026 को उसे खून की उल्टी और अन्य समस्याएं होने पर जेल के चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार नहीं होने पर चार जून को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। बलरामपुर अस्पताल से उसे केजीएमयू रेफर कर दिया गया। शुक्रवार सुबह 11 बजे चेकिंग के दौरान बंदी रक्षक नागेश चंद्र सरोज ने बताया कि हैदर का कुछ पता नहीं चल रहा है। काफी तलाशने पर भी वह नहीं मिला। उसकी निगरानी हेतु तैनात हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार और धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ चौक कोतवाली में लापरवाही का मुकदमा दर्ज हुआ है। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर बंदी की तलाश में टीम गठित की गई है।

## 'हाईस्कूल पास न होने पर सही मानी जाएगी सर्विस बुक में दर्ज डेट ऑफ बर्थ'; इलाहाबाद ॥ष्ट का अहम फैसला

● सेवा पुस्तिका में दर्ज जन्मतिथि ही मान्य होगी।

हाईस्कूल पास न होने पर यह नियम लागू।

कर्मचारी की जानकारी के बिना बदलाव अवैध।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि यदि किसी कर्मचारी ने सरकारी सेवा में प्रवेश के समय हाईस्कूल अथवा समकक्ष परीक्षा पास नहीं की थी, तो उसकी सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) में दर्ज जन्मतिथि सभी उद्देश्यों के लिए सही मानी जाएगी। न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने उत्तर प्रदेश भर्ती सेवा (जन्मतिथि निर्धारण) नियमावली, 1974 के नियम-2 का हवाला देते हुए कहा कि सेवा में नियुक्ति के समय दर्ज जन्मतिथि को ही सही माना जाएगा। बाद में उसमें बदलाव नहीं किया जा सकता। मामला हरदुआगंज थर्मल पावर प्लांट, अलीगढ़ में कार्यरत एक श्रमिक से जुड़ा था। उनकी नियुक्ति वर्ष 1988 में हुई थी। मेडिकल परीक्षण के आधार पर उनकी जन्मतिथि 19 अक्टूबर 1967 दर्ज की गई। इसके अनुसार उनकी सेवानिवृत्ति 31 अक्टूबर 2027 को होनी थी।

हालांकि बाद में एक जांच और ट्रांसफर सर्टिफिकेट के आधार पर उनकी जन्मतिथि 14 अप्रैल 1966 दर्ज कर दी गई। इसके आधार पर उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख बदलकर 30 अप्रैल 2026 कर दी गई। अदालत ने पाया कि वर्ष 1966 की जन्मतिथि बाद में व्हाइट इंक का उपयोग कर दर्ज की गई थी। इसके लिए जिस ट्रांसफर सर्टिफिकेट पर भरोसा किया गया। वह नियमों के तहत मान्य दस्तावेज नहीं था। कोर्ट ने यह भी कहा कि कर्मचारी को बिना सुने और उसकी जानकारी के पीछे इस तरह का निर्णय नहीं लिया जा सकता। इन परिस्थितियों में कोर्ट ने कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तारीख बदलने संबंधी आदेशों को रद करते हुए कहा कि सेवा पुस्तिका में मूलरूप से दर्ज जन्मतिथि ही मान्य होगी।

### यूपी में बिजली व्यवस्था में प्रशासनिक मतभेद पर अजय राय ने जताई चिंता

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने बिजली विभाग में प्रशासनिक मतभेद और नियामक संस्थाओं को निष्प्रभावी किए जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से बिजली व्यवस्था में सुधार, ऊर्जा मंत्री और अधिकारियों के बीच मतभेद को समाप्त करने के लिए हस्तक्षेप की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी लिखा है कि ऊर्जा मंत्री स्वयं पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन पर आरोप लगा रहे हैं कि अधिकारी उन्हें बताए बिना फैसले ले रहे हैं।

**प्रशासनिक मतभेद नहीं बल्कि सरकार की गंभीर विफलताः अजय राय**

ऊर्जा मंत्री और पावर कॉरपोरेशन के बीच टकराव का खामियाजा प्रदेश की जनता झेल रही है। उन्होंने कहा है कि यह सामान्य प्रशासनिक मतभेद नहीं बल्कि सरकार की गंभीर विफलता है। उन्होंने सवाल उठाया है कि यदि ऊर्जा मंत्री के आरोप सही हैं, तो मुख्यमंत्री द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई? यदि आरोप गलत हैं को ऊर्जा मंत्री के विरुद्ध मुख्यमंत्री कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विधिक जागरूकता अभियान आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर माननीय जिला जज/अध्यक्ष आशीष जैन जी के आदेशानुसार एवं माननीय श्री आलोक यादव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) सीतापुर के मार्गदर्शनमें बाल श्रम उन्मूलन एवं शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु विधिक जन-जागरूकता कार्यक्रम रामनगर सचिवालय मे आयोजित किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को बाल श्रम जैसी कुप्रथा के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रेरित करना रहा।पी एल वी रहमत अंसारी ने बताया कि बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, बाल अधिकारों एवं बच्चों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी प्रकार के व्यवसाय या कार्य में मजदूरी कराना कानूनी रूप से पूर्णतः प्रतिबंधित है। बच्चे स्कूल के बाद या छुट्टियों में अपने परिवार के ऐसे व्यवसाय में मदद कर सकते हैं जो खतरनाक न हो।14 से 18 वर्ष तक के किशोरों को किसी भी खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में काम करने की अनुमति नहीं है।बाल श्रम अब एक संज्ञेय अपराध है। नियम तोड़ने वाले नियोक्ताओं (काम पर रखने वालों) को 6 महीने से 2 साल तक की जेल या ?20,000 से ?50,000 तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।यदि कोई व्यक्ति या नियोक्ता दूसरी बार इस अपराध का दोषी पाया जाता है, तो उसे 1 साल से 3 साल तक की जेल की सजा हो सकती है, साथ ही आमजन से अपील किया कि यदि कहीं भी बाल श्रम होता दिखाई दे तो इसकी सूचना विभागों एवं हेल्पलाइन नंबरों जैसे - 1098, 112,15100 पर अवश्य दें। कार्यक्रम में अधिकार मित्र श्रीमती उर्मिला ने उपस्थित नागरिकों से बाल श्रम के विरुद्ध अभियान में सहयोग देने तथा बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिये शपथ दिलायी।बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं




समग्र विकास के अधिकारों का हनन है। बच्चों को श्रम में लगाने के बजाय विद्यालय भेजना प्रत्येक अभिभावक एवं नागरिक की नैतिक तथा सामाजिक जिम्मेदारी है। शिक्षित बच्चे ही देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं और बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति सदस्य संजय शुक्ला, लेबर ऑफिसर श्री एल डी पाल, ग्राम प्रधान सहित विभिन्न गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय के लोगों ने सहभागिता कर बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## यूपी में अब बिजली उपभोक्ताओं को सिक्योरिटी पर मिलेगा 6.50% ब्याज, 3.73 करोड़ ग्राहकों का 300 करोड़ बन रहा इंटरेस्ट

**लखनऊ।** बिजली कंपनियों द्वारा जून में बिजली बिल के साथ वसूले जा रहे 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार शुल्क के विरोध के बीच उपभोक्ताओं को उनकी जमा सिक्योरिटी धनराशि पर 6.50 प्रतिशत की दर से ब्याज देने का निर्णय किया गया है। जिन उपभोक्ताओं के जून में अदा किए बिल में ब्याज की धनराशि समायोजित नहीं हो सकेगी उन्हें जुलाई में इसका फायदा दिया जाएगा। 3.73 करोड़ उपभोक्ताओं को लगभग 300 करोड़ रुपये ब्याज का मिलने का अनुमान है। दरअसल, विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 47 तथा विद्युत वितरण संहिता-2005 की धारा 4.20 के तहत जमा सिक्योरिटी धनराशि पर उपभोक्ताओं को प्रति वर्ष एक अप्रैल को लागू बैंक दर से ब्याज पाने का वैधानिक अधिकार है।

**2025 में 6.50 प्रतिशत थी बैंक ब्याज दर**

एक अप्रैल 2025 को बैंक ब्याज दर 6.50 प्रतिशत थी। उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरिटी धनराशि पर बन रहे ब्याज का समायोजन बिजली कंपनियों के बिलिंग साफ्टवेयर के माध्यम से किया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की औसत जमा सिक्योरिटी



लगभग 4,616 करोड़ रुपये थी। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा का कहना है कि उपभोक्ता अपने बिजली बिलों का मिलान कर लें। यदि किसी उपभोक्ता को सिक्योरिटी धनराशि पर देय ब्याज का लाभ नहीं मिल रहा है तो संबंधित वितरण कंपनी के अधिकारियों के संज्ञान में लाएं।

### यूपी में गोरखपुर समेत 6 एयरपोर्ट के विस्तार में आई तेजी, पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बूस्ट

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने हवाई संपर्क को मजबूत बनाने की दिशा में एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार को गति दी है। गोरखपुर, आगरा, कानपुर, अलीगढ़, मुरादाबाद और श्रावस्ती एयरपोर्ट विस्तार से जुड़ी परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। सरकार का मानना है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क मजबूत होगा और पर्यटन, निवेश व रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। गोरखपुर एयरपोर्ट पर उड़ानों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नए सिविल टर्मिनल के विकास का कार्य तेज किया गया है। इसके लिए भारतीय वायुसेना की 42.14 एकड़ भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। परियोजना से संबंधित परिसंपत्तियों के विस्थापन का कार्य लगभग पूरा हो गया है।

**अलीगढ़ एयरपोर्ट के विस्तार के लिए 275.74 हेक्टेयर जमीन का होगा अधिग्रहण**

वर्तमान में यहां से औसतन 12 उड़ानों का संचालन हो रहा है। आगरा एयरपोर्ट पर नए सिविल टर्मिनल का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। यहां लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

## 'Prospect of Power Scenario in Uttar Pradesh: Present and Vision 2047' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा दिनांक 12 जून 2026 को इंजीनियर्स भवन, रिवर बैंक कॉलोनी, लखनऊ में 'Prospect of Power Scenario in Uttar PradeshÑ Present and Vision 2047' विषय पर एक महत्वपूर्ण एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उत्तर प्रदेश की वर्तमान विद्युत स्थिति, भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं तथा वर्ष 2047 तक के संभावित विद्युत परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा की गई। संगोष्ठी के प्रारम्भ में प्रस्तुत आंकड़ों में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत की प्रति व्यक्ति विद्युत खपत 1327 यूनिट (kWh) रही, जबकि उत्तर प्रदेश में यह मात्र 723 यूनिट प्रति व्यक्ति थी, जो राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। वर्तमान में प्रदेश की अधिकतम विद्युत मांग लगभग 33,000 मेगावाट है, जबकि वर्ष 2047 तक इसके बढ़कर लगभग 1,56,000 मेगावाट तक पहुँचने का अनुमान है। विशेषज्ञों ने कहा कि उत्तर प्रदेश को विकसित एवं आत्मनिर्भर राज्य बनाने के लिए विद्युत क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार की आवश्यकता होगी। वर्ष 2047 के परिदृश्य पर चर्चा करते हुए बताया गया कि आने वाले वर्षों में औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रिक वाहन, मेट्रो रेल परियोजनाएँ, स्मार्ट सिटी, आधुनिक कृषि प्रणाली तथा डिजिटल अर्थव्यवस्था के विस्तार के कारण विद्युत मांग में कई गुना वृद्धि होगी। इस बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, ऊर्जा भंडारण प्रणाली, स्मार्ट ग्रिड, स्मार्ट मीटरिंग तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित ऊर्जा प्रबंधन प्रणालियों का व्यापक उपयोग करना होगा। विशेषज्ञों ने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश प्रति व्यक्ति विद्युत खपत, ऊर्जा दक्षता तथा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में स्थान प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में इं. वी. बी. सिंह, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष (IP President) भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्युत किसी भी राज्य के विकास की आधारशिला है तथा उत्तर प्रदेश ने विद्युत क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने वर्ष 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा दक्षता एवं आधुनिक विद्युत अवसंरचना के विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही अभियंताओं, शिक्षाविदों एवं उद्योग जगत से नवाचार और नई तकनीकों को अपनाकर सतत एवं पर्यावरण-अनुकूल ऊर्जा व्यवस्था के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इं. आशुतोष दीक्षित, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता, यूपीपीटीसीएल, लखनऊ ने अपने संबोधन में कहा कि भविष्य की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए प्रदेश के पारेषण एवं वितरण नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़, विश्वसनीय तथा तकनीकी रूप से सक्षम बनाना होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विद्युत मांग में होने वाली उल्लेखनीय वृद्धि को ध्यान में रखते हुए ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन अवसंरचना का समयबद्ध विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्युत हानियों को कम करने, आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत उपलब्ध कराने के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा भंडारण प्रणाली (Energy Storage Systems), डिजिटल विद्युत प्रबंधन, रियल टाइम मॉनिटरिंग तथा स्मार्ट मीटरिंग जैसी उन्नत तकनीकों की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के बढ़ते समावेशन के साथ विद्युत नेटवर्क को अधिक लचीला एवं बुद्धिमान बनाना होगा ताकि मांग और आपूर्ति के बीच बेहतर संतुलन स्थापित किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए तकनीकी नवाचार, कुशल मानव संसाधन तथा दीर्घकालिक योजना अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। कार्यक्रम के वक्ता डॉ. अवधेश कुमार गुप्ता, निदेशक (भूमि एवं परिसंपत्ति), स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ने 'नए पावर प्लांट के लिए प्रदूषण से जुड़ी चुनौतियां

' विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश में विद्युत मांग में होने वाली तीव्र वृद्धि को देखते हुए नई विद्युत परियोजनाओं की स्थापना अपरिहार्य होगी, किन्तु इसके साथ पर्यावरणीय चुनौतियाँ भी बढ़ेंगी। उन्होंने तापीय विद्युत संयंत्रों से होने वाले वायु प्रदूषण, कार्बन उत्सर्जन, फ्लाई ऐश प्रबंधन, जल उपयोग तथा पर्यावरणीय स्वीकृतियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. गुप्ता ने कहा कि भविष्य के विद्युत संयंत्रों को पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों, उच्च दक्षता वाली प्रणालियों तथा कठोर प्रदूषण नियंत्रण मानकों के अनुरूप विकसित करना होगा। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा, कार्बन उत्सर्जन में कमी, फ्ल्यू गैस डीसल्फराइजेशन (एफजीडी), कार्बन कैप्चर तकनीक तथा नवीकरणीय ऊर्जा के अधिकाधिक उपयोग पर बल देते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के मध्य संतुलन स्थापित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा आधारित विद्युत उत्पादन को प्राथमिकता देनी होगी। विशेष वक्ता इं. राकेश गोयल, फ्रीलांस कंसल्टेंट ने 'उत्तर प्रदेश में सत्ता की संभावनाओं का परिदृश्यः वर्तमान और भविष्य की दृष्टि' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की तीव्र आर्थिक प्रगति, औद्योगिकीकरण, शहरीकरण तथा बढ़ती जनसंख्या के कारण आगामी वर्षों में विद्युत मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। ऐसी स्थिति में ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विद्युत उत्पादन क्षमता में निरंतर वृद्धि, ईंधन स्रोतों की उपलब्धता तथा आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विशेष ध्यान देना आवश्यक होगा। उन्होंने ऊर्जा क्षेत्र के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियों जैसे ईंधन आपूर्ति, पर्यावरणीय मानकों का अनुपालन, बढ़ती ऊर्जा मांग तथा नवीकरणीय ऊर्जा के ग्रिड एकीकरण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सौर एवं अन्य स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के अधिकतम उपयोग, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के विकास तथा उत्पादन, पारेषण एवं वितरण क्षेत्र में तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 के विजन को साकार करने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक




योजना, निवेश तथा सतत विकास आधारित दृष्टिकोण अपनाना अत्यंत आवश्यक है। द्वितीय वक्ता इं. जी.एम. पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष (प्रोजेक्ट्स), एनकोटेक इंडस्ट्रीज ने 'विज़न के लिए बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास और औद्योगिक ऊर्जा की ज़रूरतें 2047' विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों, निवेश परियोजनाओं, एक्सप्रेसवे कॉरिडोर, डेटा सेंटर, स्मार्ट सिटी एवं शहरी विकास योजनाओं को देखते हुए विद्युत अवसंरचना का व्यापक विस्तार एवं आधुनिकीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक राज्य की विद्युत मांग में कई गुना वृद्धि होने की संभावना है, जिसके लिए उत्पादन, पारेषण एवं वितरण प्रणाली को वर्तमान आवश्यकताओं से कहीं अधिक सक्षम बनाना होगा। उन्होंने उच्च क्षमता वाली ट्रांसमिशन लाइनों, आधुनिक उपकेंद्रों, स्मार्ट ग्रिड प्रणाली, ऊर्जा भंडारण सुविधाओं तथा डिजिटल निगरानी तंत्र के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति किसी भी राज्य के औद्योगिक विकास की आधारशिला होती है तथा निवेश आकर्षित करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने यह भी कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के बढ़ते उपयोग को देखते हुए विद्युत नेटवर्क को अधिक लचीला, सक्षम एवं तकनीकी रूप से उन्नत बनाना समय की आवश्यकता है। अंत में उन्होंने वर्ष 2047 के विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक योजना, पर्याप्त निवेश तथा आधुनिक प्रौद्योगिकियों के प्रभावी उपयोग पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता इं. वी. पी. सिंह, अध्यक्ष, आई.ई.आई. उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के आर्थिक एवं औद्योगिक विकास का आधार एक मजबूत एवं विश्वसनीय विद्युत व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 के विजन को साकार करने के लिए सरकार, उद्योग, शिक्षण संस्थानों एवं अभियंताओं को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम के संयोजक इं. जी.एम. पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य वक्ताओं एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योगदान का परिचय कराया तथा संगोष्ठी विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में संस्था के मानद सचिव इं. एन. के. निषाद ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, अभियंताओं, शिक्षाविदों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# क्यों पहाड़ों पर ही रह जाते हैं पर्वतारोहियों के शव?




माउंट एवरेस्ट, जो कि संसार की सबसे ऊंची पर्वत चोटी है, सदियों से इंसानी साहस और महत्वाकांक्षा का प्रतीक रही है। समुद्र तल से 8848 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस बर्फीले शिखर को छूने का सपना दुनिया भर के अनगिनत साहसी पर्वतारोही देखते हैं। लेकिन इस खूबसूरत चोटी के पीछे एक अत्यंत डरावना और कड़वा सच भी छिपा हुआ है। इस पर्वत पर विजय पाने की कोशिश में अब तक सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, और उनमें से 200 से अधिक पर्वतारोहियों के मृत शरीर आज भी उसी बर्फीली ऊंचाई पर पड़े हुए हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि आधुनिक विज्ञान और उन्नत तकनीक के इस युग में भी उन शवों को नीचे लाकर उनके परिवारों को सौंपना संभव नहीं हो पाया है। इसके पीछे प्रकृति की अत्यंत क्रूर परिस्थितियां, इंसानी शरीर की जैविक सीमाएं और विज्ञान के कुछ अकाट्य नियम काम कर रहे हैं जो इंसानी ताकत को घुटने टेकने पर मजबूर कर देते हैं।

एवरेस्ट की चढ़ाई के दौरान सबसे भयानक चुनौती उस समय शुरू होती है जब कोई पर्वतारोही 8000 मीटर की ऊंचाई की अदृश्य सीमा को पार करता है। पर्वतारोहण की दुनिया में इस ऊंचाई से ऊपर के पूरे क्षेत्र को मृत्यु क्षेत्र के नाम से जाना जाता है क्योंकि यहां की परिस्थितियां जीवन के अनुकूल नहीं हैं। इस ऊंचे क्षेत्र में वायुमंडलीय दबाव इतना कम हो जाता है कि हवा में जीवनदायिनी ऑक्सीजन की मात्रा समुद्र तल के मुकाबले केवल 33 प्रतिशत रह जाती है। इतनी कम ऑक्सीजन में मानव शरीर की कोशिकाएं धीरे-धीरे मरने लगती हैं और मस्तिष्क तथा फेफड़ों में पानी भरने का जानलेवा खतरा बढ़ जाता है। इस स्थान पर खड़े रहकर सांस लेना भी अपने आप में एक महायुद्ध लड़ने जैसा होता है और कृत्रिम ऑक्सीजन के बिना यहाँ कुछ घंटे भी जीवित रहना असंभव है। ऐसी स्थिति में पर्वतारोहियों का पूरा ध्यान और ऊर्जा केवल अपने आप को जीवित रखने पर केंद्रित होती है। जब इस ऊंचाई पर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो उसके साथी या मार्गदर्शक चाहकर भी उसके शरीर को हिलाने या साथ ले जाने की स्थिति में नहीं होते हैं, क्योंकि वहां दूसरों की मदद करने का प्रयास करना सीधे तौर पर अपनी मौत को आमंत्रण देने जैसा होता है।

इस बर्फीले साम्राज्य में मौत के बाद मानव शरीर की जो भौतिक स्थिति बनती है, वह शवों को नीचे न ला पाने का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। एवरेस्ट के ऊपरी हिस्सों में तापमान अक्सर शून्य से 30 डिग्री से लेकर शून्य से 40 डिग्री सेल्सियस नीचे तक चला जाता है। इस अत्यधिक ठंड के कारण मृत्यु के तुरंत बाद मानव शरीर के भीतर का सारा तरल पदार्थ जम जाता है और शरीर पूरी तरह से पत्थर की तरह सख्त हो जाता है। इसके अलावा पर्वतारोहियों के विशेष भारी कपड़े, जूते और अन्य उपकरण भी आसपास की बर्फ और नमी को सोखकर शरीर के साथ ही पूरी तरह से जम जाते हैं। इस प्राकृतिक शीतलन प्रक्रिया के कारण एक सामान्य मानव शरीर का वजन जीवित अवस्था के मुकाबले बढ़कर 100 किलोग्राम से लेकर 150 किलोग्राम तक हो जाता है। इतनी तीव्र ढलान वाली, फिसलन भरी और खतरनाक बर्फीली चट्टानों पर 150 किलोग्राम के एक भारी पत्थर जैसे सख्त शव को खींचना या उठाना पूरी तरह से नामुमकिन कार्य बन जाता है। बर्फ के साथ जुड़ जाने के कारण ये शव पर्वतीय सतह का ही एक हिस्सा बन जाते हैं, जिन्हें वहां से अलग करने के लिए कुल्हाड़ियों से बर्फ को काटना पड़ता है।

एक मृत शरीर को इतनी ऊंचाई और विकट परिस्थितियों से नीचे सुरक्षित लाने के लिए कम से कम 6 से लेकर 10 अत्यंत कुशल, शारीरिक रूप से सुदृढ़ और स्थानीय पहाड़ी गाइडों की आवश्यकता होती है, जिन्हें शेरपा कहा जाता है। जब ये शेरपा मृत्यु क्षेत्र में इतने भारी वजन को उठाने या खींचने का प्रयास करते हैं, तो उनके अपने शरीर की ऊर्जा और कृत्रिम ऑक्सीजन बहुत तेजी से समाप्त होने लगती है। भारी वजन के साथ खड़ी बर्फ पर संतुलन बनाना बेहद कठिन होता है और पैर फिसलने की एक छोटी सी चूक पूरे बचाव दल को हजारों फीट गहरी खाई में गिरा सकती है। पर्वतारोहण के इतिहास में ऐसे कई दुखद उदाहरण दर्ज हैं जहाँ दूसरों के शवों को बचाने या नीचे लाने के प्रयास में रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने खुद अपनी अमूल्य जान गंवा दी। इसी वजह से पर्वतारोहण समुदायों में यह कठोर नियम सर्वमान्य माना जाता है कि जीवित लोगों की सुरक्षा हमेशा सर्वोपरि रहेगी और किसी मृत शरीर को वापस लाने के लिए जीवित इंसानों की जान को खतरे में नहीं डाला जा सकता है।

भौगोलिक और शारीरिक चुनौतियों के अलावा, एवरेस्ट से किसी शव को नीचे लाने का अभियान आर्थिक रूप से भी एक बहुत बड़ा वित्तीय बोझ होता है। इस तरह के विशेष और अत्यधिक खतरनाक बचाव कार्यों को आयोजित करने का खर्च 30000 अमेरिकी डॉलर से लेकर 100000 अमेरिकी डॉलर तक हो सकता है, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 25 लाख से लेकर 85 लाख रुपये या उससे भी अधिक बैठता है। इतनी भारी धनराशि खर्च करने के बाद भी इस बात की कोई न्यूनतम गारंटी नहीं होती कि शव को सुरक्षित नीचे लाया जा सकेगा। कई बार मौसम अचानक खराब हो जाता है, जिससे पूरा मिशन बीच में ही छोड़ना पड़ता है। इसके साथ ही, एवरेस्ट पर चढ़ने और उतरने के लिए पूरे वर्ष में केवल कुछ ही दिनों का समय मिलता है जिसे मौसम की अनुकूल खिड़की कहा जाता है। यह समय आमतौर पर मई के महीने में केवल कुछ दिनों के लिए आता है। इस बेहद संक्षिप्त समय सीमा में सैकड़ों पर्वतारोही शिखर पर पहुंचने की कतार में होते हैं, और ऐसे में किसी शव को खोजने और लाने के लिए पूरे मार्ग को अवरुद्ध करना या समय नष्ट करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं होता है।

इस बेहद दुखद स्थिति का एक और दार्शनिक और कड़वा पहलू यह है कि समय के साथ ये शव एवरेस्ट के रास्तों के स्थायी निशान या संकेतक बन गए हैं। पर्वत पर चढ़ने वाले नए पर्वतारोही इन शवों को देखकर अपने मार्ग, ऊंचाई और दूरी का अंदाजा लगाते हैं। उदाहरण के लिए, एक प्रसिद्ध शव जिसे हरे जूते वाले पर्वतारोही के नाम से जाना जाता है, वह एक भारतीय पर्वतारोही का माना जाता है, जो 1996 के एक भयानक बर्फीले तूफान में मारे गए थे। इसी तरह एक और शव है, जिसे लोग सोती हुई सुंदरी के नाम से जानते हैं। ये शव वहाँ आने वाले हर इंसान को प्रकृति की सर्वोच्चता और मानव जीवन की क्षणभंगुरता की लगातार याद दिलाते रहते हैं। कई परिवारों ने भी अंततः इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार कर लिया है और वे चाहते हैं कि उनके प्रियजनों का शव उसी पर्वत की गोद में हमेशा के लिए विश्राम करे। एवरेस्ट का यह डरावना सच हमें यह सिखाता है कि मानव विज्ञान और तकनीक चाहे कितनी भी प्रगति कर ले, लेकिन इस ब्रह्मांड में कुछ स्थान ऐसे हैं जहाँ केवल प्रकृति के क्रूर नियम चलते हैं और वहां इंसान की जिद की सीमाएं समाप्त हो जाती हैं। मौत के बाद भी नीचे न लाए जा सकने वाले ये शव एवरेस्ट के गौरव के साथ जुड़े उस अनंत सन्नाटे को बयां करते हैं जो इंसानी अहंकार को अपनी सीमाओं में रहने की चेतावनी देता रहता है।

**महेन्द्र तिवारी**

# पश्चिम एशिया में युद्ध के प्रभाव से निबटना भारतीयों की चुनौती

**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**



युद्ध कोई भी हो उसका नुकसान तो सभी को उठाना पड़ता है। पिछले कुछ महीनों से पश्चिम एशिया में फैली अंशाति का खामियाजा पूरे विश्व को उठाना पड़ रहा है। हम बात कर रहे हैं इजराइल और हमास के मध्य चल रहे युद्ध की जिसमें दुनियां के साथ साथ भारत की भी चिंता बढ़ती जा रही है। व्यापार टूट रहा है महंगाई बढ़ती जा रही है, इस पर कोई देश कंट्रोल नहीं कर पा रहा है। पश्चिम एशिया दशकों से अस्थिरता का केंद्र रहा है, लेकिन 2023 के बाद से इज़राइल-हमास, इज़राइल-हिज़बुल्लाह और इज़राइल-ईरान के बीच बढ़ा टकराव इस क्षेत्र को एक बड़े युद्ध की कगार पर ले आया है। भारत के लिए यह सिर्फ एक भौगोलिक दूरी की खबर नहीं है। पश्चिम एशिया भारत की ऊर्जा सुरक्षा, 90 लाख से ज्यादा प्रवासी भारतीयों की रोज़ी-रोटी और खाड़ी देशों से व्यापार का सीधा जुड़ाव रखता है। ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ रहा है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85% आयात करता है। इसमें से 50% से ज्यादा हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है - सऊदी अरब, यूएई, इराक, ईरान और कुवैत मुख्य आपूर्तिकर्ता हैं। जब भी होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ता है, तेल की कीमतें उछलती हैं। 2024-2025 में इज़राइल-ईरान मिसाइल हमलों के दौरान ब्रेंट क्रूड 90 पार कर गया था। भारत के लिए इसका मतलब है महंगा पेट्रोल-डीजल, बढ़ती महंगाई और चालू खाते के घाटे पर दबाव। एयर इंडिया, इंडिगो जैसी एयरलाइनों का खर्च बढ़ता है, जिसका असर हवाई किराए पर पड़ता है। इस अशांति से 90 लाख भारतीयों का भविष्य दांव पर लग गया है। सरकार बहुत कुछ सोच रही है लेकिन स्थिति उसके नियंत्रण से बाहर है।

यूएई, सऊदी अरब, कतर, कुवैत और ओमान में 90 लाख से ज्यादा भारतीय काम करते हैं। ये हर साल 35-40 बिलियन डॉलर की रेमिटेंस भारत भेजते हैं। युद्ध बढ़ने पर दो तरह का खतरा है। पहला, अगर खाड़ी देश युद्ध में खिंचे तो वहां नौकरियां घटेंगी और भारतीयों की वापसी शुरू होगी। 1990 में खाड़ी युद्ध के समय 1.5 लाख भारतीयों को एयरलिफ्ट करना पड़ा था। दूसरा, अगर ईरान-इज़राइल संघर्ष बढ़ा तो ईरान में 4000 और इज़राइल में 18,000 भारतीयों की सुरक्षा बड़ी चुनौती बनेगी। भारत ने ऑपरेशन अजय और ऑपरेशन अजेय के जरिए पहले भी नागरिकों को निकाला है, लेकिन बड़े पैमाने पर निकासी लॉजिस्टिक रूप से जटिल है। युद्ध के कारण व्यापार और निवेश की रफ्तार धीमी पड़ रही है। यूएई और सऊदी अरब भारत के टॉप 5 व्यापारिक साझेदार हैं। I22 और आईएमईसी कॉरिडोर जैसी परियोजनाएं पश्चिम एशिया को भारत से जोड़ने के लिए बनी थीं। लेकिन युद्ध के माहौल में निवेश रुक जाता है। लाल सागर में हूती हमलों के बाद शिपिंग बीमा महंगा हुआ और भारत-यूरोप व्यापार पर असर पड़ा। अगर सूएज नहर या होर्मुज बंद हुआ तो भारत का 80% विदेशी व्यापार प्रभावित होगा।

भारत की पश्चिम एशिया नीति हमेशा 'संतुलन' पर टिकी रही है। भारत इज़राइल से रक्षा और तकनीक लेता है, अरब देशों से तेल और निवेश, और ईरान से चाबहार पोर्ट के जरिए मध्य एशिया तक पहुंच चाहता है। वर्तमान युद्ध ने इस संतुलन को कठिन बना दिया है। एक तरफ चुनना पड़ा तो भारत के आर्थिक हित प्रभावित होंगे। इसलिए भारत ने यूएन में शांति की अपील की है, लेकिन सीधे किसी पक्ष का खुलकर समर्थन नहीं किया। ये तटस्थता कूटनीतिक तौर पर जरूरी है, लेकिन घरेलू राजनीति में इसकी आलोचना भी होती है। इस युद्ध का असर घरेलू राजनीति और सामाजिक स्तर पर भी पड़ रहा है। पश्चिम एशिया का युद्ध भारत में धार्मिक और राजनीतिक बहस को भी प्रभावित करता है। फिलिस्तीन और इज़राइल पर भारत के रुख को लेकर सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक ध्रुवीकरण दिखता है। इसके अलावा, अगर तेल 120 डॉलर पार गया तो भारत सरकार को सब्सिडी बढ़ानी पड़ेगी या महंगाई झेलनी पड़ेगी। दोनों ही स्थिति में आम आदमी की जेब पर असर पड़ता है। भारत सरकार इस मुद्दे पर चर्चा कर रही है कि भारत के पास क्या विकल्प हैं? रणनीतिक तेल भंडार : भारत ने पहले ही 5.33 मिलियन टन का भंडार बना रखा है, जो 9-10 दिन चल सकता है। इसे बढ़ाने की जरूरत है। वैकल्पिक स्रोत : रूस, अमेरिका और अफ्रीका से तेल आयात बढ़ाकर पश्चिम एशिया पर निर्भरता कम करना। निकासी योजनाः खाड़ी देशों में भारतीय दूतावासों को हाई अलर्ट पर रखना और नौसेना की तत्परता बढ़ाना।

कूटनीतिक सक्रियताः भारत जी20 और बीआरआईसी के मंच पर युद्ध रोकने के लिए आवाज उठा सकता है।

पश्चिम एशिया में युद्ध भारत के लिए दूर का युद्ध नहीं है। ये हमारे रसोई गैस के दाम, खाड़ी में काम करने वाले भाई-बहन की नौकरी और रुपये की कीमत से जुड़ा है। भारत की ताकत ये है कि वो अब भी अरब देशों, इज़राइल और ईरान तीनों से बात कर सकता है। लेकिन अगर युद्ध लंबा खिंचा तो इस संतुलन को बचाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। आम भारतीय के लिए इसका मतलब है अगले 6-12 महीने महंगाई और अनिश्चितता के साथ जीना।

# परमाणु शक्ति संपन्न भारत में कब होगी बालिका शिक्षा शत-प्रतिशत

'यदि आप एक पुरुष को शिक्षित करते हैं तो एक व्यक्ति शिक्षित होता है, लेकिन यदि आप एक स्त्री को शिक्षित करते हैं तो पूरा परिवार शिक्षित होता है।' महात्मा ज्योतिराव फुले।

भारत विश्व की सबसे प्राचीन ज्ञान परंपराओं वाला देश रहा है। तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला और वल्लभी जैसे विश्वविद्यालयों ने विश्व को शिक्षा का प्रकाश दिया। वैदिक काल में शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्ति के बौद्धिक, नैतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक विकास को सुनिश्चित करना था। गार्गी, मैत्रेयी और लोपामुद्रा जैसी विदुषी महिलाओं ने सिद्ध किया था कि भारतीय संस्कृति में नारी शिक्षा का गौरवशाली इतिहास रहा है। किंतु मध्यकालीन सामाजिक रूढ़ियों और औपनिवेशिक शासन के प्रभाव से बालिका शिक्षा पिछड़ती चली गई। 1835 में लॉर्ड मैकाले ने अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली लागू की। इसका उद्देश्य भारतीय समाज में ऐसे कर्मचारियों का वर्ग तैयार करना था जो अंग्रेजी शासन के प्रशासनिक कार्यों को संचालित कर सके। आधुनिक विज्ञान और अंग्रेजी भाषा के प्रसार में इस शिक्षा प्रणाली का योगदान रहा, किंतु इसने भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिक शिक्षा और कौशल आधारित शिक्षण को काफी हद तक हाशिए पर पहुंचा दिया। उस समय महिलाओं की शिक्षा लगभग नगण्य थी। समाज में बाल विवाह, पर्दा प्रथा और लैंगिक असमानता जैसी कुरीतियां लड़कियों की शिक्षा में बड़ी बाधा थीं।

### समाज सुधारकों का योगदान

ऐसे कठिन समय में सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिराव फुले ने बालिका शिक्षा की अलख जगाई। 1848 में उन्होंने लड़कियों के लिए पहला आधुनिक विद्यालय प्रारंभ किया।

ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने महिला शिक्षा और सामाजिक सुधारों को नई दिशा दी। बाद में महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम माना।




डॉ. अंबेडकर का प्रसिद्ध संदेश 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो।' स्वतंत्र भारत में शिक्षा का विकास स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारत की साक्षरता दर लगभग 18 प्रतिशत थी। महिलाओं की साक्षरता तो 10 प्रतिशत से भी कम थी। संविधान निर्माताओं ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार माना। समय-समय पर कोठारी आयोग, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, 1986, सर्व शिक्षा अभियान, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 तथा नई शिक्षा नीति 2020 जैसे प्रयास किए गए। इन प्रयासों से शिक्षा का दायरा बढ़ा और लड़कियों की विद्यालयों तक पहुंच बेहतर हुई।.आज भारत की साक्षरता दर 77 प्रतिशत के आसपास पहुंच चुकी है, जबकि महिला साक्षरता दर 70 प्रतिशत से अधिक है। यह प्रगति उत्साहजनक है, किंतु अभी भी पुरुषों और महिलाओं की साक्षरता में अंतर बना हुआ है।

### विश्व के सर्वाधिक शिक्षित देशों से सीख

विश्व में फिनलैंड, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, जापान और नॉर्वे जैसे देशों की शिक्षा व्यवस्था विश्व में आदर्श मानी जाती है। फिनलैंड की शिक्षा व्यवस्था फिनलैंड में शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन कौशल विकसित करना है। वहां बच्चों पर अनावश्यक परीक्षा का दबाव नहीं होता। शिक्षकों को अत्यंत सम्मान और स्वायत्तता प्राप्त है। बालिका और बालक के बीच किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता। सिंगापुर ने शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे बड़ा साधन बनाया। वहां विज्ञान, गणित, तकनीक और कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष बल दिया जाता है। शिक्षा को उद्योगों और रोजगार से जोड़ा गया है। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों में अनुशासन, नैतिकता, समयबद्धता और तकनीकी दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। परिणामस्वरूप ये देश सीमित प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद आर्थिक महाशक्ति बन गए।

भारत में प्रतिभा की कोई कमी कभी भी नहीं रही है, किंतु शिक्षा व्यवस्था अभी भी परीक्षा-केंद्रित बनी हुई है। रटंत प्रणाली, विद्यालयों की असमान गुणवत्ता, शिक्षकों की कमी और ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों का अभाव आज भी चुनौतियां हैं।नई शिक्षा नीति 2020 ने इन समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसमें मातृभाषा आधारित शिक्षा, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षण और बहुविषयक अध्ययन पर बल दिया गया है। किंतु इसके वास्तविक लाभ तभी मिलेंगे जब इसका प्रभावी क्रियान्वयन हो। बालिका शिक्षा का सत प्रतिशत होना इसलिए भी आवश्यक है कि शिक्षित बेटी, समृद्ध परिवार

एक शिक्षित महिला अपने परिवार को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कार प्रदान करती है। वह अगली पीढ़ी की प्रथम शिक्षिका होती है।सामाजिक कुरीतियों का अंत भी।बाल विवाह, दहेज प्रथा, लैंगिक भेदभाव और घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं को समाप्त करने में शिक्षा सबसे प्रभावी साधन है। विश्व बैंक सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का मानना है कि महिलाओं की शिक्षा में निवेश किसी भी देश के आर्थिक विकास को तीव्र गति देता है। यदि भारत की प्रत्येक बेटी शिक्षित होगी तो देश की उत्पादकता और आर्थिक क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी।

शिक्षित महिलाएं स्वास्थ्य, पोषण और परिवार नियोजन के प्रति अधिक जागरूक होती हैं। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आती है। आज महिलाएं विज्ञान, अंतरिक्ष, प्रशासन, राजनीति, सेना और उद्यमिता के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। शिक्षा उन्हें नेतृत्व और नवाचार की शक्ति प्रदान करती है।
महापुरुषों की दृष्टि में नारी शिक्षा

स्वामी विवेकानंद ने कहा 'राष्ट्र की प्रगति का सबसे अच्छा मापदंड वहां की महिलाओं की स्थिति है। 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का मत था कि 'महिलाओं का सशक्तिकरण और शिक्षा किसी राष्ट्र के विकास का सबसे प्रभावी माध्यम है। 'पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था 'एक महिला को शिक्षित करना एक पीढ़ी को शिक्षित करना है। ' इक्कीसवीं सदी ज्ञान, विज्ञान और नवाचार की सदी है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब देश की प्रत्येक बेटी शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त बनेगी। शिक्षा केवल विद्यालय की चारदीवारी तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक चेतना, आर्थिक समृद्धि और राष्ट्रीय विकास का आधार है। मैकाले की शिक्षा प्रणाली से लेकर नई शिक्षा नीति तक भारत ने लंबी यात्रा तय की है, किंतु अभी मंजिल दूर है। यदि सरकार, समाज, परिवार और शैक्षणिक संस्थान मिलकर बालिका शिक्षा को शत-प्रतिशत अनिवार्य बनाने का संकल्प लें, तो भारत न केवल विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति बनेगा, बल्कि सबसे विकसित और ज्ञानवान राष्ट्रों की अग्रिम पंक्ति में भी खड़ा होगा। क्योंकि किसी राष्ट्र का भविष्य उसके विद्यालयों में नहीं, बल्कि उसकी शिक्षित बेटियों की आंखों में स्वप्न बनकर पलता है।

**संजीव ठाकुर**

# कविता

## शिक्षा का कवच।



शिक्षा का कवच।
कुछ देना ही तो आइये,
नन्हीं बालिकाओं को
स्वर्ण के गहने नहीं,
शिक्षा का कवच दें।
उनकी हथेलियों में
रोटी के साथ-साथ
कुछ अक्षर भी रख दें,
जो भूख से जुझतीं
उन्हें ज्ञान की कुंजी दें
अँधेरे बंद कमरों में
रोशन-दान बनती,
ज्ञान की रोशनी के लिए
बंद रास्तों पर
एक नया आकाश फैला देती,
उनकी आँखों में
सिर्फ़ स्वप्न ना रखें ,
उन तक पहुँचने के पंख भी दें।
उन्हें ज्ञान दें कि
अपने हिस्से की धूप
खुद चुन सकें।
किताबें जब उनके हांथों में होंगी,
तो सदियों के कई बोझ
आप उतर जाएँगे।
कलम उँगलियों से चलेंगीं
तक़दीर की कविता भी
लिखी जाएगी।
शिक्षित बालिका
अपना जीवन ही नहीं संवारती,
आने वाली पीढ़ियों के लिए
उजला दीप बन जाती।
आइये,
बेटी को शिक्षा का रक्षा-कवच दें,
ताकि वह
अपने सपनों, अपने अधिकारों
अपने अस्तित्व की रक्षा
स्वयं कर सके।

**संजीव ठाकुर**

## दैनिक राशिफल

**मेष** आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक मामलों में सावधानी रखें। परिवार का सहयोग मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल है। शुभ रंगः लाल 7 शुभ अंकः 9

**वृषभ** पुराने रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। निवेश सोच-समझकर करें।
शुभ रंगः सफेद 7 शुभ अंकः 6

**मिथुन** व्यापार में लाभ के संकेत हैं। मित्रों से मुलाकात हो सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन खान-पान पर ध्यान दें।
शुभ रंगः हरा 7 शुभ अंकः 5

**कर्क** पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में जल्दबाजी न करें। धन आगमन के नए स्रोत बन सकते हैं।
शुभ रंगः क्रीम 7 शुभ अंकः 2

**सिंह** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी और व्यवसाय में प्रगति के योग हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
शुभ रंगः सुनहरा 7 शुभ अंकः 1

**कन्या** कामकाज में व्यस्तता बनी रहेगी। किसी पुराने मित्र से शुभ समाचार मिल सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।
शुभ रंगः हरा 7 शुभ अंकः 7

**तुला** दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। नई योजनाओं पर कार्य शुरू कर सकते हैं। यात्रा के योग बन रहे हैं। शुभ रंगः गुलाबी 7 शुभ अंकः 6

**वृश्चिक** गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। नौकरी में बदलाव का विचार बन सकता है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें।
शुभ रंगः लाल 7 शुभ अंकः 8

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के संकेत हैं। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। शुभ रंगः पीला 7 शुभ अंकः 3

**मकर** कार्यक्षेत्र में मेहनत का फल मिलेगा। संपत्ति संबंधी मामलों में लाभ हो सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं। शुभ रंगः नीला 7 शुभ अंकः 8

**कुंभ** नई योजनाएं लाभदायक सिद्ध होंगी। व्यापार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा।
शुभ रंगः आसमानी 7 शुभ अंकः 4


**मीन** मानसिक शांति बनी रहेगी। आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न रहेगा।
शुभ रंगः पीला 7 शुभ अंकः 7

**उपाय** सुबह सूर्य को जल अर्पित करें और अपने इष्टदेव का स्मरण करें। इससे दिनभर सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

# स्त्री नहीं, सोच घर बनाती और बिगाड़ती है

**यह कौन-सा नियम है जहां दोष पहले से तय होता है?**

**परिवार की सफलता और विफलता का बोझ केवल महिलाओं पर क्यों?**



हमारे समाज में कुछ फैसले ऐसे हैं जिन पर कभी बहस नहीं हुई, फिर भी वे अंतिम सत्य मान लिए गए हैं। उन्हीं में से एक है– 'घर बनाती भी स्त्री है और और घर बिगाड़ती भी वही है।' परिवार में सुख, संस्कार और रिश्तों में मधुरता हो तो कहा जाता है– 'बहू बहुत अच्छी मिली है।' लेकिन तनाव या विघटन होते ही आरोप सबसे पहले उसी पर आता है, मानो घर किसी एक व्यक्ति द्वारा चलने वाली व्यवस्था हो। यह केवल सामाजिक पूर्वाग्रह नहीं, बल्कि वह मानसिकता है जिसने स्त्री के त्याग को कर्तव्य और उसकी पीड़ा को नियति मान लिया है। प्रश्न यह नहीं कि स्त्री की भूमिका महत्वपूर्ण है या नहीं–वह निस्संदेह है, बल्कि यह है कि क्या वह अकेली जिम्मेदार है? यदि घर बनाना सामूहिक प्रक्रिया है, तो उसका बिगड़ना भी सामूहिक विफलता है। फिर हर बार कठघरे में केवल स्त्री ही क्यों? यह प्रश्न परिवार के भविष्य से जुड़ा है।

### घर एक व्यवस्था है, कोई व्यक्ति नहीं

हम अक्सर घर को चार दीवारों और छत का नाम मान लेते हैं, जबकि वह भावनाओं, संघर्षों और रिश्तों से बनी एक जीवंत व्यवस्था है। वहां भावनाएं, उम्मीदें, समझौते और रिश्ते सभी रहते हैं। इसमें माता, पिता, बच्चे और बुजुर्ग सभी की भूमिका समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। फिर भी यह धारणा बना ली गई है कि घर की सफलता का श्रेय पूरे परिवार को मिलेगा, लेकिन उसकी विफलता का दोष केवल स्त्री पर जाएगा। क्या कोई खेत केवल बारिश से लहलहाता है, क्या कोई वृक्ष केवल जड़ों से खड़ा रहता है, क्या कोई नदी केवल एक स्रोत से बहती है? जब हर प्राकृतिक संरचना सामूहिक योगदान से बनती है, तो परिवार जैसी जटिल संस्था की जिम्मेदारी एक ही व्यक्ति पर कैसे डाली जा सकती है?

### लक्ष्मी बनाकर बोझ क्यों?

भारतीय समाज ने स्त्री को सम्मान देने के लिए उसे देवी, लक्ष्मी और अन्नपूर्णा कहा, लेकिन यह सम्मान कई बार बोझ बन गया। देवी बना देने से उसके इंसान होने का अधिकार सीमित हो गया–उसके थकने, रोने, गलती करने और अपनी इच्छाएँ रखने की गुंजाइश कम हो गई। उससे अपेक्षा की गई कि वह हर परिस्थिति में मुस्कुराए, सबको जोड़े रखे और स्वयं को सबसे अंत में रखे। विडंबना यह है कि जिस सम्मान के कारण उसे ऊँचा स्थान दिया गया, उसी पर इतना दायित्व डाल दिया गया कि वह दबने लगी, और जब वह थक गई तो कहा गया– 'घर संभाल नहीं पाई।'

### नई भूमिकाएँ, पुराने बोझ

आज की स्त्री केवल रसोई तक सीमित नहीं है; वह डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, अधिकारी और उद्यमी बनकर परिवार की आर्थिक रीढ़ भी बन रही है। फिर भी जिम्मेदारियाँ उसके साथ समान रूप से साझा नहीं की गई हैं–दफ्तर से लौटने के बाद भी रसोई, बच्चों की पढ़ाई, रिश्तेदारियों का निर्वाह और बुजुर्गों की देखभाल अधिकतर उसी पर बनी रहती है। समाज ने उसके कंधों पर नए दायित्व जोड़ दिए, लेकिन पुराने बोझ कम नहीं किए। यह व्यवस्था उसे सशक्त नहीं बनाती, बल्कि धीरे-धीरे भीतर से थका देती है। और जब यह थकान या असंतोष सामने आता है, तो उसे 'स्त्री का स्वभाव' कहकर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

### समस्या स्त्री नहीं, सोच है

दरअसल समस्या स्त्री या पुरुष नहीं, बल्कि सोच है–जो घर की जिम्मेदारी स्त्री पर और अधिकार पुरुष पर मान लेती है, और त्याग को केवल स्त्री का गुण समझती है। यही सोच पुरुष की अनुपस्थिति को मजबूरी और स्त्री की थकान को कमजोरी मानती है। घर मतभेद या आर्थिक संकट से नहीं टूटते, बल्कि तब टूटते हैं जब संवाद और सम्मान समाप्त हो जाता है और लोग परिस्थितियों से लड़ने के बजाय एक-दूसरे से लड़ने लगते हैं। इसलिए किसी घर को बचाना है तो सबसे पहले सोच बदलनी होगी।

### साझेदारी से सशक्त परिवार

सशक्त परिवार की पहचान विवादों की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि उनका मिलकर समाधान है। जहां पति समझे कि परिवार केवल आर्थिक संसाधनों से नहीं चलता, पत्नी महसूस करे कि उसके संघर्षों को समझा जा रहा है, बच्चे जिम्मेदारियां सीखें और बुजुर्ग अनुभव साझा करें, दबाव नहीं। परिवार तब मजबूत होता है जब हर सदस्य स्वयं को सहभागी माने, बोझ नहीं। सम्मान बड़े उपहारों से नहीं, बल्कि रोजमर्रा के व्यवहार–एक धन्यवाद, एक क्षमा, संवेदनशील संवाद और एक-दूसरे की थकान को समझने से आता है। यही छोटे प्रयास बड़े संकटों को भी कम कर देते हैं।

### उंगली नहीं, आईना उठाओ

जब भी कोई घर टूटे, समाज को अपनी पुरानी आदत बदलनी होगी। हर बार स्त्री को दोषी ठहराने से न घर बचते हैं, न रिश्ते। घर टूटने के कारण गहरे हैं–अहंकार, संवादहीनता, असमान जिम्मेदारियां और सम्मान की कमी। स्त्री घर की धुरी हो सकती है, पर वह अकेला पहिया नहीं है; परिवार एक रथ है जिसे सभी मिलकर चलाते हैं। एक पहिया टूट जाए तो रथ नहीं चलता। लेकिन यदि बाकी पहिए भी अपनी जिम्मेदारी भूल जाएं तो फिर दोष केवल एक पहिए का नहीं होता। समय है कि स्त्री को देवी नहीं, इंसान मानकर साझेदारी दी जाए। घर एक के त्याग से नहीं, सबके सहयोग से बनता है, और उसके बिगड़ने का दोष भी किसी एक पर नहीं डाला जा सकता। समाज जब यह सरल सत्य स्वीकार करेगा, तभी परिवार अधिक न्यायपूर्ण, मानवीय और मजबूत बनेंगे। तब घरों में कटघरे नहीं, संवाद होंगे; आरोप नहीं, सहभागिता होगी। तब समझ आएगा कि घर बनाने वाली केवल स्त्री नहीं, बल्कि वह सोच है जो 'मैं' से ऊपर उठकर 'हम' में विश्वास करती है।

**कृति आरके जैन**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## बाल अधिकार और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान पर इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया सम्मानित

**गोण्डा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शांति फाउंडेशन गोण्डा द्वारा शांति मेमोरियल स्कूल, अशोकपुर टिकिया (वजीरगंज) में 'विद्यादान महादान अभियान' एवं अंतर्राष्ट्रीय कैलाश सत्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम उन्मूलन, शिक्षा के प्रसार तथा बच्चों के अधिकारों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। समारोह में शिक्षा, समाजसेवा एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जनपद गोण्डा के प्रसिद्ध इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया को शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय कैलाश सत्यार्थी सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मान उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल श्रम के विरुद्ध जनचेतना फैलाने तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो। इंटरनेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया लंबे समय से अपने कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक एवं शैक्षिक संदेशों का प्रसार कर रहे हैं, जिसके लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कनाडा से आए डॉ. केतन कुलकर्णी, विद्यादान महादान अभियान के प्रवर्तक सुनील आनंद तथा शांति फाउंडेशन इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी देवी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण तथा प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। समारोह के अंत में सम्मानित व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

## अमेरिकी हमले में मृत युवक के परिजनों से मिले सपा जिलाध्यक्ष



**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने शुक्रवार को ग्राम सुरौली पहुंचकर अमेरिकी हमले में मृत हुए युवक शिवानंद चौरसिया के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने मृतक के पिता रामजी चौरसिया एवं पत्नी सुशीला देवी से मिलकर घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया तथा परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। व्यास यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी से वार्ता कर मृतक आश्रितों को शासन स्तर से अधिकतम आर्थिक और सामाजिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई है। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक परिवार की पीड़ा पहुंचाने के लिए उनके प्रतिनिधि मेवालाल से भी दूरभाष पर बातचीत की। सपा जिलाध्यक्ष ने विदेश मंत्रालय से मृतक के पार्थिव शरीर को शीघ्र देवरिया लाने की व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने केंद्र सरकार से मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा तथा अन्य सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई। इस दौरान उन्होंने विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता बताई। मौके पर पूर्व विधायक सुभाष लाल श्रीवास्तव, डॉ. रामनाथ चौहान, जयनारायण चौहान, हुसैन अहमद, रमेश यादव, वीरेंद्र लाल श्रीवास्तव, राजनाथ यादव, गजेंद्र भारती समेत अन्य सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डम्फर बरामद, चालक फरार

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** मोहाना थाना क्षेत्र के पननी गांव के पास फुलवरिया मोड़ के पहले गुरुवार देर शाम मिट्टी लदे डम्पर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। दुर्घटना में चनरैया निवासी रामजीवन (30) की मौके पर ही मौत हो गई थी।जबकि गंभीर रूप से घायल सोनू (28) ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मोहाना थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि दुर्घटना में शामिल डम्पर को बरामद कर कब्जे में ले लिया गया है। मृतक रामजीवन के पिता दशरथ की तहरीर पर वाहन स्वामी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। हादसे के बाद से चालक फरार है।जिसकी तलाश की जा रही है।

# नगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक, सुपरवाइजर एवं अधिकारियों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम के दौरान जनगणना कार्य में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगणकों, सुपरवाइजरों, खंड शिक्षा अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों एवं उपजिलाधिकारियों को जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने प्रशस्ति पत्र एवं सांकेतिक चेक देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जनगणना कार्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र तथा सांकेतिक चेक प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जनगणना किसी भी देश एवं राज्य के विकास की आधारशिला होती है। इससे प्राप्त आंकड़े शासन की विभिन्न योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के समुचित वितरण तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में जनगणना कार्य को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न करना अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके समर्पण, परिश्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा के कारण जनगणना कार्य निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत पूर्ण हो सका है। उन्होंने सभी कर्मियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने तथा शासन की प्राथमिकताओं को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान जनगणना कार्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा भी की गई तथा बेहतर समन्वय एवं कार्य निष्पादन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जनगणना कार्य के सफल संचालन में प्राप्त अनुभवों को साझा करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्व बताया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव सहित जनगणना कार्य से संबंधित सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सोशल ऑडिट परिवार ने निकाली जागरूकता रैली, योजनाओं की दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** विकासखंड देवरिया सदर के ग्राम अगस्तपार में सोशल ऑडिट यूनिट द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेशव्यापी समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के तहत जिला स्तरीय गोष्ठी एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सोशल ऑडिट की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत अगस्तपार स्थित देवी मंदिर परिसर में आयोजित गोष्ठी से हुई, जिसमें ब्लॉक सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक रिसोर्स पर्सन, सोशल ऑडिट टीम के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्राम प्रशासक ने उपस्थित अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके बाद निकाली गई जन जागरूकता रैली में प्रतिभागियों ने 'हमारा पैसा, हमारा हिसाब' और 'सोशल ऑडिट में भागीदारी, हम सबकी जिम्मेदारी' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए ब्लॉक सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर पथरदेवा संजीतधर द्विवेदी ने ग्राम पंचायतों में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने विकसित भारत, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं निराश्रित महिला पेंशन सहित अन्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों की सोशल ऑडिट प्रक्रिया और उसकी उपयोगिता के बारे में भी ग्रामीणों को बताया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सरस चंद ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और उसके ऑनलाइन सोशल ऑडिट की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। जिला सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर चंदन कुमार गौतम ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जागरूकता अभियानों से ग्रामीणों की योजनाओं तक पहुंच और जवाबदेही की व्यवस्था मजबूत होती है। इस अवसर पर नीतू सिंह, कृष्ण कुमार उपाध्याय, भावना त्रिपाठी, सुनील सिंह, अभय शंकर राव, पुष्पा देवी, सीमा देवी, सरिता राजभर, श्याम सरोज मणि, राजेश कुशवाहा, नंदलाल विश्वकर्मा, नीरज शर्मा, रेनू यादव, रीना, सत्येंद्र तिवारी, राकेश सिंह, प्रेम शंकर पांडेय और सर्वात्मा तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# वर्षों के इंतजार के बाद कोहड़ा बुजुर्ग राजकीय आईटीआई का शनिवार को होगा लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोलाबाजार, गोरखपुर।** गोला क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास की नई दिशा देने वाला कोहड़ा बुजुर्ग (कोहड़ी) स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) शनिवार को मुख्यमंत्री Yogi Adityanath के हाथों लोकार्पित होगा। करीब 10.81 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस संस्थान का उद्घाटन मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के दौरान किया जाएगा। आईटीआई की स्वीकृति वर्षों पहले मिल चुकी थी, लेकिन भवन के अभाव में इसका संचालन पहले बड़हलगंज के नेशनल इंटर कॉलेज और बाद में चरगांवा से किया जाता रहा। वर्ष 2007 में तत्कालीन मंत्री एवं वर्तमान विधायक ऋड्डद्भद्दह्यद्ध ञ्जह्लद्बश्चड्डह्लद्धद्ब के प्रयासों से स्थायी भवन के लिए भूमि की तलाश शुरू हुई। बड़हलगंज में उपयुक्त भूमि न मिलने पर गोला विकास खंड के कोहड़ा बुजुर्ग में ग्राम सभा की भूमि संस्थान के लिए हस्तांतरित की गई। वर्ष 2012 में भवन निर्माण पूरा हुआ, लेकिन गुणवत्ता संबंधी गंभीर शिकायतों के चलते विभाग ने भवन को अपने कब्जे में लेने से इनकार कर दिया। बाद में जांच में निर्माण कार्य अधोमानक पाए जाने पर वर्ष 2020 में योगी सरकार ने भवन के पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए धनराशि स्वीकृत की। संशोधित परियोजना के तहत कुल लागत 1081.68 लाख रुपये पहुंच गई। वर्ष 2024 में टाटा समूह द्वारा परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन भी विकसित किया गया। वर्तमान में विभिन्न ट्रेडों में 84 छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों का मानना है कि संस्थान के पूर्ण संचालन से गोला, बड़हलगंज, चिल्लूपार तथा आसपास के हजारों युवाओं को रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा।

# तहसील में पहुंचे पीड़ित परिवार को एसडीएम ने हटाया, क्षेत्राधिकारी को जांच का आदेश ,अनशन करने पहुंचा पीड़ित परिवार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी गोरखपुर:** खजनी थाना क्षेत्र के डोहरियां प्राणनाथ गांव के निवासी विंध्याचल निषाद की पैतृक जमीन को उनके भाई निठुरी की मौत के 46 वर्ष बाद एक महिला भानमती देवी को उनकी जीवित पत्नी बताकर निठुरी के हिस्से की जमीन वरासत कराने के बाद तीसरे दिन उस जमीन को जालसाजों ने रजिस्ट्री करा ली। विंध्याचल निषाद ने बताया कि 12 सितंबर 1979 को हत्या हो गई थी, तथा 20 अक्टूबर 1981 को उनकी पत्नी परभौती की भी मौत हो गई थी, दोनों की कोई संतान नहीं होने से उनके हक हिस्से की जमीन 30 मार्च 1993 को उनके नाम पर वरासत हो गई थी। इस बीच विंध्याचल निषाद कैंसर पीड़ित हुए तो उनका परिवार उनकी सेवा सुश्रुषा दवा इलाज में व्यस्त हो गया था। विंध्याचल निषाद ने इसकी शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से की तब खजनी थाने में जालसाजों के खिलाफ केस संख्या 176/2026 में बीएनएस की धोखाधड़ी और जालसाजी 8 गंभीर धाराओं 191(2),319(2),318(4),338, 336(3),340(2),352 तथा 351(3) के तहत नामजद आरोपियों भानमती देवी, जगदंबा शुक्ल, सेराज अहमद, खालिद मुस्तफा, शिवरानी मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। किंतु मुकदमा दर्ज होने के बाद भी कार्रवाई न होने पर आज विंध्याचल निषाद अपने परिवार के साथ शिकायत लेकर तहसील गेट पर शुक्रवार 12 जून को सबेरे 10 बजे अनशन पर बैठ गए, इस दौरान तहसील में पहुंचे एसडीएम खजनी राजेश प्रताप सिंह ने उन्हें परिवार के साथ अनशन पर बैठे देखकर वहां से हटा दिया तथा क्षेत्राधिकारी खजनी को घटना की जांच के बाद कार्रवाई और निस्तारण कराने का आदेश दिया है। विंध्याचल निषाद ने बताया कि उनके 9 बेटे और एक बेटी हैं,बड़े भाई के हिस्से की जमीन उनके नाम पर वरासत हो गई थी लेकिन उनकी मौत के 46 वर्ष बाद एक महिला को उनकी पत्नी बताकर जमीन रजिस्ट्री करा ली गई। जालसाजी करने वाले प्रभावशाली लोग हैं प्रशासन के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। जालसाजों ने वर्ष 2011 में भी इसी तरह से जमीन हथियाने का प्रयास किया था, तब उन्हें इसकी जानकारी हो गई थी तो उन्होंने तहसील में अपने पक्ष में साक्ष्य पेश किया था और वर्ष 2016 में जालसाजों का प्रयास विफल हो गया था तथा उन्हें अपनी जमीन वापस मिल गई थी।

# मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने उठाई हक की आवाज, मुख्यमंत्री से मांगी समान सुविधाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ, जनपद गोंडा ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत कार्यरत मृतक आश्रित शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं लिपिकीय संवर्ग को विभिन्न सुविधाओं का लाभ प्रदान किए जाने की मांग की है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों तथा अन्य कर्मियों को मिल रहा है, लेकिन मृतक आश्रित के रूप में नियुक्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं लिपिकीय संवर्ग के कार्मिक अभी भी कई महत्वपूर्ण सुविधाओं से वंचित हैं। ज्ञापन में विशेष रूप से मुख्यमंत्री कन्वर्जेंट चिकित्सा सुविधा योजना का लाभ शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तक पहुंचाने की मांग की गई है। संघ का कहना है कि ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया में इन कर्मचारियों का विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण वे योजना का लाभ प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इसे कर्मचारियों के साथ असमान व्यवहार बताते हुए उन्होंने आवश्यक संशोधन की मांग की है।ह इसके अतिरिक्त संघ ने मृतक आश्रित नियुक्तियों से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, उच्च शिक्षित मृतक आश्रित कर्मचारियों को उनकी शैक्षिक योग्यता के अनुरूप लिपिकीय पदों पर समायोजित करने तथा चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों को तृतीय श्रेणी में उच्चीकृत कर रोजगार के अवसर बढ़ाने की मांग भी रखी है। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से विभिन्न स्तरों पर विचाराधीन हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से



कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के हित में संवेदनशीलता दिखाते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। संघ का मानना है कि यदि उनकी मांगों पर अमल किया जाता है तो मृतक आश्रित कर्मचारियों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिलेगी तथा शिक्षा विभाग में कार्यरत ऐसे परिवारों का मनोबल भी बढ़ेगा।

# फर्जी वसीयत के सहारे मंदिर की जमीन हड़पने का आरोप

● **अदालती कार्रवाई के बावजूद दबंगई से की जा रही खेती, मंदिर समिति ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिंगटी स्थित ऐतिहासिक श्री राम जानकी मंदिर की बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जे और जबरन खेती किए जाने को लेकर ग्रामीणों और मंदिर विकास समिति में गहरा आक्रोश व्याप्त है। मामले ने उस समय तूल पकड़ लिया जब विवाद के चलते गांव में शांति व्यवस्था बिगड़ने की नौबत आ गई। इस संबंध में मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष ने नायब तहसीलदार नौतनवां को एक लिखित शिकायती पत्र सौंपकर मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और मंदिर की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए राजस्व अधिकारियों ने मौके पर पैमाइश के आदेश जारी कर दिए हैं। श्री राम जानकी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष राहुल चौधरी ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत झिंगटी स्थित गाटा संख्या 531/1.0440 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में श्री राम जानकी मंदिर के नाम से सुरक्षित है। आरोप के मुताबिक गांव के ही एक रसूखदार व्यक्ति ने जालसाजी करते हुए एक कथित फर्जी वसीयतनामा तैयार करवा लिया। इसी फर्जी दस्तावेज के आधार पर विपक्षी ने 11 अक्टूबर 2022 को चालाकी से मंदिर की इस जमीन का दाखिल-खारिज भी अपने पक्ष में करा लिया था। जब इस धोखाधड़ी की भनक मंदिर समिति को लगी तो इसके खिलाफ सक्षम न्यायालय में चुनौती दी गई। वर्तमान में नामांतरण के खिलाफ अपील का यह पूरा मामला न्यायालय में विचाराधीन है। समिति के अध्यक्ष का कहना है कि मामला कोर्ट में लंबित होने के बावजूद विपक्षी अरविंद चौधरी द्वारा लगातार कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वह मंदिर की उक्त विवादित संपत्ति पर अवैध रूप से ट्रैक्टर चलाकर खेती-किसानी का कार्य कर रहा है। जब मंदिर समिति के अन्य सदस्यों और ग्रामीणों ने इस मनमानी का व्यक्तिगत रूप से विरोध किया तो विपक्षी और उसके सहयोगियों द्वारा उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और गाली-गलौज करते हुए दुर्व्यवहार किया गया। मंदिर की पवित्र भूमि के इस तरह व्यावसायिक और व्यक्तिगत दुरुपयोग के कारण स्थानीय श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो रही हैं जिससे पूरे गांव में भारी तनाव का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों को डर है कि इस विवाद के कारण कभी भी मौके पर कोई बड़ी अप्रिय घटना या शांति-भंग की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस गंभीर शिकायत को संज्ञान में लेते हुए नायब तहसीलदार ने संबंधित राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को मौके पर जाकर स्थलीय जांच करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने आदेश जारी किया है कि टीम जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर जमीन की पैमाइश करे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जब तक न्यायालय का अंतिम फैसला नहीं आ जाता तब तक किसी भी पक्ष को मौके पर अवैध गतिविधि या शांति व्यवस्था प्रभावित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। दूसरी ओर आक्रोशित ग्रामीणों और मंदिर समिति ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंदिर की जमीन पर अवैध रूप से हो रही खेती को तत्काल नहीं रुकवाया तो वह बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# गाली देने से रोका तो चाची-भतीजी पर बरसाए लाठी-डंडे, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हरपुर बुदहट गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुदहट टोला सेमरी में मामूली कहासुनी ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब गाली-गलौज का विरोध करने पर चाची और भतीजी पर कथित तौर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। घटना में दोनों महिलाएं घायल हो गई, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी लाली देवी पत्नी स्वर्गीय भालचंद ने हरपुर-बुदहट थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बुधवार 4 जून की सुबह करीब साढ़े नौ बजे गांव के ही राम तेज, प्रहलाद, मनोज और रमावती देवी उनके घर के पास आकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया और गाली-गलौज करने से मना किया, तो आरोपी आगबबूला हो गए। आरोप है कि देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और चारों आरोपियों ने मिलकर लाली देवी तथा उनकी भतीजी विनीता पुत्री सुभाष पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में दोनों महिलाओं को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उन्हें जान से मारने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायल महिलाओं को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार कराया गया। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बना रहा, हालांकि पुलिस की सक्रियता से स्थिति सामान्य हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए हरपुर-बुदहट पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपित राम तेज, प्रहलाद, मनोज और रमावती देवी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। घटना से जुड़े सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की विवेचना जारी है।

# करंट लगने से भैंस की मौत, पीड़ित ने पुलिस से लगाई कार्रवाई की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र के थाना बड़हलगंज के ग्राम भरौली निवासी एक पशुपालक की भैंस बिजली के करंट की चपेट में आने से घटना स्थल पर मर गई। पीड़ित ने लिखित तहरीर बड़हलगंज थाने पर देते हुए दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग किया है। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम भरौली निवासी रामनयन प्रजापति पुत्र जुड़वान प्रजापति ने शुक्रवार को बडहलगंज थाने पर दिए गए तहरीर में बताया कि 11 जून को शाम लगभग 5 बजे उनकी भैंस गांव के पास लगे ट्रांसफार्मर के पास चर रही थी। इसी दौरान विद्युत करंट की चपेट में आने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित के अनुसार मृत भैंस की कीमत लगभग 90 हजार रुपये थी, जिससे उसे भारी आर्थिक क्षति हुई है। घटना के बाद पशुपालक ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। पीड़ित पशुपालक ने प्रशासन से घटना की जांच कर दोषी पक्ष के विरुद्ध कार्रवाई तथा हुए नुकसान के संबंध में उचित सहायता दिलाने की भी मांग की है। थाना बड़हलगंज प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय के आदेश पर शुक्रवार को जीडी संख्या-008 में सूचना दर्ज कर पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की आवश्यक जांच शुरू कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी का कान काटकर अलग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नीमगांव खीरी नीमगांव पुलिस ने वांछित अभियुक्त को दबोचा, न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई**




**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव पुलिस ने अपनी पत्नी का कान काटकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मितौली के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक नीमगांव प्रवीर गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार को आरोपी मुन्ना लाल पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम लोनीपुरवा, थाना नीमगांव, जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध थाना नीमगांव में मु0अ0सं0 119/2026 के तहत धारा 115(2), 118(2) एवं 352 बीएनएस में मुकदमा दर्ज है। आरोपी पर अपनी पत्नी का कान काटकर अलग कर देने का आरोप है। घटना के बाद से वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक जितेन्द्र पाल सिंह कांस्टेबल अभिषेक कुमार शामिल रहे।

### सास और बहू के बीच हुई मारपीट में दोनों घायल रिपोर्ट दर्ज



**बरेली**/क्यों लड़िया थाना क्षेत्र के गांव केला दंडी में आज बच्चों के विवाद में हुई गाली गलौज मारपीट में बदल गई जिसके तहत सास रामकली पत्नी रामेश्वर दयाल इंद्रपाल सुमन देवी पत्नी इंद्रपाल दोनों एक ही मकान में रहते हैं बहु सुमन के अनुसार




उसके बच्चे रामकली की छत पर चले गए थे। जिसको लेकर उन्होंने नाराजगी व्यक्ति की और गाली गलौज होने लगा जिस पर दोनों तरफ से लाठी डंडे निकाल कर आए और उनके हमले में सासाराम काली का सिर फूट गया दोनों हाथों में भी चोट आई इधर बेटे इंद्रपाल की पत्नी सुमन के भी सिर में चोट आई है। दोनों ने आकर पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण करने के बाद रामकली के पति रामेश्वर दयाल की तहरीर पर पुलिस ने लड़के इंद्रपाल एवं उसकी पत्नी सुमन के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# विधायक की रात्रि चौपाल में कई जिम्मेदार रहे नदारत उन पर कोई कार्यवाही नहीं

**● खाद की किल्लत पर ब्लॉक प्रमुख ने संभाला मोर्चा समिति सचिव को लगाई फटकार**

**● चौपाल में अनुपस्थित रहने वाले विभागों पर कोई जिम्मेदारी नहीं**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**बरेली**/शासन के निर्देश पर नवाबगंज विधायक डॉक्टर एमपी आर्य की अध्यक्षता में विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत नकटी नारायणपुर के ग्राम पंचायत सचिवालय में आयोजित की गई इस बैठक में एसडीम नवाबगंज अधिकारियों में मुख्य थे यहीं पर सदस्य विधान परिषद कुंवर महाराज सिंह भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार आदि के समक्ष रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया इसका शुभारंभ 6:30 प्रारंभ हुआ। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने पशुओं से संबंधित स्वास्थ्य विभाग से क्यों लड़ियां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद मुगीश मैं स्वास्थ्य से संबंधित विस्तृत जानकारी लोगों को दी सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ऋषभ रस्तोगी ने लोगों को पेंशन एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से संबंधित जानकारी दी शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार द्वारा 16 जून से विद्यालय खुलने की जानकारी दी गई और प्रतिशत बच्चों के नामांकन करवाने एवं विद्यालय भेजने की अपील की।

साथ ही शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं पर भी जानकारी दी पूर्ति विभाग से पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार बाजपेई ने विभाग से संबंधित जानकारियां दी यहीं पर कृषि विभाग भी उपस्थित था कार्यक्रम के समापन में विधायक डॉक्टर आर्य ने ग्रामीणों से अपनी शिकायत करने का आश्वासन दिया तो सबसे पहले जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के फरियादियों का ताता लग गया जिसका गोल-मोल जवाब देते हुए टाल दिया गया किसी दौरान ग्रामीणों ने नकटी नारायणपुर साधन सहकारी समिति पर खाद न मिलने की समस्या रखी। तो सचिव ने डालने का प्रयास किया इस किसी भी बड़े जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी ने संज्ञान लेने का प्रयास नहीं किया तो भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने मोर्चा संभाला और समिति सचिव को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा गोदाम में कितनी खाद उपलब्ध है तो बताया गया 600 वोरा खाद मौजूद है इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा विधिवत तरीके से किसानों को खाद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

इसी मौके पर बीरमपुर के सोनू गंगवार द्वारा बिजली विभाग की शिकायत की गई तो वहां पर कोई भी मौजूद नहीं थे जिस कारण समस्या का कोई भी निदान नहीं हो सका साथ ही इनके उपस्थित न होने पर इनकी जिम्मेदारी भी किसी के द्वारा तय नहीं की गई इसी तरह सिंचाई विभाग बाल विकास परियोजना अधिकारी भदपुरा भी गायब थे इस चौपाल में उपस्थित एसडीम उदय सिंह पवार डॉक्टर मोहम्मद मूगीश डीसी मनरेगा सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविकांत यादव। अध्यक्ष गन्ना समिति निर्भय गंगवार अधिकारी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार पूर्ति निरीक्षक अरुण कुमार बाजपेई खंड विकास अधिकारी भदपुरा प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह सदस्य विधान परिषद कुंवर महाराज सिंह चौपाल की अध्यक्षता विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने संचालन सहायक विकास अधिकारी रविकांत यादव ने किया

### ब्लॉक प्रमुख ने किसानों को वितरित की उर्दू मूंग के किट



**बरेली**/राजकीय कृषि बीज भंडार पार्क शासन द्वारा किसानों को दलहनी फसलों का लाभ देने के लिए और उर्द बा मूंग के बीच की मिनी किटें भेजी गई थी जिनका वितरण भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने सार्वजनिक रूप से वितरण किया और उन्होंने किसानों को अवगत कराया। यह भाजपा सरकार की नीति का परिणाम है जो किसानों को बीज का समुचित लाभ मिल रहा है उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा पूर्व में भी किसानों के लिए बीज आता था परंतु जिसकी जानकारी किसानों को नहीं होती थी। और वितरण अभिलेखों में हो जाया करता था परंतु अब ऐसा नहीं है जिसके तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ सीधे किसानों को मिल रहा है यहां पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार कृषि विभाग से श्यामलाल मौर्य गजेंद्र कुमार कृषि रक्षा इकाई के प्रभारी नरेंद्र गंगवार भानु प्रताप एवं नरेंद्र पाल आदि लोग उपस्थित थे।

## बाबा लिलौटीनाथ धाम के विकास कार्यों का मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण..



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी:-** जनपद के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा लिलौटीनाथ धाम के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों को लेकर प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है..!! इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों का पुनः निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया..!! निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण, नवीन लघु सेतु, नदी सफाई, पार्किंग विस्तार सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं का स्थलीय अवलोकन किया..!! मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं.. जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें..!! इस अवसर पर विकास खंड अधिकारी फूलबेहड़ सुमित कुमार सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा तथा ग्राम प्रधान लखविंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे..!! मंदिर परिसर में चल रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों से क्षेत्र का स्वरूप तेजी से बदल रहा है..!!

प्रशासन की विशेष पहल एवं मुख्य विकास अधिकारी के सतत मार्गदर्शन में धाम को धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं..!! मंदिर के महंत रोहित गिरि ने प्रशासन द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी और बाबा लिलौटीनाथ धाम की पहचान प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में और अधिक सुदृढ़ होगी..!!

## देवर समेत कई लोगों पर घर में घुसकर हमला करने का लगाया आरोप, थाने में दी तहरीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** सिंगाही कस्बे में विवाहिता महिला ने अपने देवरों पर जबरन घर से निकले तथा धारदार हथियार से मारपीट कर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया कर सिंगाही पुलिस को तहरीर दी है! थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सिंगाही भेडौरा महिला रेनू सोनी निवासी सिंगाही ने थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर घर में जबरन घुसने, मारपीट की कोशिश, जानलेवा हमला करने और घर से भगा देने का आरोप लगाया है।

प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत बने अपने आवास में परिवार के साथ रह रही है। आरोप है कि 10 जून 2026 की शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच उसके देवर अजय सोनी, विजय सोनी सहित कुछ अन्य लोग घर में जबरन घुस आए और गाली-गलौज करने लगे।

महिला का आरोप है कि विरोध करने पर एक आरोपी ने कुदाल से हमला करने की




कोशिश की, जिससे वह बाल-बाल बच गई। महिला ने बताया कि घटना का वीडियो भी मौजूद है, जिसे साक्ष्य के रूप में पुलिस को दिया गया है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। सिंगाही एसआई आशुतोष सिंह ने बताया की मामला नगर पंचायत का है जिस आवास में महिला रह रही वह आवास उसके ससुर के नाम बना है। जबकि पीड़ित महिला ने आवास अपने नाम से बना होने का दावा कर रही है। सिंगाही पुलिस महिला को न्याय दिलाने के बजाय मामले को नगर पंचायत के पाले में धकेल कर उलझाने में लगी है।

### शताब्दी एक्सप्रेस में मोहन भागवत कर रहे थे यात्रा, फिरोजाबाद में कूड़ा बीनने वाले बच्चों ने मारा था पत्थर, दो पकड़े



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद रेलवे स्टेशन के निकट स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस पर गुरुवार शाम 7.15 बजे पत्थर कूड़ा फेंकने वाले बच्चों ने मारा था। ई-वन कोच पर पत्थर लगने से एक खिड़की का शीशा टूट गया था। संघ प्रमुख मोहन भागवत भी इसी कोच में बैठे थे। रात भर चली जांच पड़ताल के बाद तीन बच्चों की पहचान हुई। शुक्रवार सुबह पांच बजे इनमें से दो बच्चों को पकड़ लिया गया। एसएसपी आदित्य लांगहे ने दोपहर 12 बजे प्रेस कान्फ्रेंस में इन बच्चों के पकड़े जाने की जानकारी दी। एक बच्चे की तलाश की जा रही है। इस मामले को लेकर आइबी के अधिकारी भी जिले में आ गए हैं। वह भी बच्चों से पूछताछ कर रहे हैं।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए: नितिन अग्रवाल

**● सड़क की इस दयनीय स्थिति को लेकर क्षेत्रवासियों में गहरा आक्रोश है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को शहर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में मीडिया संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के आबकारी एवं मद्यनिषेध मंत्री श्री नितिन अग्रवाल मौजूद रहे। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश के विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, जिला महामंत्री राजेश सिंह, मनोज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष आशू मिश्रा, नकहा ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा, सह मीडिया प्रभारी राजीव मिश्रा, अंकित अवस्थी, हर्ष गुप्ता, जिला आईटी प्रभारी शौर्य सक्सेना एवं सुमित मोदी सहित अन्य पदाधिकारियों ने मंत्री श्री नितिन अग्रवाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के विचार पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा ने उपस्थित पत्रकारों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जनधन योजना, डिजिटल इंडिया, किसान सम्मान निधि तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। आज भारत विश्व मंच पर एक सशक्त, आत्मविश्वासी और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।



मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्गों का सशक्तिकरण है। देश में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। सड़कों, एक्सप्रेस-वे, रेलवे, हवाई अड्डों तथा डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार से विकास को नई गति मिली है। मीडिया संवाद के दौरान पत्रकारों द्वारा विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए श्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। विकास और जनसेवा की यह यात्रा आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगी।

कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने उपस्थित पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ है, जो सरकार की योजनाओं और जनहित से जुड़े विषयों को समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राजेश सिंह, अनुराग मिश्रा, मनोज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष आशू मिश्रा, संजय मिश्रा, संतोष कुमारी, किरण अग्रवाल, कार्यालय प्रभारी अभिजात मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा, सह मीडिया प्रभारी राजीव मिश्रा, अंकित अवस्थी, हर्ष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

## राहुल-अखिलेश रस्सी कर रहे हैं मजबूत... नहीं दोहराएंगे यूपी चुनाव में बिहार वाली यह भूल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बंगाल चुनाव में कांग्रेस को लगे झटके के बाद राहुल गांधी ने यूपी चुनाव 2027 में इज्जत बचाने के लिए अपने आपको अखिलेश यादव के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है. अब पूरी तरह से साफ हो गया है कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस यूपी विधानसभा का चुनाव मिलकर ही लड़ेगी. ऐसे में राहुल गांधी और अखिलेश यादव बिहार वाली वह गलती नहीं दोहराना चाहते हैं, जिससे आरजेडी और कांग्रेस की दुर्गति हुई थी। सपा ने इस बार यूपी में चुनाव लड़ने का फॉर्मूला बदल दिया है. सपा इस बार चुनाव आयोग के नोटिफिकेशन का इंतजार नहीं करेगी. नोटिफिकेशन से पहले ही दोनों पार्टियां अपने कैंडिडेट का ऐलान कर देगी, जिससे क्षेत्र में जनता के बीच काम करने का मौका मिल जाए. दोनों के बीच टिकट बंटवारे का फार्मूला भी तय हो गया है. सपा ने सर्वे के आधार पर करीब 200 सीटों पर प्रत्याशियों का नाम भी तय कर लिया है. कहा जा रहा है कि सबसे पहले नामों का ऐलान भी सपा ही कर देगी।

उत्तर प्रदेश की राजनीति में इस समय जो खिचड़ी पक रही है, उसकी खुशबू दिल्ली तक आने लगी है. लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग से लेकर दिल्ली के लुटियंस जोन तक एक बात बिल्कुल साफ हो चुकी है. समाजवादी पार्टी और कांग्रेस आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव पूरी ताकत से मिलकर लड़ने जा रहे हैं. लेकिन इस बार का यह गठबंधन साल 2017 की तरह सिर्फ 'यूपी के लड़कों' का पोस्टर लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इस बार अखिलेश यादव ने अपनी पूरी रणनीति ही बदल दी है। अमूमन देखा जाता है कि जब तक चुनाव आयोग तारीखों का ऐलान नहीं करता, तब तक पार्टियों में टिकट को लेकर सिर-फुटौव्वल चलती रहती है. ऐन वक्त पर टिकट बंटने से उम्मीदवार को अपने क्षेत्र में जाने और जनता के बीच पैठ बनाने का समय ही नहीं मिल पाता।

सपा सूत्रों की मानें तो अखिलेश यादव ने अंदरूनी सर्वे और लोकल फीडबैक के आधार पर करीब 200 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर लिए हैं. अब इस नई रणनीति के तहत, दोनों पार्टियां औपचारिक अधिसूचना जारी होने से काफी पहले ही अपने-अपने उम्मीदवारों की लिस्ट धीरे-धीरे जारी करना शुरू कर देंगी. इससे कैंडिडेट को जमीन पर जाकर कार्यकर्ताओं को एक्टिव करने और वोटरों



के बीच सत्ता विरोधी लहर का माहौल बनाने के लिए पूरा 4-5 महीने का वक्त मिल जाएगा। यूपी की राजनीति को करीब से जानने वाले संजीव पांडेय कहते हैं, 'राजनीति में फ्रेंडली फाइट जैसा कोई शब्द नहीं होता. जब दो सहयोगी दल एक ही सीट पर आमने-सामने लड़ते हैं, तो उनका कैडर आपस में ही भिड़ जाता है. इसका सीधा फायदा तीसरी पार्टी उठा ले जाती है। अखिलेश यादव ने बिहार वाली भूल को शायद इस बार यूपी में न दोहराएं. लेकिन जब एक टेबल पर सीटों के बंटवारे का खाका तैयार किया जाता है, तो स्थिति बदल जाती है. कैडर वोट और कार्यकर्ताओं के प्रेशर के सामने बड़े नेताओं को झुकना पड़ता है, जिसका नतीजा बिहार में लोग देख चुके हैं. इसलिए राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने काफी सोच समझकर यह पैसला लिया है।

## बीजेपी की करतूतों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगी कांग्रेस, महासचिवों, प्रदेश अध्यक्षों की बैठक में फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** कांग्रेस ने गुरुवार को सभी प्रदेश अध्यक्षों, महासचिवों और प्रभारियों की बैठक में बड़ा फैसला लेते हुए मध्य प्रदेश से पार्टी की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द किए जाने, नीट पेपर लीक, महंगाई और बेरोजगारी समेत बीजेपी की कारगुजारियों के खिलाफ जल्द ही राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू करने का ऐलान किया। इस अभियान का पूरा कार्यक्रम अगले कुछ दिनों में जारी कर दिया जाएगा। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इस अभियान का मुख्य मकसद इन विषयों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जवाबदेह ठहराना है।

कांग्रेस नेतृत्व की पार्टी के सभी महासचिवों, प्रदेश प्रभारियों और राज्य इकाइयों के अध्यक्षों के साथ बैठक में राष्ट्रव्यापी अभियान का निर्णय लिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी, जयराम रमेश समेत सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे। बैठक के बाद संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, 'मध्य प्रदेश और झारखंड के राज्यसभा चुनावों में जो हुआ, वह लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। मध्य प्रदेश में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द कर दिया गया, जबकि उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं था। झारखंड में बीजेपी समर्थित कॉर्पोरेट उम्मीदवार का नामांकन कई विसंगतियों के बावजूद स्वीकार कर लिया गया।' उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की दयनीय स्थिति का परिचायक है। उन्होंने दावा किया कि यह 'सीट चोरी' है। वेणुगोपाल ने कहा कि आज की बैठक में इस विषय पर विस्तृत चर्चा की गई और फैसला हुआ कि इस मामले पर राजनीतिक और कानूनी रूप से लड़ाई लड़ेंगे। उनका कहना था कि बैठक में महंगाई और बेरोजगारी पर भी चर्चा की गई। वेणुगोपाल ने कहा कि नीट और सीबीएसई की ओएसएम प्रणाली से बहुत सारे परिवार प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि अगले दो-तीन महीने के लिए देशव्यापी अभियान शुरू किया जाएगा।

वेणुगोपाल ने कहा, पार्टी पूरे भारत में एक राष्ट्रीय अभियान शुरू करने जा रही है। यह सिर्फ़ नेशनल लेवल पर ही नहीं, बल्कि स्टेट, डिस्ट्रिक्ट और ब्लॉक लेवल पर भी होगा। जहां भी लोगों को मुश्किलें आ रही हैं, कांग्रेस पार्टी वहां जाएगी, उनकी



भावनाएं शेयर करेगी और उनके लिए लड़ेगी। सिर्फ़ पुराने तरीकों से ही नहीं, हम उन लोगों के पास जाएंगे जो परेशान हैं, जो दर्द में हैं। हम ज़्यादा से ज़्यादा आंदोलन के ज़रिए उनका दर्द बांटने और उनकी आवाज़ को नेशनल लेवल तक पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कांग्रेस के हर नेता और वर्कर को सड़कों पर उतरना चाहिए। हम अगले दो से पांच दिनों में प्रोग्राम की डिटेल्स बना लेंगे।

वेणुगोपाल ने कहा कि हमारी मीटिंग में देश के मौजूदा पॉलिटिकल हालात, खासकर आर्थिक संकट पर बात हुई। पेट्रोल, डीज़ल और एलपीजी की कीमतें दिन-ब-दिन बढ़ रही हैं। लोग बहुत परेशान हैं, लेकिन सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया है। बेरोज़गारी अपने पीक पर है। पूरा स्वस्थ्य सेक्टर पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। युवा अपने भविष्य को लेकर बहुत परेशान हैं। रोज़गार नहीं है।

## ऋतब्रत बने रहेंगे नेता प्रतिपक्ष: कोर्ट का स्पीकर के फैसले पर अंतरिम रोक से इनकार; 16 जून को अगली सुनवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** टीएमसी के नेता शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष की ओर से विधायक ऋतब्रत बनर्जी को विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने के फैसले को चुनौती दी है। चट्टोपाध्याय ने गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में कहा कि यह कदम संविधान की मूल संरचना के खिलाफ है। वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी शोभनदेब चट्टोपाध्याय की ओर से पेश हुए। उन्होंने जस्टिस कृष्णा राव के समक्ष कहा कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने विधानसभा अध्यक्ष को पार्टी के फैसले की जानकारी दे दी थी। जिसमें शोभनदेब चट्टोपाध्याय को विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया था। उन्होंने दलील दी कि ऐसा फैसला लेने का अधिकार विधायी दल के बजाय राजनीतिक दल के पास होता है और विधानसभा अध्यक्ष पार्टी की ओर से चुने गए व्यक्ति को स्वीकार करने के लिए बाध्य हैं। कल्याण बनर्जी ने अदालत से कहा, विधानसभा अध्यक्ष का यह कदम संविधान की मूल संरचना पर आघात करता है।

शोभनदेब चट्टोपाध्याय और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें ऋतब्रत बनर्जी को विपक्ष के नेता की मान्यता दी गई है। ऋतब्रत बनर्जी का दावा है कि उन्हें टीएमसी के 57 अन्य विधायकों का समर्थन हासिल है और वह अलग हुए गुट का नेतृत्व कर रहे हैं। याचिकाकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले को भी चुनौती दी है, जिसमें अलग हुए गुट के नेता संदीपन साहा को मुख्य सचेतक (चीफ व्हिप) के रूप में मान्यता दी गई है। विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने की मांग करते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा कि विधानसभा का सत्र 18 जून से शुरू होने वाला है। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से पेश वकील



बिल्वदल भट्टाचार्य ने याचिका में उठाए गए मुद्दों पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। जस्टिस कृष्णा राव ने फिलहाल कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं किया और मामले की अगली सुनवाई 16 जून के लिए निर्धारित कर दी।

## मुठभेड़ में लंगड़ा होने के बाद भी हॉस्पिटल से भाग निकला वाहन चोर, CCTV ने खोला राज

**टूंडला (फिरोजाबाद)।** हाईवे पर बुधवार रात हुई मुठभेड़ में एक साथी सहित पकड़ा गया अंतरजनपदीय वाहन चोर गुरुवार सुबह सरकारी अस्पताल से भाग गया। गोली लगने से लंगड़ा होने के बाद भी उसके इस दुस्साहस से आधा घंटे तक पुलिस महकमे में खलबली मची रही। उसे पकड़ने के लिए अस्पताल की घेराबंदी कर दी गई। सीसीटीवी फुटेज की मदद से उसे ट्रॉमा सेंटर के पास से पकड़ लिया गया। इसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। बुधवार रात दो बजे पुलिस को सूचना मिली कि दो वाहन चोर पुराना बाईपास रोड, राजा का ताल, गेल गैस के पीछे झाड़ियों में चोरी की बाइकें छिपाकर ग्राहकों को बेचने की फिराक में हैं। इस पर पुलिस ने घेरेबंदी की। पुलिस को देखते ही चोरों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक चोर के पैर में गोली लगी। जिससे वह गिर पड़ा। उसकी पहचान विकास निवासी हिमायूंपुर थाना दक्षिण के रूप में हुई। उसके एक साथी योगेश निवासी सीएल




जैन के पीछे, हिमायूंपुर थाना दक्षिण को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। विकास को उपचार के लिए सरकारी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे वार्ड में भेज दिया गया।


## संक्षिप्त खबरें

### ब्रह्माकुमारी राज योगिनी कुसुम दीदी के पांचवी पुण्यतिथि पर उन्हें दी गई श्रद्धांजलि




**चुनार, मीरजापुर ।** नगर के लोअर लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा चुनार सेवाकेंद्र की पूर्व शाखा प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्मा कुमारी कुसुम दीदी के पांचवी पुण्यतिथि पर शुक्रवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सुबह 7.30 बजे से मुरली क्लास के बाद भोग लगाया गया , जिसमें उपस्थित भाई बहनों सहित नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने दीदी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया।तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने ब्रह्मा भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान शाखा प्रभारी- ब्र.कु बीनू दीदी ,ब्र.कु पंकज भैया , सह प्रभारी ब्र.कु तारा दीदी,चन तारा दीदी,गुंजा दीदी,सुनीता दीदी,जगदीश भाई, नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद, इंजीनियर राज बहादुर सिंह,एडवोकेट ज्योति प्रकाश सिंह,मालवार सिंह,कस्बा चौकी से उपनिरीक्षक रमेश कुमार, विमलेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रभारी बिनु दीदी,संचालन डॉक्टर प्रियंका सिंह व धन्यवाद ज्ञापन सह शाखा प्रभारी तारा दीदी ने किया।

### अवैध खनन कर मिट्टी का ढुलान करते समय ट्रैक्टर ट्राली का धक्का लगने से युवक की दर्दनाक मौत



**हलिया मीरजापुर** स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार चौकी अंतर्गत मतवार गांव में बुधवार को दोपहर अवैध खनन कर मिट्टी का ढुलान करते समय ट्रैक्टर ट्राली का धक्का लगने से उसके नीचे दबाकर मतवार गांव निवासी 22 वर्षीय युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थाना क्षेत्र के मतवार गांव निवासी लवलेश गिरी का 22 वर्षीय पुत्र शुभम गिरी घर से पांच सौ मीटर की दुरी पर हो रहे अवैध खनन कर मिट्टी की ढुलान कर रहे ट्रैक्टर को देखने गया था तभी ट्रैक्टर चालक ने मृतक से पीने के लिए पानी मंगाया युवक उसे पानी लेकर गया चालक ने पानी पीने के बाद मृतक को अपने ट्रैक्टर पर बैठा लिया और लापरवाही पुर्वक तेज़ गति में ट्रैक्टर चलाने लगा लगा उसी समय युवक का संतुलन बिगड़ा और वह ट्रैक्टर से निचे गिर गया और ट्रैक्टर से दबकर युवक की मौके पर ही मौत हो गई उसी समय भीड़ का फायदा उठाते हुए चालक ट्रैक्टर लेकर वहां से भाग निकला मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया मृतक तीन भाइयों में दुसरे नंबर पर था माता सुशीला देवी का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है वहीं सूचना मिलते ही मय फोर्स के साथ मौके पहुंचे थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजते हुए विधिक कार्रवाई में जुट गए उक्त संबंध थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रैक्टर का धक्का लगने से युवक की मौत हो गई है शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है

### ट्रैक्टर के धक्का से घटना स्थल पर युवक की मौत

**मृतक के पिता की तहरीर पर चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज।**

**हलिया मीरजापुर** स्थानीय थाना क्षेत्र के मतवार गांव में बृहस्पतिवार की शाम पैदल जा रहा युवक को ट्रैक्टर के धक्के से मौत हो गई पिता की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर लिया गया। थाना क्षेत्र के मतवार गांव निवासी शुभम गिरी(22) बृहस्पतिवार शाम मतवार गांव निवासी सत्यनारायण तिवारी के घर के पास सड़क पर पैदल घर जा रहा था कि उसी समय सड़क पर गुजर रहा ट्रैक्टर चालक मतवार गांव निवासी अजय गुर्जर ने तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक धक्का मार दिया। जिससे घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को मृतक के पिता लवलेश गिरी की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया मृतक तीन भाइयों तथा एक बहन में दूसरे नंबर पर अविवाहित था। मौत की सूचना पर माता सुशीला देवी बेहाल है।इस संबंध थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रैक्टर के धक्का लगने से युवक की मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा गया है मृतक के पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# धरना प्रदर्शन के दूसरे दिन अधिवक्ताओं ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय पर जड़ा ताला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चुनार, मीरजापुर ।** नवयुवक अधिवक्ता समिति के सदस्यों ने दस्तावेजों के ई पंजीकरण के विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन शुक्रवार को तहसील परिसर मे स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय पर ताला जडकर जमकर नारेबाजी किया। तालाबंदी की सूचनापर सहायक महानिरीक्षक निबंधन मीरजापुर चन्द्रभान यादव चुनार पहुंचे और अधिवक्ताओ से वार्ता कर समझाने का प्रयास किया लेकिन असफल रहे। तत्तपश्चात बार के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम संबोधित मांग पत्र सौपा और कहा कि महानिरीक्षक निबंधन उ0प्र0 लखनऊ द्वारा दस्तावेजों का ई पंजीकरण माड्यूल के माध्यम से कराएं जाने के निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि यह व्यवस्था पूर्णतया अव्यवस्थित है और क्रेता बिक्रेता एवं अधिवक्ता विरोधी है। प्रस्तावित पंजीकरण व्यवस्था में आपराधिक किस्म के व्यक्तियों द्वारा जबरन गरीब, कमजोर व्यक्तियों से दस्तावेज निष्पादित करा लेगे अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि तयसुदा प्रतिफल व बाजारू मूल्य में अंतर होता है जिसका वृद्ध एवं अनपढ़ विक्रेता को रकबे का ज्ञान नही होता है।नए प्राविधान से क्रेता प्राइवेट संस्था से मिली भगत कर पंजीकरण प्रणाली को दूषित बना सकते हैं।मांग किया कि उक्त नए व्यवस्था को जनहित में वापस लिया जाय।इस बावत पूछे जाने पर सहायक महानिरीक्षक ने कहा कि पत्रक प्राप्त हुआ है उचित कार्यवाही के लिए रिपोर्ट उच्चाधिकारी को भेजी जाएगी उन्होने कहा कि अधिवक्ता हमारे प्रमुख अंग है किसी प्रकार से क्षति न हो ऐसी ब्यवस्था की जाएगी। इस दौरान अध्यक्ष शिवशंकर सिंह एड0,महामंत्री रामविलास एड , उपाध्यक्ष राममूरत यादव एड0,पूर्व अध्यक्ष मुन्नूगुप्ताएड0, गुरुदास एड0, शितला प्रसाद यादव एड0, राहुल सिंह एड0,सुनील मिश्रा एड0,,कल्लू सिंह एड0, संजय त्रिपाठी एड0,सुबाष सिंह एड0, जय जायसवाल एड0, राजेश कुमार गुप्ता एड0, मुहम्मद हदीश एड0 सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## कोर्ट के आदेश पर तीन वर्ष बाद खुला गैंगस्टर एक्ट में सीज मकान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतामढ़ी।** कोइरौना थाना क्षेत्र के नारेपार गांव निवासी सुरेश केसरवानी पुत्र देवी प्रसाद केसरवानी के लिए शुक्रवार का दिन राहत भरा साबित हुआ। वर्ष 2023 में गैंगस्टर एक्ट के तहत सीज किए गए उनके मकान का ताला न्यायालय के आदेश पर कोइरौना पुलिस ने खोल दिया। इस कार्रवाई के बाद परिजनों एवं समर्थकों में खुशी का माहौल देखने को मिला। जानकारी के अनुसार अप्रैल 2023 में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने सुरेश केसरवानी के मकान एवं वाहन को सीज कर दिया था। शुक्रवार को न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में पुलिस टीम गांव पहुंची और विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद मकान का ताला खोलकर कब्जेदारी वापस सौंप दी। सुरेश केसरवानी ने कहा कि उन्हें राजनीतिक द्वेषवश गलत तरीके से मामले में फंसाया गया था। उनका आरोप है कि तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख चुनाव के दौरान राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते उनका नाम मुकदमे में शामिल किया गया और गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर भरोसा था और अंततः न्याय मिला। मकान खुलने के दौरान गांव के कई सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर संतलाल केसरवानी, मनोज पांडे, पप्पू केसरवानी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही।

## ग्राम चौपाल में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

- ग्राम चौपाल में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं, योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश
- कसीदहा/सदौपुर में प्रशासन गाँव के द्वार चौपाल में पेंशन, राशन, स्वास्थ्य व राजस्व मामलों पर हुई व्यापक समीक्षा
- हैंडपंप में समरसेबल डालने की शिकायत पर डीएम सख्त, जांच के आदेश; ग्राम चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही:-** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास खंड ज्ञानपुर/अभोली के ग्राम कसीदहा/सदौपुर स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनी गई तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। चौपाल में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बाल विकास परियोजना (सीडीपीओ) विभाग की समीक्षा करते हुए गर्भवती महिलाओं की एएनसी (एंटी नेटल चेकअप), बच्चों के पोषण स्तर तथा आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को समय से राशन वितरण सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला (विधवा) पेंशन एवं दिव्यांगजन पेंशन योजनाओं की स्थिति की भी समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा अन्य जनस्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने आगामी जनगणना की तैयारियों, सामुदायिक शौचालयों की स्थिति, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी निर्माण, राजस्व संबंधी मामलों तथा विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने गांव में लगे एक हैंडपंप में समरसेबल पंप डाले जाने की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष रखी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने तत्काल ग्राम विकास अधिकारी एवं संबंधित लेखपाल से मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने ग्रामीणों से संवाद कर गांव की सामाजिक एवं कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों से आपसी सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते उसका समाधान कराया जा सके। उन्होंने महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने के संबंध में भी ग्रामीणों को जागरूक किया। ग्राम चौपाल के माध्यम से प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जिससे ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर भानसिंह, जिला विकास अधिकारी सपना अवस्थी, जिला पूर्ति अधिकारी सुनील, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश त्रिपाठी, जिला प्रोवेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीकअप के चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**सीखड़।** चुनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पचराव गांव के समीप ड्यूटी करने जा रहे बिजली कर्मी को पीकअप ने टक्कर मार दी, जिससे बिजली कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीकअप को कब्जे में लेकर बिजली कर्मी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछवा भेजा। जानकारी के अनुसार श्री प्रकाश वर्मा 35वर्ष पुत्र पन्नालाल सेठ निवासी सीखड़ थाना चुनार कछवा विद्युत विभाग में कर्मचारी है।रोज की तरह सुबह सीखड़ अपने घर से ड्यूटी करने कछवा जा रहें थे कि पचराव गांव के पास एक पीकअप ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। ग्रामीणों ने पीकअप को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और पीकअप को कब्जे में ले लिया।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में दी विंध्यान स्कूल की प्रबंधक ने भेंट किए कूलर

**चुनार, मीरजापुर।** थाना चुनार परिसर में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में दी विंध्यान स्कूल की प्रबंधक ,समाजसेवी श्रीमती चंद्रलेखा राठौर द्वारा शुक्रवार को कूलर का सहयोग प्रदान किया गया। श्रीमती राठौर द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य की प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह, यातायात निरीक्षक सोनभद्र नरेंद्र कुमार सिंह,अपराध निरीक्षक सत्येंद्र यादव, अदलपुरा चौकी प्रभारी कुमार संतोष,हेड कांस्टेबल विमलेश सिंह, सुमित सिंह, विनय राय,कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह इत्यादि ने प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है

# आईजीआरएस शिकायतों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई, अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित आईजीआरएस समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शुभांगी शुक्ला ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर जोर देते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित एवं डिफाल्टर प्रकरणों को लेकर भी अधिकारियों को चेतावनी दी गई। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में भ्रामक अथवा गलत आख्या स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि किसी मामले में तथ्य छिपाने या गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने की शिकायत मिली तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को नवीनतम शासनादेशों का अध्ययन कर उनका पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही निस्तारण के दौरान स्थलीय निरीक्षण की फोटो एवं गवाहों के हस्ताक्षर भी संलग्न करने के निर्देश दिए। बैठक में उन ग्रामों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया, जहां शिकायतों की संख्या अधिक है या असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हो रहा है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ताओं से वार्ता करें और समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें, ताकि पोर्टल पर असंतुष्ट फीडबैक की स्थिति न बने। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि कोई भी मामला डिफाल्टर श्रेणी में न जाने पाए। साथ ही ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन पर भी बल दिया। बैठक में ईडीएम आशुतोष श्रीवास्तव को निर्देश दिया गया कि जिन विभागों में डिफाल्टर प्रकरण पाए गए हैं, उनसे तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्राप्त कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विजय नारायण सिंह, परियोजना अधिकारी आदित्य कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पाण्डेय, एआरटीओ राम सिंह वर्मा, समस्त तहसीलदार एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# आज 12 जून अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर आनंद पैलेस विवेकानंद चौराहा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




भदोही में श्रम विभाग भदोही द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्टी के मुख्य अतिथि अनिरुद्ध त्रिपाठी अध्यक्ष जिला पंचायत भदोही रहे इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी को जागरूक होना पड़ेगा, तथा समाज में प्रचार प्रसार के माध्यम से अभियान चलाकर बाल श्रम की समस्या को समाप्त किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मिठाई लाल दुबे अध्यक्ष ईट निर्माता संघ भदोही ने कहा कि सभी के प्रयास से ही बाल श्रम की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रवि पाटोदिया कालीन निर्यातक भदोही द्वारा भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा गया कि सभी के प्रयास से इस समस्या का संपूर्ण समाधान निकाल सकता है बाल श्रम हटाना है बच्चों को पढ़ना है गोष्ठी में पूनम मौर्या पूर्व ब्लाक प्रमुख भदोही प्रमुख समाजसेवी ने अपने विचार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि प्रचार प्रसार एवं अभियान चलाकर जन-जन तक यह संदेश दिया जाए की बाल श्रम समस्या एक सामाजिक एवं कानूनी अपराध है इस पर रोक लगाया जाना नितांत आवश्यक है तथा सभी को शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। इसी क्रम में आरती सिंह प्रमुख समाज सेवी भदोही ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि माता-पिता को भी जागरूक होना बहुत जरूरी है क्योंकि बच्चों के भविष्य निर्माता माता-पिता ही होते हैं। इस अवसर पर स्नेह लता श्रीवास्तव समाजसेवी भदोही द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में अवनीश त्रिपाठी श्रम प्रवर्तन अधिकारी भदोही, भदोही द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सरकार द्वारा संचालित श्रमिकों के हितार्थ योजनाओं के बारे में एवं श्रम कानून के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई इस अवसर पर मन्ना यादव उपाध्यक्ष ईट निर्माता संघ भदोही बृजेश कुमार सदस्य बधुआ निगरानी समिति भदोही अजय कुमार वीरेंद्र यादव, गुड्डू दुबे वकील यादव नारायण गुप्ता जमील अहमद गया सिंह राकेश सिंह संतोष यादव नितिन जायसवाल उर्फ रिशु सहित काफी संख्या में प्रतिष्ठान नियोजन स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं ईट भट्ठा संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत तिवारी द्वारा किया गया।

## कांग्रेस जिला महासचिव जजलाल राय को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट


- लखनऊ राजभवन का हर हाल में होगा घेराव-जिला महासचिव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** कांग्रेस कमेटी भदोही के जिला महासचिव जजलाल राय और कई अन्य नेताओं को प्रस्तावित प्रदर्शन को रोकने के लिए उन्हें चौरी क्षेत्र के जगरनाथपुर निवास स्थान पर ही पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर हाउस अरेस्ट किया गया। जजलाल राय ने कहा कि भाजपा सरकार पुलिस को आगे करके चाहे हाउस अरेस्ट करवाले और चाहे लाठी चल वाले,चाहे गोली चल वाले और चाहे जेल भेज वादे हम राहुल गांधी के बब्बर शेर है। जनहित के मुद्दों को लेकर न रुकेंगे और ना झुकेंगे। लखनऊ राजभवन का हर हाल में घेराव होगा भाजपा सरकार के रोकने से हम लोग रुकने वाले नहीं। श्री राय ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार हो रहे भ्रष्टाचार, NEET पेपर लीक, CBSE के OSM Evaluation System की खामियों और छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ अब आवाज़ बुलंद करने का समय आ गया है। श्री राय ने कहां कि उत्तर प्रदेश पूर्वी क्षेत्र के लाखों छात्रों के हक और न्याय की लड़ाई को लेकर 14 जून 2026, सुबह 10:00 बजे, कांग्रेस कार्यालय लखनऊ से राजभवन घेराव होगा उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख मांगें शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें, NTA को तुरंत बैन किया जाए,हश्वश्वञ्ज पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो,CBSE के OSM Evaluation System को समाप्त कर पारदर्शी मूल्यांकन लागू किया जाए, लखनउ विश्वविद्यालय के निष्काषित छात्रों की बहाली की जाए हम न रुकेंगे, न झुकेंगे जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलता, कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

# बहला-फुसलाकर युवती को ले जाने का आरोप, अपहरण का मुकदमा दज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हरपुर बुदहट -गोरखपुरः** हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है, जबकि परिजन युवती की सकुशल बरामदगी की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार पीड़िता की मां ने हरपुर-बुदहट थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 9 जून की दोपहर करीब 11 बजे उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाया गया। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि अवधेश पुत्र सुभाष, निवासी ग्राम चिकनीयाडीह, थाना मेंहदावल, जनपद संतकबीरनगर युवती को अपने साथ भगा ले गया। घटना के बाद परिवार के लोगों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद परिजनों ने पुलिस की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेते हुए हरपुर-बुदहट पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने युवती की तलाश के लिए अभियान तेज कर दिया है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कर लिया गया है। युवती की बरामदगी के लिए पुलिस टीमों को सक्रिय किया गया है। आसपास के गांवों और संभावित स्थानों पर छानबीन की जा रही है। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और युवती को जल्द से जल्द सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं परिजन लगातार पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। घटना के बाद गांव में लोगों के बीच चिंता और चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ



**सीखड़ संवाद,** शुक्रवार को सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार को विकास खण्ड के 2 ग्राम पंचायतों मे जन चौपाल का आयोजन कर जन समस्या सुनने के क्रम मे विकास खण्ड के ग्राम पंचायत शीलपी में खण्ड विकास अधिकारी श्री राम जी मिश्रा जिले से नोडल अधिकारी की अध्यक्षता मे ग्राम चौपाल मे आये विभागीय अधिकारियों , एवं कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभाग से संचालित योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को दी गई ।तथा उनसे योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। तथा अध्यक्षो द्वारा चौपाल मे आये ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यो को पढ़ कर सुनाया गया तथा दोनों ग्राम पंचायतों में कुल 5 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसे सुनकर मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।ग्राम चौपाल कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ नीलू मिश्रा ग्राम सचिव रश्मि सिंह, अर्चना सिंह ग्राम प्रधान शैलेंद्र कुमार चौबे ग्राम प्रधान प्रिती आंगनबाड़ी कार्यकत्री उर्मिला, कौशिल्या, सीमा, किरन संगीता तथा कृषि विभाग , पशुपालन, स्वास्थ विभाग की एनएम आशा बहू तथा अन्य विभागों के कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या में दोनों ग्राम पंचायतों की जनता उपस्थित रही।

### सीएचसी औराई में डॉक्टरों की अनुपस्थिति से मरीज बेहाल, स्वास्थ्य सेवाओं की खुली पोल

**ज्ञानपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) औराई में डॉक्टरों की अनुपस्थिति और अव्यवस्थाओं से मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तपती धूप में घंटों लाइन लगाकर पर्ची कटवाने के बाद भी मरीजों को डॉक्टर अपने कक्षों में नहीं मिल रहे हैं, जिससे अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मरीजों का आरोप है कि लंबी प्रतीक्षा के बाद जब वे उपचार के लिए डॉक्टरों के कमरों में पहुंचते हैं तो कई बार कुर्सियां खाली मिलती हैं। अस्पताल में पेयजल की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। पानी के जार खाली पड़े हैं, जबकि लाखों रुपये की लागत से स्थापित दोनों आरओ मशीनें लंबे समय से खराब बताई जा रही हैं। अस्पताल में जन्म प्रमाण पत्र फॉर्म के लिए शुल्क वसूले जाने की भी शिकायत सामने आई है। वहीं ऑक्सीजन प्लांट भी महीनों से बंद पड़ा है। मरीजों का कहना है कि एक व्यक्ति पिछले तीन दिनों से एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल के चक्कर लगा रहा है, लेकिन कभी बिजली न होने तो कभी तकनीशियन के अनुपस्थित रहने का हवाला देकर उसे वापस भेज दिया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण चंद दुबे ने बताया कि वह खमरिया स्थित एक अस्पताल के निरीक्षण पर गए थे। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### 183 साइबर ठगी पीड़ितों को भदोही पुलिस ने लौटाए 48.31 लाख रुपये

**भदोही।** जनपद में साइबर अपराध के शिकार लोगों को राहत दिलाने में भदोही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में वर्ष 2026 में अब तक जिले के सभी थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क द्वारा 183 मामलों में पीड़ितों के खातों में कुल 48 लाख 31 हजार रुपये वापस कराए गए हैं। पुलिस के अनुसार, साइबर ठगों द्वारा एपीके फाइल भेजकर मोबाइल हैक करने, सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से धोखाधड़ी कर लोगों के खातों से धनराशि निकालने संबंधी शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। इन मामलों में पीड़ितों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों तथा एनसीआरपी पोर्टल पर उपलब्ध विवरणों का परीक्षण कर साइबर हेल्प डेस्क ने त्वरित कार्रवाई की। परिणामस्वरूप विभिन्न मामलों में फंसी धनराशि को वापस कराने में सफलता मिली। अपने खातों में धनराशि वापस मिलने पर पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी तथा साइबर हेल्प डेस्क की सराहना करते हुए भदोही पुलिस का आभार जताया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही अज्ञात लिंक, एपीके फाइल, संदिग्ध निवेश योजनाओं और ऑनलाइन ठगी के झांसे से बचने की सलाह दी गई है।

# सांसद प्रतिनिधि टी एन सिंह नहीं रहे

**● हृदय गति रुकने से हुई मौत। छतनाग घाट पर हुआ अंतिम संस्कार।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी।







**फूलपुर** सर्दी क्षेत्र के संसद सदस्य प्रवीण पटेल के प्रतिनिधि टी एन सिंह की आज सुबह 10:00 बजे हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई।वे लगभग 65 वर्ष के थे। टी एन सिंह क्षेत्र में बहुत ही लोकप्रिय और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे।और फूलपुर क्षेत्र में एक एक सामाजिक व्यक्ति और राजनीतिक व्यक्ति के बारे में अच्छी जानकारी रखते थे। पत्रकार हो चाहे व्यवसाई हो या प्रगतिशील किसान सब में उनकी अच्छी जानकारी थी। और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी रखते थे।

सहसो के बगल ललचहा निवासी त्रिलोकी नाथ सिंह उर्फ टी एन के नाम से मशहूर सांसद प्रवीण पटेल से 2007 से जुड़े थे। जब वे पहली बारविधायक हुए।उनकी कर्मठता और सक्रियता और मिलन सरिता को देखतेहुए सांसद ने अपना प्रतिनिधि बना दिया था। सांसद जी क्षेत्र में रहे या क्षेत्र से बाहर उनके ना रहने पर उनके क्षेत्र का कोई भी काम रुकता नहीं था और जो भी जाता था टी एन पूरा प्रयाश करके हल कराने की कोशिश करते थे। उनके दो लड़के तथा लड़कियां तथा पत्निस भरा पूरा परिवार जिन्हेवे पीछे छोड़ कर चले गए।

स्वस्थ और कभी कोई बीमारी इसके पूर्व नहीं थी।प्रति दिन सुबह उठकर स्नान ध्यान करके नाश्ता किये उसके बाद उन्हें वाई तरफ हृदय के पीड़ा हुई।और वे विस्तार पर पुनः लेट गए।लेकिन पुनः उठे और सांसद जी कार्यालय जाने के लिए कपड़ा पहने लेकिन पुनः दर्द हुआ।उन्हें परिवार के लोग अस्पताल लेकर जा रहे थे कि रस्ते में दुबारा हृदय पर आघात लगा और वे बच नहीं सके।

उनकी मौत की सूचना जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई लोग हतप्रभ रह गए।देखते देखते उनके आवाश पर हजारों की भीड़ जुट गई।जो जहां सुना भाग कर दरवाजेपर पहुंचा।फूलपुर के विधायक दीपक पटेल भी एक घंटे के अंदर पहुंच कर उनको श्रद्धांजलि दी। सांसद प्रवीण पटेल दिल्ली में थे वह सुनकर आवाक रह गए और हवाई मार्ग से प्रयाग राज पहुंचे और अंतिम संस्कार में भाग लिये। सायं काल छत नाग घाट पर हजारों शुभ चिंतको के उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया और वह पंच तत्व में विलीन हो गए। वहां जो भी मौजूद था बिना मर्माहत हुए नहीं लौटा।

## ट्रैफिक चौराहे के पास बड़ा हादसा टला, बाइक समेत नाले में गिरा युवक, लोगों ने बचाई जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रयागराज।** शहर के व्यस्त ट्रैफिक चौराहे के पास स्थित किया शोरूम के बगल शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक मोटरसाइकिल सवार युवक अचानक अनियंत्रित होकर बाइक समेत नाले में जा गिरा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन स्थानीय लोगों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से युवक की जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीतम नगर निवासी प्रशांत केसरवानी अपनी हीरो होंडा मोटरसाइकिल (नंबर- UP70HJ7756) से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैफिक चौराहे के समीप किया शोरूम के बगल से गुजरते समय उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे बने नाले में जा गिरी। देखते ही देखते प्रशांत बाइक सहित नाले में फंस गए।

नाले में गिरते ही युवक ने मदद के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद दुकानदार, राहगीर और स्थानीय निवासी तत्काल मौके पर पहुंचे। लोगों ने बिना देर किए साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए नाले में गिरे युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि कुछ मिनट की भी देरी होती तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था। हालांकि समय रहते स्थानीय लोगों ने युवक को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। घटना में युवक को मामूली चोटें आईं, जबकि उनकी मोटरसाइकिल नाले में फंसी रही। बाद में लोगों की मदद से बाइक को बाहर निकालने का प्रयास किया गया।

## साइबर ठगी की शिकार महिला को वापस मिले 42 हजार रुपये

क्राइम

**भदोही।** थाना ऊंज की साइबर हेल्प डेस्क ने साइबर ठगी की शिकार एक महिला के खाते में 42,182 रुपये वापस कराकर बड़ी राहत दिलाई है। सोबरी निवासी महिला से आधार और पैन कार्ड अपडेट कराने के नाम पर अज्ञात साइबर ठगों ने खाते से धनराशि निकाल ली थी। शिकायत मिलने पर साइबर हेल्प डेस्क ने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से त्वरित कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप पूरी धनराशि पीड़िता के खाते में वापस करा दी गई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी एवं ऊंज पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने लोगों से साइबर ठगी से बचने के लिए ओटीपी, यूपीआई पिन और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने की अपील की है।

## हत्या के प्रयास के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, 4 अवैध देशी बम बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हंडिया/प्रयागराज।** हत्या के प्रयास के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चार अवैध देशी बम बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराएं बढ़ाते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार थाना हण्डिया में दर्ज मुकदमा संख्या 280/2026, धारा 109(1), 115(2) एवं 351(3) भारतीय न्याय संहिता से संबंधित वांछित अभियुक्त मो. समीर पुत्र सगीर अहमद, निवासी शाहगंज स्टेशन रोड, कस्बा मऊआइमा, थाना मऊआइमा, कमिश्नरेट प्रयागराज को शुक्रवार को थाना क्षेत्र के भेस्की पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से चार अवैध देशी बम बरामद हुए।

पुलिस ने बताया कि बरामदगी के आधार पर मुकदमे में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा 4/5 की बढ़ोत्तरी की गई है तथा आरोपी के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**पति-पत्नी के विवाद से जुड़ा है मामला**

जानकारी के अनुसार 10 जून 2026 को थाना हण्डिया क्षेत्र के वार्ड संख्या-08 स्थित महामाया कॉलोनी में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। आरोप है कि पति एवं उसके अन्य रिश्तेदारों ने मुकदमा वादिनी और उसकी बहन के साथ गाली-गलौज की, मारपीट की तथा तमंचे से फायरिंग भी की थी।

घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हण्डिया में हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस आरोपी मो. समीर की तलाश कर रही थी।

# चित्रकूट के आयुष हत्याकांड में फरार चल रहे दो और बदमाश गिरफ्तार, 15-15 हजार का इनाम था घोषित

**● आयुष हत्याकांड में दो इनामी आरोपित गिरफ्तार।**

**पांच माह से फरार थे नौशाद और इरशाद।**

**अपहरण और फिरौती की साजिश में शामिल।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चित्रकूट।** बहुचर्चित आयुष केसरवानी हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करीब पांच माह से फरार चल रहे 15-15 हजार रुपये के इनामी दो आरोपितों को मऊ पुलिस ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर अपहरण और फिरौती के लिए रची गई साजिश में शामिल होने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक मऊ श्रीप्रकाश यादव और उनकी टीम ने प्रयागराज थाना घूरपुर क्षेत्र स्थित उभारी करमा गांव से नौशाद अंसारी और इरशाद अंसारी को गिरफ्तार किया। दोनों सगे भाई हैं और इन पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

**आक्रोशित लोगों ने कई घंटे झांसी-मीरजापुर हाईवे को किया था जाम**

गौरतलब है कि 22 जनवरी 2026 को बरगढ़ कस्बे के रहने वाले अशोक केसरवानी के 13 वर्षीय पुत्र आयुष केसरवानी उर्फ छोटू का अपहरण कर 40 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। फिरौती की रकम न मिलने पर आरोपितों ने उसकी हत्या कर दी थी। शव मिलने के बाद आक्रोशित लोगों ने कई घंटे झांसी-मीरजापुर हाईवे पर जाम लगाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज की मदद से मुख्य आरोपित इरफान अंसारी और कल्लू उर्फ साहिबे इमाम की संलिप्तता उजागर की थी। पुलिस कार्रवाई के दौरान हुई मुठभेड़ में इरफान और कल्लू घायल गुए थे। अस्पताल में कल्लू की मौत हो गई थी।

**सभी आरोपियों पर होगी कठोर कार्रवाई**

इरफान को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचना में इरफान के भाई नौशाद और इरशाद के नाम भी षड्यंत्र में शामिल होने के रूप में सामने आए। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपित लंबे समय से फरार चल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर उनके घर के पास दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ अपहरण, हत्या, फिरौती और आपराधिक षड्यंत्र सहित विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है। एसपी का कहना है कि इस सनसनीखेज हत्याकांड में शामिल सभी आरोपितों के खिलाफ साक्ष्यों के आधार पर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## महिला से मारपीट का आरोप, तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

ब्रेकिंग न्यूज़

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के जंगलपुर गांव निवासी सपना मौर्या पत्नी राजेश मौर्य ने गांव के ही तीन लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, 4 जून 2026 को रात करीब 8 बजे उत्कर्ष मौर्य पुत्र धर्मेन्द्र कुमार, कंचन पत्नी धर्मेन्द्र तथा कविता पत्नी अजय कुमार ने उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए लात-घूंसों और लाठी से मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान उनके दाहिने पैर में चोट आई तथा शरीर के अन्य हिस्सों में भी अंदरूनी चोटें पहुंचीं। सपना मौर्या का कहना है कि घटना के बाद आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पुलिस शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए 16 लाख रुपये की ठगी, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के मुक्ता विहार कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति को साइबर ठगों ने व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़कर शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर करीब 16 लाख रुपये की ठगी का शिकार बना लिया। पीड़ित की शिकायत पर नैनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मुक्ता विहार कॉलोनी निवासी यीतेंद्र कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि साइबर ठगों ने उन्हें तीन अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल किया। इन ग्रुपों में शेयर बाजार में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। ठगों की बातों पर विश्वास कर उन्होंने तीन अलग-अलग कंपनियों के करंट अकाउंट में क्रमशः 3.33 लाख रुपये, 2.80 लाख रुपये तथा 10 लाख रुपये जमा कर दिए।

ठगों ने यीतेंद्र कुमार को यह भरोसा भी दिलाया कि उनकी रकम शेयर बाजार में निवेश कर दी गई है और उन्हें लगातार लाभ मिल रहा है। हालांकि जब उन्होंने अपनी निवेशित राशि निकालने का प्रयास किया तो ऐसा संभव नहीं हो सका। इसके बाद उन्हें अपने साथ ठगी होने का एहसास हुआ।पीड़ित ने पहले साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आवेदन संख्या के आधार पर नैनी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्हाट्सएप संदेश, कॉल या निवेश संबंधी प्रस्ताव पर बिना सत्यापन के भरोसा न करें तथा साइबर अपराधियों से सतर्क रहें।

## छिवकी स्टेशन मार्ग पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कराने की मांग, हादसे की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** एसपीओ टीम के प्रभारी अभय राज सिंह ने बताया की एरीवा कंपनी के सामने छिवकी स्टेशन जाने वाले मार्ग की गंभीर समस्या को उठाते हुए बताया कि एरीवा कंपनी के सामने से छिवकी स्टेशन तक लगभग 1 से 2 किलोमीटर लंबे मार्ग पर सड़क प्रकाश (रोड लाइट) की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री, ग्रामीण एवं आम नागरिक आवागमन करते हैं, जिन्हें अंधेरे के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने बताया कि मार्ग के किनारे कई स्थानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा नशाखोरी, जैसी गतिविधियां भी की जाती हैं, जिससे राहगीरों की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है। रात के समय अंधेरे के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा आपराधिक घटना होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।अभय राज सिंह ने कहा कि महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों के दौरान कुछ समय के लिए प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाती है, लेकिन आयोजन समाप्त होते ही क्षेत्र पुनः अंधेरे में डूब जाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या रेलवे विभाग एवं संबंधित अधिकारी आम नागरिकों की इस परेशानी से अनभिज्ञ हैं? उन्होंने रेलवे के




महाप्रबंधक, बिजली विभाग के अधिकारियों तथा उत्तर प्रदेश के माननीय ऊर्जा मंत्री से तत्काल संज्ञान लेते हुए शिवपुरी स्टेशन मार्ग पर स्थायी एवं पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कराने की मांग की।

## शादी के तीसरे दिन युवक की संदिग्ध मौत, फंदे से लटका मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हंडिया/प्रयागराज।** हंडिया क्षेत्र में शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब विवाह के महज तीसरे दिन एक युवक का शव घर में फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हंडिया क्षेत्र निवासी संतोष कुमार (28 वर्ष) का विवाह 7 जून को पूरे रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ था। 8 जून को दुल्हन की गृह प्रवेश की रस्म हुई और परिवार में खुशी का माहौल था। परिजनों के अनुसार किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि शादी के कुछ ही दिनों बाद ऐसा दुखद हादसा हो जाएगा।

बताया जा रहा है कि घटना वाले दिन संतोष घर के एक कमरे में गया था। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने उसे आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद जब कमरे का दरवाजा खोला गया तो संतोष का शव फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखते ही परिवार के लोगों के होश उड़ गए और घर में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही हंडिया पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फोरेंसिक साक्ष्यों और अन्य परिस्थितियों की भी जांच की जा रही है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। शादी के बाद घर में जहां खुशियों का माहौल था, वहीं अचानक हुई इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। क्षेत्र में भी घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

## 13 जून को आजमगढ़ आएंगे सीएम योगी, 925.30 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

**आजमगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 13 जून को जनपद आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर सुबह 11.50 बजे कार्यक्रम स्थल महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय परिसर स्थित हैलीपैड पर उतरेगा। 12 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

12 से एक बजे तक आजमगढ़ व मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र की 925 करोड़, 30 लाख रुपये की 39 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित करेंगे। एक बजे कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान कर 1.05 बजे हेलीपैड पहुंचेंगे। 1.10 बजे हेलीपैड से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर खेल मैदान गांधी इंटर कॉलेज महुआपार चिल्लूपार गोरखपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। डीएम रविंद कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## कौशांबी के टाउन एरिया कार्यालय में सभासद से मारपीट, जातिसूचक गालियां देकर फाड़े कपड़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कौशांबी।** करारी नगर पंचायत में वार्ड की समस्या लेकर दफ्तर पहुंचे सभासद से चेयरमैन के करीबी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज व मारपीट की। आरोपित ने सभासद के कपड़े फाड़ डाले व जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा कायम कर लिया है। मामले की जांच सीओ सिटी शिवांक सिंह को ट्रांसफर की गई है।

नगर पंचायत करारी के आजाद नगर मोहल्ला निवासी सुशील कुमार पुत्र रामबली धोबी का कहना है कि वह नामित सभासद हैं। आठ जून की दोपहर 12 बजे वह अपने वार्ड की समस्या को लेकर टाउन एरिया कार्यालय पहुंचे थे। आरोप है कि कार्यालय में पहले से मौजूद हजरतगंज निवासी एजाज कुरैशी पुत्र शरीफ ने उसे देखते ही जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की।

**एससी-एसटी की धारा में केस दर्ज**

विरोध करने पर आरोपित ने उसकी कालर पकड़ कर पिटाई की व कपड़े फाड़ डाले। दफ्तर में मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मारपीट व एससी-एसटी की धारा में मुकदमा कायम कर लिया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा पासवान ने विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया था। करारी की कान्हा



गोशाला में निरीक्षण के दौरान तमाम खामियां मिली थीं। जिस पर मंत्री ने नाराजगी जाहिर की थी। आरोप है कि चेयरमैन के करीबी एजाज ने इसी खुन्नस में सभासद के साथ मारपीट की। इस संबंध में डीएसपी शिवांक सिंह का कहना है कि आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## 13 जून से ग्राम सभाओं में होंगी खुली बैठकें, 30 जून तक फाइनल होगी पीएम आवास योजना की लिस्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत गरीब और आवासविहीन परिवारों की स्थायी पात्रता सूची तैयार करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। जनपद की 328 ग्राम सभाओं में 13 जून से खुली बैठकों का आयोजन शुरू होगा, जहां पात्र परिवारों का सत्यापन कर सूची तैयार की जाएगी। शासन के निर्देशानुसार पूरी प्रक्रिया 30 जून 2026 तक पूर्ण की जानी है।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि भारत सरकार के आवास सॉफ्ट पोर्टल पर जिले के 65,261 परिवारों का सर्वेक्षण डाटा उपलब्ध है, जिसका सत्यापन कराया जा रहा है। आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत स्थायी पात्रता सूची तैयार करने




के लिए आयुक्त, विकास एवं ग्राम्य उत्तर प्रदेश के दिशा-निर्देशों के अनुसार विकास खंडवार और ग्राम पंचायतवार रोस्टर तैयार कर संबंधित अधिकारियों को भेज दिया गया है।

ग्राम सभाओं में होंगी खुली बैठक

निर्धारित तिथियों पर ग्राम सभाओं में बैठकें आयोजित कर लाभार्थियों का सत्यापन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजना का लाभ केवल वास्तविक और पात्र परिवारों तक पहुंचे। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्राम सभाओं में होने वाली खुली बैठकों के दौरान ग्रामीण अपनी आपत्तियां और सुझाव भी दर्ज करा सकेंगे। सत्यापन के बाद तैयार की जाने वाली स्थायी पात्रता सूची के आधार पर भविष्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों का चयन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में एनीमिया पीड़ित 12 गर्भवती महिलाओं को लगाया गया आयरन इंजेक्शन



**त्रिवेणीगंज।** अनुमंडलीय अस्पताल में एनीमिया से ग्रसित गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए विशेष पहल की जा रही है। अस्पताल में अब तक 12 गर्भवती महिलाओं को फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज (Ferric Carbo&ymaltose) आयरन इंजेक्शन लगाया जा चुका है। अस्पताल प्रभारी डॉक्टर इंद्रदेव यादव के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान खून की कमी से जूझ रही महिलाओं की पहचान जांच के माध्यम से की जा रही है। चिकित्सकों की सलाह पर जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को आयरन की कमी दूर करने और हीमोग्लोबिन स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से यह इंजेक्शन दिया जा रहा है। स्वास्थ्य प्रबंधक एस आदिब अहमद ने बताया कि एनीमिया गर्भवती महिलाओं और गर्भस्थ शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। इसे देखते हुए अस्पताल में नियमित जांच और उपचार की व्यवस्था की गई है, ताकि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके।

### दो अलग - अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन घायल, प्राथमिक उपचार के बाद धनबाद रेफर



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखण्डः-** नारायणपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारायणपुर में प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। पहली दुर्घटना दोपहर करीब 12:30 बजे महतोडीह गांव के समीप हुई। जानकारी के अनुसार कोरीडीह वन गांव निवासी जाहिर अंसारी हीरो शोरूम से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान महतोडीह गांव के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें सीएचसी नारायणपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें धनबाद रेफर कर दिया। दूसरी दुर्घटना दोपहर करीब एक बजे शिवपुर के पास हुई। कुरता गांव निवासी विनोद पंडित और रोहित पंडित नारायणपुर से अपने घर लौट रहे थे। शिवपुर के निकट उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी नारायणपुर में उपचार के लिए लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

### आयुष्मान आरोग्य शिविर में 67 मरीजों की हुई जांच, टीबी मुक्त भारत अभियान को मिली गति

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के बरियठ्ठ प्राथमिक मध्य विद्यालय में शुक्रवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 'जन-जन को रखें ध्यान, टीबी मुक्त भारत अभियान' के तहत चलाए जा रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा प्रदान की गई। इस दौरान कुल 67 मरीजों का ओपीडी पंजीकरण किया गया, जिनमें 16 पुरुष एवं 51 महिलाएं शामिल थीं। स्वास्थ्य जांच के क्रम में 49 लोगों की एनसीडी (गैर-संचारी रोग) जांच, 64 लोगों का एक्स-रे तथा 4 लोगों के बलगम के नमूने संग्रहित किए गए। शिविर का संचालन डॉ. अंकुर विहान के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य टीम के सदस्य बिजेंद्र कुमार, माया देवी, बबिता देवी, फुल देवी, रीना वर्मा, सनौवर प्रवीण, सलेन्द्र कुमार, विक्रम कुमार एवं शमसाद आलम उपस्थित रहे। स्वास्थ्य कर्मियों ने ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं टीबी से बचाव के उपायों की जानकारी दी। साथ ही लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने और टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए जागरूक किया गया।

# एएचए ट्रेनिंग से बदलेगी पश्चिमी चंपारण की तस्वीर, अस्पतालों में होंगे हाई-स्किल्ड स्वास्थ्यकर्मी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** , को पश्चिमी चंपारण में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में 102 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राज्य सरकार के सहयोग से ज़ेन प्लस सर्विसेज द्वारा संचालित यह सेवा मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों की दक्षता बढ़ाने के लिए भी नई पहल कर रही है। इसी क्रम में ज़ेन प्लस प्राइवेट लिमिटेड ने 2 जून को पटना में बिहार के पहले अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) इंटरनेशनल ट्रेनिंग सेंटर की स्थापना की है। इस केंद्र के माध्यम से एम्बुलेंस कर्मियों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा इमरजेंसी रिस्पॉन्डर्स को वैश्विक मानकों के अनुरूप जीवनरक्षक कौशलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को त्वरित एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी तथा अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सकेगी। प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना केवल कौशल विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार होने से अस्पतालों, एम्बुलेंस सेवाओं और चिकित्सा संस्थानों की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। अब पश्चिमी चंपारण सहित बिहार के लोगों को इमरजेंसी हेल्थकेयर एजुकेशन के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पटना के ए.जी. कॉलोनी स्थित एएचए ट्रेनिंग सेंटर में विश्वस्तरीय प्रशिक्षण स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगा। मई 2026 के दौरान 102 एम्बुलेंस सेवा ने पश्चिमी चंपारण जिले में कुल 4,324 मरीजों को समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान की। इनमें 2,924 गर्भवती महिलाएं, 65 नवजात एवं गंभीर मरीज, 229 सड़क दुर्घटना पीड़ित तथा 1,106 अन्य मरीज शामिल रहे। सेवा की त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली और बेहतर संचालन व्यवस्था के कारण जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों का विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। ज़ेन प्लस के बिहार प्रोजेक्ट हेड दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार में एएचए ट्रेनिंग सेंटर जैसी पहलें कुशल स्वास्थ्यकर्मियों के निर्माण, इमरजेंसी केयर को सशक्त बनाने तथा हेल्थकेयर एजुकेशन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र बिहार और पड़ोसी राज्यों के डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स, मेडिकल छात्रों तथा इमरजेंसी रिस्पॉन्डर्स को एडवांस इमरजेंसी केयर ट्रेनिंग उपलब्ध कराकर रोजगार के बेहतर अवसर भी प्रदान करेगा।

# मंडल कारा के बंदी की जीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** मंडल कारा बेतिया में बंद एक कैदी की जीएमसीएच बेतिया में इलाज के दौरान मौत हो जाने से मामला चर्चा का विषय बन गया है। मृतक की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के बैशखवा वार्ड संख्या-6 निवासी चोकट साह के 35 वर्षीय पुत्र भूलन साह के रूप में हुई है। परिजनों ने उत्पाद विभाग पर मारपीट का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, 9 जून को सिकटा थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग की टीम ने भूलन साह को कथित रूप से नशे की हालत में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें मंडल कारा भेज दिया गया। बताया जाता है कि 10 जून को मंडल कारा में उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद कारा प्रशासन द्वारा उन्हें इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल (जीएमसीएच), बेतिया के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 12 जून, शुक्रवार को दोपहर करीब 1:30 बजे उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और अस्पताल प्रशासन मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गए। मृतक के परिजनों का आरोप है कि गिरफ्तारी के दौरान उत्पाद विभाग के कर्मियों द्वारा भूलन साह के साथ मारपीट की गई थी, जिसके कारण उनकी तबीयत बिगड़ी। परिजनों का कहना है कि उन्हें भूलन साह की बीमारी या अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी समय पर नहीं दी गई और उनकी मृत्यु के बाद ही मंडल कारा प्रशासन ने सूचना दी। परिजनों ने यह भी बताया कि 10 जून को ही भूलन साह की जमानत के लिए न्यायालय में आवेदन दायर किया गया था तथा जमानत की राशि भी जमा कर दी गई थी। इसके बावजूद उनकी रिहाई नहीं हो सकी। मृतक के स्वजनों के अनुसार, भूलन साह मंगलपुर स्थित अपने ससुराल क्षेत्र में घरारी की जमीन खरीदने के सिलसिले में गए थे और एडवांस राशि देने के लिए अपने साथ लगभग दो लाख रुपये नकद लेकर निकले थे। परिजनों का दावा है कि गिरफ्तारी के बाद से उक्त राशि और उनका मोबाइल फोन नहीं मिला है। उन्होंने इस बिंदु की भी निष्पक्ष जांच की मांग की है। भूलन साह अपने पीछे पत्नी लीलावती देवी और तीन छोटे बच्चों – प्रमोद कुमार (10 वर्ष), अखिलेश कुमार (8 वर्ष) एवं छबीला कुमार (6 वर्ष) को छोड़ गए हैं। परिवार का भरण-पोषण वे मछली खरीद-बिक्री के व्यवसाय से करते थे। फिलहाल पुलिस, अस्पताल प्रशासन और संबंधित विभाग पूरे मामले की जांच में जुटे हैं। वहीं, मृतक के परिजन घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा न्याय की मांग कर रहे हैं।

# बाल श्रम बच्चों के भविष्य पर कुठाराघात, इसे जड़ से मिटाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : मुकुंद साव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल संरक्षण मंच झारखंड के प्रदेश संयोजक एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड के प्रभारी मुकुंद साव ने कहा कि बाल श्रम समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में सबसे बड़ी बाधा बनता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षित बचपन उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में मुकुंद साव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ढ्रस्ह्र) द्वारा वर्ष 2002 से प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बाल श्रम के खिलाफ वैश्विक जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों को मजदूरी से मुक्त कराकर उनके अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि गरीबी, रोजगार के अवसरों की कमी, जागरूकता का अभाव, सामाजिक सुरक्षा की कमी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच न होना बाल श्रम के प्रमुख कारण हैं। हाल ही में मोरक्को में आयोजित बाल श्रम उन्मूलन संबंधी छठे वैश्विक सम्मेलन में वर्ष 2030 तक बाल श्रम समाप्त करने के लक्ष्य के साथ 'मराकेश ग्लोबल फ्रेमवर्क फॉर एक्शन' को अपनाया गया है। मुकुंद साव ने कहा कि भारतीय कानून के तहत बच्चों को खतरनाक उद्योगों में काम कराने पर पूर्ण प्रतिबंध है तथा 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्राप्त है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने के लिए केवल सरकार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को आगे आना होगा। उन्होंने बताया कि युवा प्रेस क्लब चौपारण ने चौपारण को बाल श्रम मुक्त प्रखंड बनाने का संकल्प लिया है, जबकि राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन झारखंड प्रदेश स्तर पर अभियान चलाकर राज्य को बाल श्रम मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करेगी। इस अवसर पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने भी लोगों से बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और बाल श्रम से दूर रखने की अपील की। वहीं, झापा पंचायत की पूर्व मुखिया पूर्णिमा देवी ने अभिभावकों से अपने बच्चों से मजदूरी नहीं कराने और उन्हें शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षित और सुरक्षित बचपन ही विकसित समाज की आधारशिला है।

# किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आम उत्सव सह बागवानी मेला का हुआ आयोजन

**●विभिन्न किस्मों के आम एवं आम से बने उत्पादों का हुआ प्रदर्शन और विक्रय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हज़ारीबाग, झारखण्डः-** उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देशानुसार ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा) एवं जेएसएलपीएस, हजारीबाग द्वारा बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत शुक्रवार को झील परिसर स्थित एम्फीथिएटर में आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह एवं महापौर श्री अरविंद राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेले में जिले के विभिन्न प्रखंडों के किसानों, आम उत्पादकों तथा जेएसएलपीएस के स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाकर आम एवं आम से निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। मेले में मियांजाकी, आम्रपाली, स्वर्णरेखा, तोतापरी, मालदा, मलिका, हिमगिरी, हिमसागर, अल्फांसो, दशहरी एवं लंगड़ा सहित विभिन्न किस्मों के आम प्रदर्शित किए गए। इसके अतिरिक्त आम का अचार, लड्डू, चटनी, मुरब्बा, जेली एवं आमचूर जैसे उत्पाद भी बिक्री हेतु उपलब्ध रहे। कार्यक्रम के दौरान आम उत्पादक किसानों ने अपने अनुभव साझा किए तथा आम उत्पादन की संभावनाओं एवं तकनीकों की जानकारी दी। किसानों ने बागवानी आधारित आजीविका को बढ़ावा देने तथा अन्य किसानों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त हेमन्त सती, उप विकास आयुक्त रिया सिंह एवं महापौर अरविंद राणा ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपायुक्त हेमन्त सती ने कहा कि मेले का उद्देश्य बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत विकसित आम बागानों से प्राप्त उत्पादन के विपणन को प्रोत्साहित करना तथा किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन उत्पादकों एवं व्यापारियों के बीच समन्वय स्थापित करने में सहायक होंगे तथा किसानों, विशेषकर महिला किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त करने में मदद करेंगे। आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाएगा। उन्होंने मीडिया से अपील करते हुए कहा कि आम नागरिकों एवं व्यापारी वर्ग तक जिला प्रशासन की इस पहल को पहुंचाने का कार्य करें ताकि व्यापारी वर्ग भी इस उत्सव में शामिल होकर इसका लाभ प्राप्त करें। उप विकास आयुक्त रिया सिंह ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत लगाए गए आम के पौधों से अब उत्पादन प्राप्त होने लगा है। किसानों को उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य दिलाने तथा स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने आम नागरिकों एवं व्यापारियों से मेले में शामिल होकर इसका लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान आम उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आम उत्पादक किसानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने किसानों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बागवानी आधारित कृषि को और बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। आम उत्सव सह बागवानी मेला झील परिसर स्थित एम्फीथिएटर में रविवार तक आयोजित रहेगा, जहां आम एवं आम से निर्मित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा।

# योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी, डीआरडीए निदेशक ने दिए सुधार के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** शुक्रवार को डीआरडीए निदेशक विजय कुमार ने नारायणपुर प्रखंड की बंदरचुवा पंचायत में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, मनरेगा योजना, जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान तथा अन्य विकास कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की रिपोर्ट जिला मुख्यालय को सौंपी जाएगी। निरीक्षण के दौरान यूपीएस बंदरचुवा विद्यालय में 99 छात्रों की उपस्थिति दर्ज पाई गई। वहीं मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) की मात्रा इतनी कम थी कि उससे केवल 30-40 छात्रों का ही भोजन हो सकता था। इस पर डीआरडीए निदेशक ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने बंदरचुवा गांव में अहमद अंसारी की आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने पौधों को बेहतर सहारा (सपोर्ट) देने तथा तीन वर्ष बाद ही फल लेने की सलाह दी। साथ ही बागवानी क्षेत्र में जलकुंड निर्माण कराने का निर्देश भी दिया। कोरीडीह-2 स्थित जनवितरण प्रणाली दुकान में दुकानदार मो. अनवर अंसारी के यहां अनाज उठाव एवं वितरण पंजी की जांच की गई। अधिकारियों ने अनाज का वजन कर वजन मशीन की भी जांच की तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि पंचायत का स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित नहीं हो रहा है तथा उसका भवन जर्जर अवस्था में है। इस पर संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मौके पर बीडीओ देवराज गुप्ता, कल्याण पदाधिकारी दिवाकर कुमार, कनीय अभियंता वकील मरांडी, मुखिया प्रतिनिधि पान मरांडी, पंचायत समिति सदस्य हबीब अंसारी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। डीआरडीए निदेशक ने कहा कि सरकारी योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि आम लोगों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।

# मंत्री इरफान अंसारी के बयान पर भाजपा नेत्री शेफ़ाली गुप्ता की तीखी प्रतिक्रिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हज़ारीबाग,झारखंडः-** झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी द्वारा भाजपा की महिला विधायकों को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा नेत्री शेफ़ाली गुप्ता ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि यह बयान न केवल महिला विधायकों का अपमान है, बल्कि महिलाओं की राजनीतिक समझ, स्वतंत्र सोच और निर्णय क्षमता पर भी सवाल खड़ा करता है। शेफ़ाली गुप्ता ने कहा कि किसी राजनीतिक दल के सामूहिक निर्णय को महिला विधायकों के चरित्र और निजी भावनाओं से जोड़ना बेहद आपत्तिजनक और महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे मंत्री से ऐसी टिप्पणी की अपेक्षा नहीं की जा सकती। उन्होंने इरफान अंसारी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जिन परिमल नाथवानी जी को लेकर आज आरोप लगाए जा रहे हैं, उन्हें वर्ष 2008 में तत्कालीन झामुमो-कांग्रेस समर्थित सरकार ने एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में समर्थन दिया था। इतना ही नहीं, झामुमो ने अपने उम्मीदवार की कीमत पर भी उनका समर्थन किया था। वर्ष 2014 में भी उनके खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारा गया था, जो उनके योगदान और विकासोन्मुखी कार्यों के प्रति मौन समर्थन माना गया। भाजपा नेत्री ने कहा कि आज यदि विधायक झारखंड के विकास, उद्योग और राज्यहित को ध्यान में रखकर किसी उम्मीदवार का समर्थन करते हैं, तो उसे गलत अर्थ देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन महिलाओं की गरिमा और सम्मान पर टिप्पणी करना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में स्वीकार्य नहीं हो सकता। शेफ़ाली गुप्ता ने कहा 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी।' व्यक्ति दूसरों में वही देखता है, जो उसके अपने मन में होता है। उन्होंने मंत्री इरफान अंसारी से अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग भी की।

# पाकुड़िया में झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडे का भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड ,** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडे का पाकुड़ जाने के क्रम में गुरुवार शाम पाकुड़िया स्थित झामुमो प्रखंड कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उन्हें माला पहनाकर तथा पार्टी के समर्थन में नारे लगाकर गर्मजोशी से अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्री पांडे के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पार्टी को मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में देबीलाल हांसदा, मैनुद्दीन अंसारी, मुनीराम मरांडी, छोटू भगत, निगार अंसारी, कालिदास टुडू, निवारण मरांडी, अब्दुल बनीज, शिलवंती मुर्मू, मजबूल शेख, अकबर अली, करण गुप्ता, लखीचंद मंडल, प्रसेंजीत दास, मोईन आलम, सिकंदर अली, अनिसूर रहमान, शाहजहां अंसारी, अब्दुल मनाफ, नरेश हांसदा सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि पार्टी नेतृत्व के मार्गदर्शन में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा।

# रेलवे फाटक के पास अवैध शराब कारोबार का हुआ भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बोकारो, झारखंडः-** बालीडीह थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक के समीप स्थित एक लाइन होटल और जनरल स्टोर में अवैध रूप से शराब बिक्री की सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद की है। इस दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को 11/12 जून की रात गुप्त सूचना मिली थी कि रेलवे फाटक के पास स्थित अमर लाइन होटल में अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। सूचना मिलने पर वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अमर लाइन होटल तथा उसके बगल में स्थित सुमित्रा जनरल स्टोर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों से विभिन्न ब्रांडों की कुल 264 बोतल अंग्रेजी शराब तथा 101 बोतल/कैन बीयर बरामद की गई। बरामद शराब के संबंध में जब वैध कागजात की मांग की गई तो संचालकों द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। कार्रवाई के दौरान अमर लाइन होटल के मैनेजर अविनाश सिंह तथा सुमित्रा जनरल स्टोर के मालिक सूरज कुमार (सिंह) को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि बरामद शराब में ब्लेंडर्स प्राइड, रॉयल स्टैग, मैकडॉवेल्स, सिग्नेचर, चिवास रीगल, जॉनी वॉकर, बकार्डी सहित कई नामी ब्रांड शामिल हैं। साथ ही बड़ी संख्या में बडवाइजर, गॉडफादर और टुबॉर्ग बीयर भी जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले में अग्रेतर अनुसंधान जारी है तथा अवैध शराब कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोर्ट के आदेश के 11 महीने बाद भी नहीं हुई जमीन की पत्थरगड्डी

**कानूनगो व लेखपाल द्वारा दबंग व्यक्ति के प्रभाव में आकर की जा रही हीलाहवाली पीड़ित व्यक्ति ने डीएमसोनभद्र व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र को प्रार्थना पत्र देकर लगाई गुहार**

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**- कोर्ट के आदेश के 11 महीने बाद भी जमीन की पथरगड्डी नहीं हुई। सिर्फ कानूनगो व लेखपाल द्वारा दबंग व्यक्ति के प्रभाव में आकर हीलाहवाली की जा रही है। पीड़ित व्यक्ति ने डीएम सोनभद्र व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है। पीड़ित व्यक्ति मुल्ला खान पुत्र स्वर्गीय अरमान खान निवासी ग्राम बनौरा प्रथम, थाना पन्नूगंज, जिला सोनभद्र ने आरोप लगाया है कि डिप्टी कलेक्टर रॉबर्ट्सगंज के न्यायालय ने 25 जून 2025 को आराजी नम्बर 198 मि की पथरगड्डी का स्पष्ट आदेश पारित किया गया है। जिसमें राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को टीम के साथ मौके पर जाकर सीमांकन करने को कहा गया था। बावजूद इसके 11 महीने बीत जाने के बाद भी कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है, बल्कि कानूनगो व लेखपाल द्वारा आदेश की अवहेलना की जा रही है। इतना ही नहीं कभी धान की फसल तो कभी गेहूं की फसल का बहाना बनाकर लगातार हीलाहवाली की जा रही है। यह कार्य जमीन के बगल के दबंग के प्रभाव में हो रहा है, क्योंकि दबंग ने जमीन के कुछ हिस्से पर अवैध कब्जा कर रखा है। दबंग व्यक्ति द्वारा जान मारने की धमकी भी दी जा रही है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र मे पीड़ित व्यक्ति मुल्ला खान अपने अधिवक्ता पुत्र शाहनवाज आलम खान के साथ एक शिकायत पत्र डीबीए कार्यालय में देकर कोर्ट के आदेश का अनुपालन कराए जाने की मांग की है।

### चलती ट्रेन से गिरकर युवक हुआ घायल



कोंच(जालौन)- गुरुवार देर शाम एक युवक चलती ट्रेन से नीचे गिरकर घायल हो गया। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। घायल युवक ने अपना नाम अमान (35) पुत्र लक्ष्मण निवासी ग्राम चैनमिला जिला सागर एमपी बताया है। उसने बताया कि वह ट्रेन के दरवाजे के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सोमई रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रेन से नीचे गिर पड़ा। क्रॉसिंग पर ड्यूटी कर रहे रेलवे कर्मचारी ने उसे घायलावस्था में देखा और फिर उसे एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घायल युवक से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली।

### आम रास्ते पर कब्जा करने की शिकायत की

**कोंच(जालौन)**- दबंगों द्वारा आम रास्ते पर लिढौरी बनाकर छप्पर डाल लेने और विरोध करने पर गाली गलौच कर धमकी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित व्यक्ति ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम नरी निवासी मैथिलीशरण पुत्र रघुराज परिहार ने शुक्रवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि कुछ दिनों से वह गांव से बाहर था इसी दरम्यान गांव के ही कुछ दबंगों ने उसके घर आने-जाने वाले आम रास्ते पर लिढौरी बनाकर एवं छप्पर डालकर अवैध कब्जा कर लिया है। गांव पहुंचने पर उसने इसकी शिकायत थाना पुलिस से की तो पुलिस ने मौके पर आकर उक्त लोगों से अवैध कब्जा हटाने को कहा था लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया। उक्त लोग अब गाली गलौच कर उसे धमकी दे रहे हैं और मारपीट करने पर आमादा हैं। मामले को लेकर मैथिलीशरण ने एसडीएम से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

### बाइक से गिरकर महिला हुई घायल

**कोंच(जालौन)**- गुरुवार देर रात सड़क हादसे में बाइक से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, कोंच तहसील क्षेत्र के ग्राम बिलाया निवासी गुलफ़शा अपने पति इस्लाम के साथ उरई में रहने वाली अपनी बीमार बहन का हालचाल लेने गई थी। बहन से मिलने के बाद गुरुवार रात करीब 10 बजे दोनों बाइक से अपने गांव बिलाया वापस लौट रहे थे। जब उनकी बाइक सोमई बाईपास के पास पहुंची तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से गुलफ़शा बाइक से नीचे सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। एंबुलेंस की मदद से गुलफ़शा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया।

## जिलाधिकारी के नेतृत्व में सोनभद्र ने रचा नया कीर्तिमान, मात्र 7 दिनों में 80 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया

**● मूल्यांकन सूची पुनरीक्षण अभियान को मिली ऐतिहासिक सफलता, 4 दिनों में 45 प्रतिशत तथा 7 दिनों में 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -जनपद सोनभद्र में आगामी जुलाई माह से लागू होने वाली नई मूल्यांकन सूची (सर्किल रेट) के निर्धारण हेतु जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। जिलाधिकारी के सतत अनुश्रवण, प्रभावी रणनीति एवं सभी संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप जनपद ने प्रदेश स्तर पर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विशेष खसरा फीडिंग अभियान के अंतर्गत मात्र 4 दिनों में लगभग 45 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया तथा केवल 7 दिनों में ही 80 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुए सोनभद्र ने प्रदेशीय रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार दर्ज कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर लिया है। यह उपलब्धि जनपद प्रशासन की कार्यकुशलता एवं अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। संपत्तियों के यथार्थ एवं वैज्ञानिक मूल्यांकन में खसरा संख्याओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इन्हीं के आधार पर भूमि की वास्तविक स्थिति, उपयोगिता तथा मूल्य को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों का सटीक आकलन किया जाता है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद की सभी तहसीलों में युद्धस्तर पर अभियान चलाकर खसरा संख्याओं की ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित की जा रही है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक भूमि की अवस्थिति का विस्तृत विवरण भी संकलित किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग अथवा अन्य मार्गों से किस प्रकार जुड़ी हुई है। साथ ही भूमि के आसपास उपलब्ध आवासीय, व्यावसायिक एवं अन्य विकासात्मक गतिविधियों का भी विवरण दर्ज किया जा रहा है। इससे संपत्तियों का बाजार मूल्य अधिक पारदर्शी, तर्कसंगत एवं वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप निर्धारित किया जा सकेगा। जनपद स्तर पर उपनिबंधक, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयासों से यह कार्य निरंतर प्रगति पर है। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने निर्देशित किया है कि मूल्यांकन सूची का निर्माण स्थानीय परिस्थितियों, भूमि की वास्तविक उपयोगिता तथा बाजार की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए किया जाए, जिससे आमजन को पारदर्शी, न्यायसंगत एवं व्यवहारिक व्यवस्था का लाभ प्राप्त हो सके। सोनभद्र की यह उपलब्धि न केवल प्रदेश में जनपद की कार्यक्षमता का परिचायक है, बल्कि भविष्य में अधिक सटीक एवं पारदर्शी सर्किल रेट निर्धारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध होगी।

## ओबरा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा / सोनभद्र** -पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक ओबरा सदानन्द राय के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना ओबरा पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म एवं धमकी से सम्बन्धित घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 12.06.2026 को एक व्यक्ति द्वारा थाना ओबरा पर लिखित सूचना दी गई कि शिवम प्रजापति पुत्र सुशील प्रजापति निवासी सेक्टर-8, ओबरा उसकी 17 वर्षीय पुत्री का लगभग एक वर्ष से पीछा करता था तथा बहला-फुसलाकर उसे होटल ले जाता था। दिनांक 07.06.2026 को अभियुक्त द्वारा पीड़िता को रास्ते में रोककर गाली-गलौज की गई तथा उसके फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने एवं उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0 129/2026 धारा 65(1), 64(2)(एम), 352, 351(3), 127(2) बीएनएस एवं 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(वी) एससी/एसटी एक्ट* का अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण में त्वरित विवेचना एवं साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए अभियुक्त शिवम प्रजापति को दिनांक 12.06.2026 को समय 10:45 बजे चड्ढा मार्केट, ओबरा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त शिवम प्रजापति पिता सुशील प्रजापति, उम्रः 21 वर्ष, निवासी सेक्टर-8, ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र । गिरफ्तार/अनावरण करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, कांस्टेबल प्रवीण कुमार राय, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र शामिल रहे। सोनभद्र पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सतत जारी है।

## कथा श्रवण से होती है मन की शुद्धि, मिलती है मुक्तिः धानी शास्त्री

**●यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**- कसारी रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम परिसर में शुक्रवार को विराट रुद्र महायज्ञ में पूजन-अर्चन कराया गया।यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान जयकारे से समूचा परिसर गुंजायमान हो गया। शिव मंदिर में दूध से रुद्राभिषेक पूजन कराया गया, जबकि कमल व गुलाब के फूल से बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। वृंदावन से आई बाल कथा वाचिका धानी शास्त्री ने कहा कि कथा श्रवण करने से मन शुद्ध होता है और मुक्ति मिलती है। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म से लेकर माता यशोदा तक बासुदेव जी के जरिए भगवान श्री कृष्ण को पहुंचाने की लीला का रसपान कराया। वहीं भजन संध्या में वाराणसी से आए राष्ट्रीय बाल कलाकार श्री राम कृष्ण, श्री राधा कृष्ण व श्री राधे कृष्ण ने एक से बढ़कर एक भजन, गीत व गजल सुनाया। वृंदावन से आए कलाकारों की रासलीला देखने को भारी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी व अमरेश तिवारी द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं पूजन कार्य कराया जा रहा है। शिव मंदिर में दूध, गंगाजल से रुद्राभिषेक पूजन कराया गया और कमल व गुलाब के फूल से बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी जा रही है। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने ने यह भी बताया कि 13 जून को विराट रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति अयोध्या के महंत कमलनयन दास जी महाराज द्वारा होगी। इसके अलावा कन्याओं की शादी कराई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य यजमान दिनेश, उषा देवी, रूपा गुप्ता, देवेंद्र कुमार, चिंता मौर्य, उर्मिला देवी, विमला देवी, शशि देवी, विजय सिंह, मनीष कुमार, कृति सागर, शुभराम महाराज, परमानंद, रमेश कुमार, प्रहलाद, रामखेलावन, किरन मोदनवाल, मानवी, संगीता, मुन्ना बाबा, केवलानंद महाराज, कालो देवी, डॉक्टर विजय, हीरा सिंह, विवेक कुमार मालवीय आदि मौजूद रहे।

## दोनों पैरों से दिव्यांग राहुल को मिला सहारा, जिलाधिकारी ने भेंट की ट्राई साइकिल

**● जनसुनवाई में संवेदनशील पहल, ट्राई साइकिल पाकर भावुक हुए राहुल; आंखों से छलक पड़े खुशी के आंसू**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश**-जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान उस समय भावुक क्षण देखने को मिला, जब जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने दोनों पैरों से दिव्यांग श्री राहुल कुमार पुत्र रतन प्रसाद, निवासी चोपन मार्केट, सब्जी मंडी के पास को ट्राई साइकिल प्रदान की। वर्षों से आवागमन की कठिनाइयों से जूझ रहे राहुल को जब ट्राई साइकिल मिली तो उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक उठी और उनकी आंखें नम हो गईं। राहुल कुमार दोनों पैरों से दिव्यांग हैं, जिसके कारण उन्हें अपने दैनिक कार्यों एवं आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। जनसुनवाई के दौरान उनकी समस्या जिलाधिकारी के संज्ञान में आने पर तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए उन्हें ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। ट्राई साइकिल प्राप्त करने के बाद राहुल ने भावुक होकर उ0प्र0 शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सहायता उनके लिए केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। अब वे अपने दैनिक कार्य पहले की अपेक्षा अधिक सुगमता से कर सकेंगे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पात्र दिव्यांगजनों को शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाएगा।

## इप्टा कार्यशाला में प्रतिभागियों को कलात्मक विधाओं का दिया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- स्थानीय कमला नेहरू बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल एवं भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) की ग्रीष्मकालीन नाट्य प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिभागियों को विभिन्न कलात्मक विधाओं का प्रशिक्षण दिए जाने के साथ-साथ उनके बौद्धिक विकास के लिए भी विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों में विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों को आमंत्रित कर प्रतिभागियों के साथ संवाद स्थापित कराया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित सत्र में अयोध्या शहर के पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध सिंह सहित कई अन्य अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अभिनय, व्यक्तित्व विकास तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अनिरुद्ध सिंह ने प्रतिभागियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए कहा कि कला और रंगमंच व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश महासचिव बृजेश सिंह राजावत ने कहा कि युवाओं को अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियां समाज में जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं तथा इनके माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बृजबल्लभ सिंह सेंगर ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति का समन्वय व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को निरंतर अध्ययन और अभ्यास के माध्यम से अपने लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा दी। शिक्षक विवेक सिंह ठाकुर ने कहा कि कला व्यक्ति के भीतर छिपी संवेदनाओं और रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रतिभागियों से सीखने की जिज्ञासा बनाए रखने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का आह्वान किया। इप्टा के प्रांतीय सचिव डॉ. नईम बॉबी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य केवल अभिनय प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं में सामाजिक सरोकार, सांस्कृतिक चेतना और रचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करना भी है। कार्यशाला संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने संचालन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों की सफल एवं प्रेरणादायी हस्तियों के अनुभव प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। आये हुए अतिथियों का प्रशिक्षिका सानिया सलमानी ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान भारी संख्या में बाल रंगकर्मी मौजूद रहे।

## अदलगंज मे किसान सभा का आयोजन किसान हितैषी योजनाओ का उठायें लाभः डाक्टर संजीत राव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चोपन/ सोनभद्र** - भारत सरकार द्वारा संचालित खेती बचाओ अभियान के अंतर्गत चोपन ब्लॉक के अदलगंज ग्राम में एक किसान सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केवीके वैज्ञानिक डॉ. संजीत राव, डॉ. अवधेश सिंह, ग्राम प्रधान, एडीओ एजी पंकज यादव, एटीएम भुवनेश्वर तथा पीपीओ नारायण जी उपस्थित रहे। सभा का संचालन करते हुए एडीओ कृषि चोपन द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न संचालित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। तत्पश्चात डॉ. संजीत राव द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु अपनाए जाने वाले विभिन्न उपायों पर प्रकाश डाला गया। डॉ. अवधेश सिंह ने पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों एवं उनके बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां किसानों को प्रदान कीं। पीपीओ नारायण जी द्वारा खेती में रसायनों के महत्व एवं उनके संतुलित उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर आरोह फाउंडेशन से एफसी नीतीश नितेश सिंह एवं नीरज पांडे द्वारा किसानों को बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के उपायों तथा नाबार्ड द्वारा संचालित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने किसानों को डिजिटल लेन-देन के दौरान सावधानियां बरतने एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया। इफको फर्टिलाइज़र सोनभद्र से अवनीश कुमार पांडे एसएफए इफको के द्वारा विभिन्न उत्पादों, जो जैविक खेती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे नेचुरल पोटाश, सागरिका तथा एनपीके क्लासिकल आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आगामी खरीफ सीजन में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग से उत्पादन लागत कम करने, बेहतर एवं संतुलित पैदावार प्राप्त करने तथा दानेदार उर्वरकों की खपत को कम करने के संबंध में किसानों को विशेष रूप से जागरूक किया गया। अंत में ग्राम प्रधान द्वारा सभी आगंतुको एवं किसानों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

## मसालों की थोक एवं निर्माण इकाइयों पर खाद्य विभाग ने की छापेमारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जनपद में गुरुवार व शुक्रवार को विशेष अभियान चलाकर विभिन्न ब्रांडों के मसालों की थोक एवं निर्माण इकाइयों पर सघन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर पांच नमूने संग्रहित किए। खाद्य सचल दल द्वारा जनपद की विभिन्न मसाला निर्माण एवं विक्रय इकाइयों का निरीक्षण किया गया।अभियान के दौरान औद्योगिक क्षेत्र सुखपाल नगर स्थित मेसर्स श्री रमा गृह उद्योग से धनिया पाउडर के दो नमूने संग्रहित किए गए। वहीं करनपुर स्थित मेसर्स हनुमत ट्रेडर्स से मिर्च पाउडर एवं हल्दी पाउडर के दो नमूने लिए गए। इसके अतिरिक्त मौलानी शीतलागंज स्थित मेसर्स प्रकाश एजेंसी से काली मिर्च का एक नमूना संग्रहित किया गया।इस प्रकार कुल पांच विधिक नमूनों को संग्रहित कर गुणवत्ता एवं मानकों की जांच के लिए प्रयोगशाला को भेजा गया। वहां से रिपोर्ट प्राप्त होने के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन सिंह, संतोष कुमार दूबे, श्री यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डॉ. तूलिका शर्मा तथा डॉ. शमशुन नेहा सहित खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम उपस्थित रही।

## शक्ति एक पहल' ने चलाया सई नदी सफाई अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** सामाजिक संस्था 'शक्ति एक पहल' द्वारा शुक्रवार को सई नदी की गरिमा को बहाल करने के लिए एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस पुनीत कार्य में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका ईओ राकेश कुमार तथा नगर पालिका सफाई निरीक्षक संतोष सिंह सम्मिलित हुए। अभियान अभियान में क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें सुरेंद्र प्रताप सिंह, पत्रकार संतोष पांडेय,ग्राम प्रधान शिवाजी सिंह और मंदिर समिति के पुजारी गण शामिल रहे।संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती दीपिका सिंह और को-फाउंडर प्रेम सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान में 250 से अधिक उत्साही वॉलंटियर्स ने हिस्सा लिया। इस मौके पर अनूप मिश्रा, महेंद्र सिंह, विश्वजीत सिंह और महेश वर्मा जैसे सक्रिय सदस्यों ने पूरी टीम का हौसला बढ़ाया।

## अजय ठाकुर कह रहा है,जान से मार दूंगा, आरोपी रील बना कर पुलिस को दे रहा है चुनौतीः महंत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर केशवपुरम आश्रम के महंत पर हमला करने वाला हिस्ट्री शीटर अजय ठाकुर अब सोशल मीडिया पर धमकियां दे रहा है,, पुलिस अभी तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी, वहीं महंत ने कहा कि अजय ठाकुर कह रहा है कि जान से मार दूंगा,, आपको बताते चलें कि कानपुर के रावतपुर क्षेत्र के आवास विकास केशवपुरम में महंत पर हमला करने वाला गैंगस्टर अजय ठाकुर अब उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है, पीड़ित महंत ने वीडियो जारी कर पुलिस से रक्षा करने की गुहार लगाई है, महंत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हैं,,उधर वांछित होने के बाद भी शहर में रील बनाकर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुट गई है,बर्रा के हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर ने केशवपुरम के त्रिलोकीनाथ धाम आश्रम के महंत भोलागिरि पर जानलेवा हमला किया था,,इस संबंध में महंत की तहरीर पर पुलिस ने हिस्ट्री शीटर,उसकी प्रेमिका समेत कई लोगों पर मुकदमा दर्ज किया था, हिस्ट्रीशीटर की रावतपुर पुलिस अभी तक गिरफ्तारी नहीं कर पाई,, वहीं हिस्ट्रीशीटर अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर कई वीडियो वायरल कर पुलिस को चुनौती दे रहा है,,, कल्याण पुर एसीपी आशुतोष कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में हैं,, आरोपी अजय ठाकुर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही है।


## बंद कमरे में मिला बुजुर्ग का सड़ा गला शव, गुमशुदगी दर्ज करा ढूंढ रहे थे परिजन, दुर्गंध आने पर हुआ खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना रावतपुर क्षेत्र अंतर्गत एक सेवानिवृत्त कर्मी का शव उनके घर के बंद कमरे से बरामद हुआ,, बुजुर्ग चार दिन से लापता थे और परिजन उनकी तलाश कर रहे थे, जबकि शव घर के नीचे वाले कमरे में पड़ा था,, आनन्द नगर रावतपुर निवासी ईबख्श 92 वर्ष,गन फैक्ट्री से 2003 में सेवा निवृत्त हुएं थें, परिवार में बेटा अनुराग,बहू, और उनके बच्चे,और बेटी अलका हैं,, परिजनों के मुताबिक ईबख्श घर के भूतल में अलग-अलग रहते थे, जबकि बेटा अपने परिवार के साथ ऊपरी मंजिल में रहता था,ईबख्श रविवार से लापता हो गए थे,उनकी काफ़ी तलाश की गई,परिजन उनके भाई के घर पहुंचे,जो कुछ दूरी पर रहते हैं, लेकिन वहां भी कोई पता नहीं चला,, मोहल्ले में तेज दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने बेटे से शिकायत की, इसके बाद 10 जून को रावतपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई, परिवार के लोगों ने रेलवे स्टेशन अस्पतालो बस अड्डा,अन्य संभावित स्थानों पर खोजबीन की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली,इस बीच रात घर के आस पास दुर्गंध महसूस हुई, शुक्रवार को तेज दुर्गन्ध आने पर पड़ोसियों ने बेटे से शिकायत के बाद पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के नीचे बने कमरे की जांच की,कमरा अंदर से बंद था पुलिस ने दरवाज़े पर हल्का दबाव डाला,तो खुल गया, कमरे में ईबख्श का शव नग्नावस्था में जमीन पर पड़ा था,और कई दिन पुराना होने के कारण पूरी तरह से सड चुका था,, पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, एसीपी कल्याण पुर आशुतोष कुमार ने बताया कि परिजन ऊपरी हिस्से में रहते हैं म्रतक नीचे रहते थे,चार दिन से उनका शव नीचे कमरे में पड़ा था,बदबू आने पर परिजनो ने घटना की जानकारी दी,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध खनन कर रही जेसीबी एंव दो डम्फर को खनन अधिकारी ने पकड़ा ,चालक फरार



**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** कोतवाली क्षेत्र में हो रहे बड़े पैमाने पर अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खनन विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी मशीन तथा दो डंपरों को पकड़ लिया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जिला खनन अधिकारी मुकेश मिश्र को गुरुवार रात करीब 11 बजे लोटन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम एकडेगवा टोला मैनहिया में अवैध रूप से मिट्टी खनन किए जाने की सूचना मिली। सूचना को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग की टीम ने लोटन पुलिस के सहयोग से मौके पर छापेमारी की। संयुक्त टीम को देखते ही खनन में संलिप्त लोग मौके से फरार हो गए। मौके से अवैध खनन में प्रयुक्त एक जेसीबी मशीन तथा दो डंपर बरामद किए गए। टीम ने सभी वाहनों को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### जिलाधिकारी ने 365 मंदिरों व कुआं का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा नगर पंचायत बिस्कोहर के 365 मन्दिरों/कुओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा नगर पंचायत बिस्कोहर में स्थित मन्दिरों व कुओं को देखा गया। पुरातात्विक महत्व के दृष्टिगत नगर पंचायत बिस्कोहर के 365 मन्दिरों/कुओं का जीर्णोद्धार कराने हेतु पुरातत्व विभाग द्वारा सर्वे रिपोर्ट शासन को प्रेषित किया गया है। पर्यटन विभाग द्वारा इसके जीर्णोद्वार का कार्य कराया जायेगा। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बिस्कोहर अखिलेश कुमार दीक्षित व अन्य संबधित उपस्थित थे।

### महादेव के नाम उच्चारण मात्र में मिलता है जीवन का सुख-शिवाकांत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** डगरारा गौखाड़ी में हो रही श्रीशिवमहापुराण कथा में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। गांव के बूढ़ेश्वर महादेव धाम में कथा श्रवण के दौरान भक्तों ने देवाधिदेव महादेव का जयघोष किया। कथाव्यास पं0 शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि पुरुषोत्तम माह में भगवान शिव के लिंग पर जलाभिषेक पुण्यदायी हुआ करता है। उन्होने कहा कि भगवान महादेव के नाम के उच्चारण मात्र से जीव को नर्क योनि से मुक्ति मिल जाया करती है। कथाव्यास ने कहा कि भगवान शिव ने धर्म की रक्षा के लिए विषपान कर अधर्म का समूल विनाश किया। संचालन पं0 मृत्युंजय द्विवेदी ने किया। संयोजक समाजसेवी धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, कमलाकांत पाण्डेय, जीतलाल गुप्ता, आलोक सिंह, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पप्पू तिवारी, कप्तान सिंह आदि रहे।

### किशोरी का अपहरण, आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के बीजूमऊ निवासी छोटे लाल गौतम पुत्र बृजलाल ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ जून को रात लगभग आठ बजे उसकी चौदह वर्षीया पुत्री शौच के लिए घर से बाहर गयी थी। देर रात तक किशोरी वापस नहीं लौटी तो परिजन परेशान हो उठे। परिजन किशोरी की तलाश कर ही रहे थे कि वह रात करीब दस बजे घर पहुंची। घर पर अपहृता ने बताया कि रायबरेली जिले के सलोन थाना के रतासो निवासी किशन पटेल उर्फ कृष्णा पुत्र प्रेमलाल उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया था। आरोपी कृष्णा का गांव में ननिहाल है। किशोरी ने परिजनों को आपबीती सुनाई तब आहत पिता ने लालगंज पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कृष्णा के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

# लोटन में अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**● बाल श्रम उन्मूलन का लिया संकल्प**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** विकास खण्ड अंतर्गत ब्लाक सभागार में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन विषयक चर्चा एवं गोष्ठी का आयोजन श्रम विभाग एवं मानव सेवा संस्थान सेवा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसमें श्रमिको का बीओसीडब्लू कार्ड बनाने के लिए शिविर का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी में बाल श्रम के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसके उन्मूलन के लिए सामूहिक जनजागरूकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के बचपन, शिक्षा और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्थान विद्यालय में है, न कि कार्यस्थलों पर। बाल श्रम रोकने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, श्रमिक पंजीकरण, श्रमिक हित लाभ योजनाओं एवं विभागीय सुविधाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों, पंचायतों और आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया। मानव सेवा संस्थान सेवा, गोरखपुर के फील्ड एरिया कंसल्टेंट अरुण मद्धेशिया ने कहा कि गरीबी, अशिक्षा और जागरूकता की कमी बाल श्रम के प्रमुख कारण हैं। फील्ड एरिया कंसल्टेंट सन्दीप कुमार ने बाल श्रम को गंभीर सामाजिक समस्या बताते हुए कहा कि इसके समाधान के लिए कानून के साथ-साथ सामाजिक सहभागिता भी आवश्यक है। गोष्ठी में ग्राम पंचायत अधिकारी रविन्द्र जाटव, ईश्वर देव, केशभान यादव, राहुल शर्मा, जगदम्बा प्रसाद, पवन मोदनवाल, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, संतोष गुप्ता,मदद फाउंडेशन से फिल्ड सुपरवाइजर बृजलाल यादव सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कंपनी के करोड़ों के माल के हो रहे नुकसान को लेकर कोल्ड स्टोर मालिक के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मसाला कंपनी के करोड़ों के माल की सुरक्षा में खामी को लेकर कंपनी के निदेशक की तहरीर पर कोल्ड स्टोर मालिक के खिलाफ अमानत में खयानत का गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया गया है। कोल्ड स्टोरेज मालिक के खिलाफ केस दर्ज होने को लेकर शुक्रवार को यहां चर्चा का माहौल गर्म दिखा। पड़ोसी जिले अमेठी में संचालित राजेश मसाला उद्योग प्रा0लि0 के निदेशक सीतापुर जिले के सैरापुर धोधी तालगांव निवासी श्रीराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी कंपनी के द्वारा लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर गांव में स्थित जगदीश बहादुर सिंह कोल्ड स्टोर में सैंतीस सौ बैग जीरा जिसका वजन लगभग 209.26 टन और 4716 बैग मिर्चा जिसका वजन 163.99 टन बीती पांच मई को सुरक्षार्थ रखवाया गया। कंपनी के रखे माल की कीमत लगभग साढ़े सात करोड़ रूपये है।इधर कंपनी के कर्मचारियों के निरीक्षण में पाया गया कि कोल्ड स्टोर के चेंबर में रखे उसके माल के लिए कूलिंग मशीन ही नहीं लगी। बीती 23 मई को कंपनी द्वारा कोल्ड स्टोर के मालिक को फोन के द्वारा सूचना दी गयी तब बताया गया कि कूलिंग मशीन आ गयी है और दो तीन दिनों में लग जाएगी। कर्मचारियों ने दोबारा निरीक्षण किया तो पाया कि कूलिंग मशीन नहीं लगी है और सामानों की गुणवत्ता खराब हो रही थी। इस पर कंपनी ने वहां से माल हटवाना चाहा तो कोल्ड स्टोर के संचालक द्वारा जबरिया अग्रिम आठ माह का किराया जमा कराने की बात कही गयी।बीते नौ जून को कोल्ड स्टोर के स्वामी ने वार्ता के बाद भी रखे माल को उठाने से मना कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कोल्ड स्टोर के मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया है।प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# आरटीसी स्कीम के तहत नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर की गई कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज दिनांक 12.06.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सुगम यातायात योजना ' Reducing Traffic Congestion ( RTC ) Scheme ' के अंतर्गत शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया गया । अभियान के दौरान शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो पर सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा लाउड हेलर के माध्यम से वाहन स्वामियों / चालकों को सूचित करते हुए अपने वाहनों को तत्काल नो पार्किंग क्षेत्र से हटाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बावजूद भी जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन नहीं हटाए गए, उनके वाहनों को क्रेन के माध्यम से कुल 7 चार पहिया वाहनों को सम्बन्धित थाने में भेजा गया। वाहन स्वामियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु अंतिम चेतावनी देते हुए नियमानुसार उनके वाहन सुपुर्द किए गए। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन से अपील की है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें। यातायात नियमों का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

# ग्रेट निकोबार संरक्षण हेतु कास्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा ग्रेट निकोबार को कॉर्पोरेट लूट से बचाने, प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत अम्बेडकर चौराहे पर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के समक्ष हस्ताक्षर अभियान एवं जनजागरण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा पर्यावरण संरक्षण एवं इस अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर किए।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी एवं जिला उपाध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि ग्रेट निकोबार केवल एक द्वीप नहीं, बल्कि देश की प्राकृतिक धरोहर है। इसे कॉर्पोरेट हितों को भेंट चढ़ाने का प्रयास पर्यावरण, जैव विविधता और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।कांग्रेस पार्टी प्रकृति, पर्यावरण और जनहित की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।मनरेगा प्रभारी रवि भूषण सिन्हा एवं जिला प्रवक्ता मासूम हैदर ने संयुक्त रूप से कहा कि जनता का उत्साह और समर्थन यह साबित करता है कि देश की जनता पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा को लेकर सजग है। ग्रेट निकोबार को बचाने का यह अभियान केवल हस्ताक्षर तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने का एक व्यापक जनआंदोलन है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी,महेंद्र शुक्ला,मासूम हैदर,काशी नारायण मिश्र, प्रेम शंकर द्विवेदी, इन्द्रानंद तिवारी, अंजली उपाध्याय,खुशी यादव,चंद्रनाथ शुक्ला, रामरतन तिवारी,डॉ दीपक शुक्ला,अमित पाण्डेय, सुरेश मिश्र, शुभम मिश्र,विजय प्रताप त्रिपाठी, केके शुक्ला, अश्वनी उपाध्याय, आशिक अली, रविंद्र मिश्रा, नूर आलम,देवमणि पांडेय, पृथ्वीराज गौतम, रामधन यादव, कपिल ओझा, कृष्ण कुमार पांडेय, रवि प्रताप सिंह, मुकेश यादव, रामबरन कोरी, बैजनाथ यादव, अवनीश कुमार शुक्ल, आशीष शुक्ल,पारस, विजय, राजेश,अनिल कुमार मिश्र, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना क्षेत्र के आजाद स्कूल के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय एक बुजुर्ग महिला ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई । महिला की कटने की सूचना पर जीआरपी पुलिस और उसका बाजार की पुलिस पहुंची मृतक महिला की पहचान राजमती पत्नी धर्मराज 75 वर्ष के रूप में हुई है । मृतक महिला उसका बाजार के घुघुलिया गांव की निवासनी है। मृतक महिला के परिजन ने बताया कि कम सुनती थी वही आसपास के लोगों ने बताया कि महिला रेलवे ट्रैक को पार कर रही थी तभी ट्रेन आ गई ।जिससे महिला की जान चली गई।थाना प्रभारी संतोष तिवारी ने बताया कि सूचना पर जीआरपी पुलिस और उसका बाजार की पुलिस पहुंची शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिलना चाहिए-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को विकास खण्ड भनवापुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नावडीह में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की गई तथा समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त किया गया कि शासन की योजनाओ की जानकारी मिल रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शासन की योजनाओ का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि आज सभी अधिकारी आपके ग्राम में आये है आप लोग अपनी समस्याओं के बारे में संबधित विभाग के अधिकारी से सम्पर्क कर निराकरण करा ले। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। पात्र लोगो का आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराये। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि यदि किसी को पेंशन से जुड़ी समस्या है, जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है, तो वे तुरंत जानकारी दें। ब्लॉक स्तर के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।जिलाधिकारी ने कहा कि पात्र लाभार्थियो का सत्यापन कराकर पेंशन का लाभ दिया जाये।जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाये। इसके किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जन्म प्रमाण-पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र का आवेदन निर्धारित समय में निस्तारित कराये।आपदा राहत के अन्तर्गत लाभ दिलाये। कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाये। किसान अपना फार्मर रजिस्ट्री करा ले जिससे सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का लाभ मिल सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीसीएनआरएलएम देवनन्दन दूबे, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला कृषि अधिकारी रविशुकर पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गणेश प्रसाद, खण्ड विकास अधिकारी भनवापुर विनोदमणि त्रिपाठी, ग्राम प्रधान व अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

# एलायंस क्लब इंटरनेशनल की पहल पर महुली वृद्धाश्रम में संपन्न हुआ भव्य रुद्राभिषेक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** महुली स्थित वृद्धाश्रम में निवासरत लगभग 80 वृद्ध जनों के सुख, स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना के लिए एलायंस क्लब इंटरनेशनल एवं वृद्धाश्रम परिवार के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रुद्राभिषेक, शिव पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान आश्रम परिसर भगवान भोलेनाथ के जयघोष, वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। शिव श्रृंगार कर वैदिक रुद्राभिषेक प्रारंभ हुआ।गंगाजल, पंचामृत, बेलपत्र, भांग, धतूरा एवं अन्य पूजन सामग्रियों से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। इस दौरान आश्रम में रहने वाले वृद्धजनों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया तथा अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के कल्याण की कामना की।धार्मिक अनुष्ठान में शामिल बुजुर्गों के चेहरे पर वर्षों बाद दिख रही आत्मिक शांति और संतोष ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। कई वृद्धजन भगवान शिव की आराधना करते हुए भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों और शिव स्तुति ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। अंतरराष्ट्रीय निदेशक एवं वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की सबसे मूल्यवान धरोहर हैं। उनके अनुभव, संस्कार और मार्गदर्शन से ही समाज की दिशा तय होती है। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को केवल भोजन और आवास ही नहीं, बल्कि सम्मान, अपनापन और आध्यात्मिक संबल भी मिलना चाहिए।वृद्धाश्रम के प्रबंधक अंबिका प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम की सूचना मिलते ही आश्रम के सभी बुजुर्गों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस भव्य धार्मिक आयोजन में संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, राजेश पांडेय, परमानंद मिश्रा, शिवेश शुक्ला, अंबिका प्रसाद, शिव बाबू, जय राम दादा, दीपक सभासद, धर्मेंद्र, सुनील, पंकज, आदर्श कुमार, रेखा उमरवैश्य, पूनम गुप्ता, साक्षी मिश्रा, भारती सचान, कुसुम, लालती, निर्मला, लालता प्रसाद, नरेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# कानपुर सपा ने काली पट्टी बाँधकर भाजपा सरकार का किया विरोध

**● पेट्रोल,डीजल, गैस के दामों में वृद्धि, तथा सीमित उपलब्ध के कारण हजारों फुटपाथी चाय की दुकान बन्द हो गयी- फ़ज़ल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर ने मंहगाई के विरोध में काली पट्टी बांधकर जताया भाजपा सरकार महंगाई पर नियन्त्रण करने के बजाय से भाजपा गरीबो को मासिक राशन की सूची से नाम काट कर राशन छीन रही जिसको लेकर समाजवादी पार्टी महानगर के अध्यक्ष फजल महमूद अध्यक्षता में मंहगाई का आकंलन अभियान व विरोध जारी रखने वालों सम्बोधित किया। आकंलन तथा विरोध अभियान के पीडीए कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पेट्रोल,डीजल, गैस के दामों में वृद्धि, तथा सीमित उपलब्ध के कारण हजारों फुटपाथी चाय की दुकान बन्द हो गयी। दूसरी ओर रोजमर्रा चीजों के दामो में बेताहाशा मूल्य वृध्दि के कारण परिवारों पर बेवजह बोझ लद गया है। अध्यक्ष फजल मह?मूद ने सम्बोधन में कहा कि, आटा 40 रुपये प्रतिकिलो, अरहर दाल एक सौ 40 रुपया प्रतिकिलों, सरसोतेल 220 रुपये प्रतिकिलो, मूंग की दाल 145 रुपये चना 90 रुपये, उरद दाल 174 रुपये, चीनी 47 रुपयेप्रति किलो,जीरा 415 रुपये प्रतिकिलो, प्रतिकिलो, धनिया खड़ी 210 रुपये प्रति किलो, मिर्चा 520 रुपये प्रतिकिलो, काली मिर्च 980 रुपये प्रति किलो, इस भीषण मंहगाई से सपा ने चिन्ता व्यक्त कर आकंलन रिपोर्ट सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी को भेज कर भावी आंदोलन के लिये निर्देश की अपेक्षा की गई। विरोध करने वालो मे प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर,शबाब अबरार,समीर सोनकर,रजत मिश्रा,दीपक खोटे,शादाब आलम,सजल कुशवाह,जस्वेंद्र निषाद आदि लोग मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी कैडेट्स को कराया गया योग प्रोटोकॉल का अभ्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डा0 सुमन कुशवाहा ने बताया कि12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 के अवसर पर 'ङ्गश्दद्गु द्बश्ह ॥द्गड्डद्यह्लद्ब4 ्रद्दद्बठ्ठद्द' थीम के अन्तर्गत संचालित कॉमन योग प्रोटोकॉल अभ्यास सत्रों की श्रृंखला में शुक्रवार प्रातः 5:30 बजे संगम इंटरनेशनल स्कूल,कटरा प्रतापगढ़ के प्रांगण में विशेष योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 18 बटालियन एनसीसी, प्रतापगढ़ के कैडेट्स को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। इस अवसर पर योग एवं प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने, तनावमुक्त जीवन शैली अपनाने तथा तन-मन को स्वस्थ, शांत एवं प्रसन्नचित रखने में योग की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमन कुशवाहा ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया।लेफ्टिनेंट कर्नल अरविन्द सिंह यादव ने एनसीसी कैडेट्स को अनुशासित एवं स्वस्थ जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संदेश दिया।इस अवसर पर डॉ. त्रिभुवन राम, डॉ. जय प्रकाश कुशवाहा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ( आयुष ) कृष्ण कुमार मौर्य, योग प्रशिक्षक राकेश कुशवाहा, सुनीता सिंह, सुमन सिंह, योग सहायक अजय त्रिपाठी, सतीश सिंह सहित समस्त एनसीसी स्टाफ उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बेंगलुरु बनेगा चेस का नया पावरहाउस, ग्लोबल चेस लीग के सीज़न 4 की करेगा मेजबानी



ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) का चौथा सत्र तीन सितंबर से बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। लीग आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। टेक महिंद्रा और शतरंज की वैश्विक संचालक फिडे की संयुक्त पहल के रूप में शुरू हुई ग्लोबल शतरंज लीग ने शतरंज के पारंपरिक प्रारूप में कई नए बदलाव किए हैं। इसमें फ्रेंचाइजी आधारित टीमें, मिश्रित (पुरुष और महिला) टीम संयोजन तथा तेज गति वाले मुकाबलों का प्रारूप शामिल है। चौथे सत्र में भी दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी टीम आधारित प्रारूप में खिताब के लिए मुकाबला करते नजर आएंगे। ग्लोबल शतरंज लीग के आयुक्त गौरव रक्षित ने कहा, ग्लोबल शतरंज लीग की स्थापना शतरंज को वास्तव में एक वैश्विक दर्शक खेल बनाने के उद्देश्य से की गई थी। चौथे सत्र का बेंगलुरु में आयोजन लीग के साथ-साथ खेल के विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षण है। यहीं से शतरंज के नए अध्याय की शुरुआत होगी। फिडे अध्यक्ष आर्कादी द्वोरकोविच ने कहा, हमें ग्लोबल शतरंज लीग के चौथे सत्र को बेंगलुरु में आयोजित करते हुए खुशी हो रही है। भारत वैश्विक शतरंज आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और बेंगलुरु इस गति को आगे बढ़ाने के लिए आदर्श मंच प्रदान करता है। पिछले सत्रों में भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्ट आर. प्रज्ञानानंदा, डी. गुकेश और महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद भी इस लीग का हिस्सा रह चुके हैं।

### बेहतर होगी 'लास्ट माइल कनेक्टिविटी', द्वारका, उत्तम नगर और ग्रामीण इलाकों के लिए 3 नए बस रूट शुरू



**पश्चिमी दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम ने शहर में 'लास्ट-माइल कनेक्टिविटी' (मेट्रो या मुख्य अड्डे से घर तक की दूरी) को बेहतर बनाने के लिए तीन नए बस रूट शुरू किए हैं। प्रदेश के परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने शुक्रवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इन रूटों का विस्तार लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया है, ताकि वे आसानी से मेट्रो स्टेशन, कार्यालय और कालेजों तक पहुंच सकें। परिवहन मंत्री ने कहा कि नए रिहायशी इलाकों और बाहरी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की सहूलियत को देखकर ये ये रूट बनाए गए हैं। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर नागरिक को अपने घर के पास से ही मेट्रो स्टेशन, बड़े बस अड्डों और कार्यस्थलों तक जाने के लिए सीधा साधन मिल सके।

**1. रूट नंबर 806ए (द्वारका मोड़ से पपरावट गांव):** किसे होगा फायदाः पपरावट गांव, नंगली सकरावती, ककरौला और आसपास के इलाकों के लोगों को।

इस रूट को अभी पायलट बेसिस (ट्रायल) पर शुरू किया गया है। इसके जरिए दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परिवहन की पुरानी मांग पूरी होगी।

### दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन, पहाड़गंज में पकड़ा हाईप्रोफाइल सेक्स रैकेट, 4 महिलाएं रेस्क्यू और संचालक गिरफ्तार

नई दिल्ली। मध्य दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में चल रहे सेक्स रैकेट का नबी करीम थाना पुलिस की टीम ने भंडफोड़ किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान चार महिलाओं को रेस्क्यू किया और सेक्स रैकेट संचालित करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान लक्ष्मी नगर के शाहरुख के रूप में हुई है। इसके अलावा मकान मालिक द्वारका के हरिकिशन उर्फ राजू चैंपियन के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। मध्य जिला उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह के मुताबिक, 11 जून की शाम करीब 7:30 बजे नबी करीम पुलिस को सूचना मिली थी कि पहाड़गंज के कुतुब रोड स्थित सरन बिल्डिंग में अवैध रूप से सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा है।

कांस्टेबल को नकली ग्राहक बनाकर भेजा सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। कांस्टेबल फेरू को नकली ग्राहक बनाकर मौके पर भेजा गया। जब अवैध गतिविधियों की पुष्टि हो गई। तब पुलिस टीम ने परिसर पर छापा मारकर सेक्स रैकेट के संचालक शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया। मौके से चार महिलाओं को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। गिरफ्तार आरोपित से सेक्स रैकेट के संचालन, उससे जुड़े अन्य व्यक्तियों और पूरे नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस अवैध गतिविधि में और कौन-कौन लोग शामिल थे।

# बिल्कुल बर्दाश्त नहीं...ट्रंप ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर रहे भारतीय जहाजों पर हमले को लेकर किसे दी सीधी चेतावनी

- **होर्मुज से निकल रहे भारतीय जहाजों ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान ने चल रही बातचीत के बारे में गलत जानकारी लीक की है और कहा कि तेहरान के सार्वजनिक बयानों में उन शर्तों का ज़िक्र नहीं है जिन पर दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी थी।**
- **ट्रंप ने लिखा, ईरान ने 'फेक न्यूज़' को जो शर्तें बताई हैं, उनका लिखित रूप में तय हुई शर्तों से कोई लेना-देना नहीं है। पर ईरानी हमले स्वीकार्य नहीं', बोले र राष्ट्रपति**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ईरान पर आरोप लगाया कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) से गुजर रहे भारतीय जहाजों पर ड्रोन से हमला करने की नाकाम कोशिश की। इस कथित घटना का ज़िक्र करते हुए ट्रंप ने कहा ल रात होर्मुज जलडमरूमध्य से निकल रहे भारतीय जहाजों पर उनका ड्रोन हमला पूरी तरह नाकाम रहा और यह हरकत बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया और न ही यह बताया कि वे किन जहाजों की बात कर रहे थे। खबर लिखे जाने तक ईरानी अधिकारियों ने इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब इस इलाके में हाल ही में हुए अमेरिकी सैन्य अभियानों में दर्जनों भारतीय नाविकों वाले 3 तेल टैंकर फंस गए हैं। 8 जून को अमेरिकी सेना ने पलाऊ के झंडे वाले टैंकर 'मैरीवेक्स' को बेकार कर दिया, जिस पर 24 भारतीय क्रू सदस्य सवार थे। उन सभी को सुरक्षित बचा लिया गया।

दो दिन बाद, पलाऊ के झंडे वाले एक और टैंकर, 'सेटेबेलो' पर अमेरिकी हमला हुआ। इस जहाज़ पर 24 भारतीय नाविक सवार थे, जिनमें से तीन की हमले में मौत हो गई। एक तीसरे टैंकर, 'जलवीर' पर भी हमला हुआ, जो गिनी-बिसाऊ के झंडे के साथ चल रहा था और जिस पर 20 भारतीय क्रू सदस्य सवार थे। ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान ने चल रही बातचीत के बारे में गलत जानकारी लीक की है और कहा कि तेहरान के सार्वजनिक बयानों में उन शर्तों का ज़िक्र नहीं है जिन पर दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी थी। ट्रंप ने लिखा, ईरान ने 'फेक न्यूज़' को जो शर्तें बताई हैं, उनका लिखित रूप में तय हुई शर्तों से कोई लेना-देना नहीं है।

उन्होंने संभावित समझौते के बारे में ईरान की टिप्पणियों की भी आलोचना की और कहा कि उनका सच्चाई से कोई लेना-देना नहीं है और तेहरान पर ईमानदारी से बातचीत न करने का आरोप लगाया। ट्रंप ने तेहरान को चेतावनी देते हुए अपना संदेश खत्म किया और कहा, 'उन्हें जल्द से जल्द अपनी हरकतें सुधार लेनी चाहिए!

## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में पी.वी. सिंधु का तूफानी खेल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की चेन सू यू को मात्र 27 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में सीधे गेमों में 21-6, 21-9 से पराजित किया। सिंधू ने शुरुआत से ही मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा और आसानी से अंतिम चार में जगह पक्की कर ली।

सेमीफाइनल में सिंधू का सामना जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त अकाने यामागुची से होगा। यामागुची ने भारतीय किशोरी तन्वी शर्मा के शानदार अभियान का अंत करते हुए उन्हें 21-14, 21-14 से हराया। यह मुकाबला 32 मिनट तक चला। सिंधू और यामागुची के बीच अब तक हुए मुकाबलों के आंकड़ों में भारतीय स्टार का पलड़ा थोड़ा भारी रहा है। दोनों खिलाड़ियों के बीच खेले गए 28 मुकाबलों में सिंधू ने 15 जबकि यामागुची ने 13 जीत दर्ज की हैं। सिंधू के लिए यह सेमीफाइनल काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि मौजूदा सत्र में उनका प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है। वह बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को समाप्त करने के लिए अपनी सर्वश्रेष्ठ लय हासिल करने की कोशिश कर रही हैं। सिंधू को दिसंबर 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल का खिताब जीतने के बाद से अपने अगले खिताब का इंतजार है। इससे पहले सिंधू ने प्री-क्वार्टर फाइनल में हमवतन ईशारानी बरुआ को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। पुरूष युगल में भारत के हरिहरन अम्साकरूनन और एम आर अर्जुन क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के चेन चेंग कुआन और लियू कुआंग हेंग से 19 . 21, 9 . 16 से पिछड़ने के बाद बाहर हा गए।

## नोएडा में हाउस लिस्टिंग गणना 80% पर अटकी, धीमी प्रगति पर 30 प्रगणकों को नोटिस

**नोएडा।** प्रदेश सरकार में मुख्य सचिव एसपी गोयल से फटकार लगने के बावजूद शुक्रवार तक नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में हाउस लिस्टिंग ब्लाक (एचएलबी) की गणना महज 80 प्रतिशत ही हो पाई है। शेष 20 प्रतिशत आनलाइन गणना भी रविवार तक पूरी करने का दावा किया गया है। विशेष बात ये है कि एचएलबी होने के बाद सोमवार से प्राधिकरण में वरिष्ठ अधिकारियों की टीम द्वारा आनलाइन डाटा को रिफाइन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में कम जानकारी देने, ताला बंद मकान, सहयोग न करने वाले व्यक्ति, अनुपस्थित मतदाता या फिर भ्रामक सूचना देने वाले लोगों का डेटा तैयार कर दोबारा सत्यापन का काम होगा। धीमी गति से काम करने वाले 30 प्रगणकों को नोटिस जारी भी किए हैं। भारसाधन (चार्ज) अधिकारी इंदु प्रकाश सिंह ने बताया कि मकानों की आनलाइन गणना करने में प्राधिकरण व अन्य विभागों के 2100 स्टाफ को जिम्मेदारी दी गई थी, जिन्होंने 12 जून तक 80 प्रतिशत मकानों की गणना कर ली है।

## प्रशिक्षित एएसआई रेडियो तकनीशियन एवं आरक्षियों की पासिंग आउट परेड संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस अकादमी, झरोदा कलां में प्रशिक्षित सहायक उपनिरीक्षक रेडियो तकनीशियन और आरक्षियों के लिए पासिंग आउट एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में 85 प्रशिक्षुओं ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद दिल्ली पुलिस बल में अपनी सेवाएं देने के लिए कदम बढ़ाया। इनमें 37 सहायक उपनिरीक्षक रेडियो तकनीशियन जिनमें 8 महिलाएं शामिल हैं, तथा 48 आरक्षी जिनमें 10 महिला आरक्षी शामिल हैं, ने प्रशिक्षण पूर्ण किया। समारोह में दिल्ली पुलिस अकादमी के उपनिदेशक राजबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया तथा शपथ ग्रहण कर निष्ठा एवं समर्पण के साथ सेवा करने का संकल्प लिया।

प्रशिक्षण के दौरान सहायक उपनिरीक्षकों रेडियो तकनीशियन को वायरलेस संचार प्रणाली के संचालन, वायरलेस उपकरणों की मरम्मत, नेटवर्क स्थापित करने तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अस्थायी नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा सभी प्रशिक्षुओं को पुलिस प्रक्रिया, आपराधिक कानून, अपराध विज्ञान, साइबर अपराध एवं फोरेंसिक विज्ञान की शिक्षा प्रदान की गई। शारीरिक प्रशिक्षण के अंतर्गत निहत्थे मुकाबले, हथियार संचालन, फायरिंग, आतंकवाद निरोधक उपायों, योग, खेलकूद तथा व्यायाम जैसी गतिविधियों में प्रशिक्षित किया गया। वहीं आरक्षियों को आपदा प्रबंधन, हथियार संचालन, कमांडो रणनीति, क्षेत्रीय संचालन तथा छापेमारी एवं घात लगाकर कार्रवाई करने जैसी महत्वपूर्ण विधाओं का भी प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित भी किया गया। सहायक उपनिरीक्षक रेडियो तकनीशियन वर्ग में नवीन कुमार ने सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रशिक्षु तथा इनडोर प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नीरज कुमार आउटडोर प्रशिक्षण में प्रथम रहे। आरक्षी वर्ग में महिला आरक्षी श्रुति मिश्रा ने सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रशिक्षु, इनडोर तथा आउटडोर प्रशिक्षण की तीनों ट्रॉफियां अपने नाम कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। समारोह को संबोधित करते हुए आउटडोर प्रशिक्षण के सहायक निदेशक प्रभु दयाल ने प्रशिक्षुओं को बधाई दी और कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उनमें अनुशासन, टीम भावना और जनसेवा के मूल्यों का विकास



किया गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों से आए प्रशिक्षुओं की विविधता दिल्ली पुलिस की शक्ति को और मजबूत बनाती है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को शपथ भी दिलाई। मुख्य अतिथि राजबीर सिंह ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस में वायरलेस संचार व्यवस्था और आरक्षी बल कानून-व्यवस्था बनाए रखने की रीढ़ हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में निर्बाध संचार व्यवस्था और आरक्षियों की त्वरित प्रतिक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपेक्षा की कि वे अपने आचरण, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के माध्यम से दिल्ली पुलिस की सकारात्मक छवि को और मजबूत करेंगे।समारोह में प्रशिक्षुओं के परिजन, दिल्ली पुलिस अकादमी के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। समारोह का समापन प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## तीन अलग-अलग हीरोइनों के साथ शूट हुआ था 34 साल पुराना ये गाना, सेट पर बदतमीजी कर रहे थे लोग

**नई दिल्ली।** आमिर खान की फिल्म 'जो जीता वही सिकंदर' को आज भी एक कल्ट क्लासिक फिल्म माना जाता है। फैन्स के बीच आज भी इसकी दीवानगी देखने को मिलती है। रिलीज के लगभग तीन दशक बाद भी इसका गाना 'पहला नशा' लोगों के दिलों में बसा हुआ है। इस गाने को बॉलीवुड के सबसे यादगार रोमांटिक गानों में से एक माना जाता है। हाल ही में, कोरियोग्राफर और फिल्ममेकर फराह खान ने इस गाने के बनने से जुड़ी दिलचस्प बातें शेयर कीं।

**अलग-अलग हीरोइनों के साथ हुआ शूट**

फिल्ममेकर-कोरियोग्राफर ने अपने लेटेस्ट व्लॉग में एक्टर्स वेदांग रैना और शरवरी के साथ बातचीत करते हुए इस गाने से जुड़ी शूटिंग के दौरान की एक कहानी बताई। फराह ने कहा, 'हमारे पास न तो मॉनिटर थे और न ही माइक्रोफोन; हमने यह गाना 1990 में शूट किया था और फिल्म 1992 में आई थी। मैंने तीन अलग-अलग हीरोइनों के साथ यह गाना तीन बार शूट किया। हीरोइनें बदलती रहीं और आखिर में आयशा जुल्का आईं, जिनके साथ हमने जनवरी 1992 में शूटिंग की।'

**सेट पर बदतमीजी कर रहे थे लोग**

इससे पहले, 'जस्ट टू फिल्मी' के साथ बातचीत में आमिर खान ने बताया था कि फिल्म की कास्ट अलग थी और बाद में उसे बदल दिया गया था। इसलिए फिल्म की शूटिंग दोबारा की गई। उन्होंने आगे बताया कि मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं। फिल्म में कुछ ऐसे एक्टर्स थे जो सेट पर बहुत बदतमीजी करते थे। फराह ने कहा, 'वहां चार एक्टर्स थे और वे बहुत बदतमीज थे। मैं उनके नाम नहीं लूंगा, लेकिन वे हमें बहुत परेशान कर रहे थे। मैंने मंसूर से कहा, 'अगर हम फिल्म का 80 परसेंट हिस्सा दोबारा शूट कर रहे हैं, तो इन चारों को भी हटा देते हैं और पूरी फिल्म ही दोबारा शूट करते हैं। मैं उन्हें दोबारा बर्दाश्त नहीं कर सकता।'

**क्यों दोबारा करनी पड़ी शूटिंग**



आमिर ने बताया, 'फिल्म की शूटिंग दो बार हुई। हमने ऊटी और कोडाइकनाल में 60-70 दिनों तक शूटिंग की। हम वापस आए और दो महीने बाद मंसूर ने मुझे फोन करके कहा, 'देविका का किरदार ठीक नहीं लग रहा है।' उस समय देविका का रोल एक दूसरी एक्ट्रेस कर रही थीं। वह बहुत अच्छी लड़की और बेहतरीन एक्ट्रेस थीं, लेकिन मंसूर को लगा कि उनमें वह स्वाभाविक घमंड नहीं था जिसकी उस रोल के लिए जरूरत थी।' इसके बाद इसमें पूजा बेदी की एंट्री हुई और उनका पार्ट दोबारा शूट हुआ। फिल्म में दीपक तिजोरी, मामिक सिंह, आयशा जुल्का, कुलभूषण खरबंदा, इमरान खान और किरण जावेरी भी थे।

## दिल्ली मेट्रो की तरह NCR की नई लाइफलाइन बनेगी नोएडा की ई-सिटी बस सेवा, जेवर एयरपोर्ट का सफर होगा आसान



**नोएडा।** दिल्ली मेट्रो की तरह एनसीआर की लाइफ लाइन नोएडा की ई सिटी बस सेवा बनेंगी, क्योंकि नोएडा प्राधिकरण ने ई सिटी बस की सुविधा को जेवर स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा ही नहीं, बल्कि बाटेनिकल गार्डन (डीएमआरसी की ब्लू व मैजेंटा मेट्रो लाइन), दिल्ली (अक्षरधाम व आनंद विहार), गाजियाबाद (नया बस अड्डा व आरआरसीएस), ग्रेटर नोएडा के परी चौक, ग्रेनो वेस्ट जोड़ कर रूट प्लान तैयार किया। इस रूट पर 15 जून तक 110 ई सिटी बस का संचालन होगा, मांग बढ़ने पर 500 बसों का संचालन किया गया जाएगा। इस सेवा से नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जेवर के लोग ही नहीं, बल्कि मेरठ, फरीदाबाद, गुरुग्राम तक से आने जाने वालों को आसानी से ई सिटी बस के रूप में सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी।

## कप्तानी मिलने के बाद श्रेयस अय्यर ने मुंबई के वर्ली में लिया लग्जरी अपार्टमेंट, किराया जानकर उड़ जाएंगे होश

**नई दिल्ली।** हाल ही में श्रेयस अय्यर को भारतीय टी20 टीम की कमान सौंपी गई। अब श्रेयस अय्यर ने मुंबई के पॉश इलाके वर्ली में एक लग्जरी अपार्टमेंट किराए पर लिया है। इस अपार्टमेंट का शुरुआती मंथली किराया 18.50 लाख रुपये है। इस डील और इसकी जानकारी 'स्क्वायर यार्ड्स' ने 'इंस्पेक्टर जनरल ऑफ रजिस्ट्रेशन' (IGR) की वेबसाइट पर जारी की है। वर्ली के 'आर्टेसिया' में स्थित यह अपार्टमेंट 3,875 वर्ग फीट में फैला है। इसमें चार पार्किंग स्पेस हैं। अय्यर ने तीन साल की लीज साइन की है। उन्होंने 1.84 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी, 1,000 रुपये का रजिस्ट्रेशन शुल्क और 74 लाख रुपये की सिक्योरिटी डिपॉजिट का भुगतान किया है। एग्रीमेंट के अनुसार, किराया जो शुरू में 18.50 लाख रुपये प्रति माह है, वह दूसरे साल में लगभग 7% बढ़कर 19.79 लाख रुपये हो जाएगा। तीसरे साल में यह फिर से लगभग 7% बढ़कर 21.18 लाख रुपये हो जाएगा। इस तरह पूरे तीन साल के समय के लिए अय्यर को कुल 7.14 करोड़ रुपये किराया देना होगा।

**आयलैंड से होंगे 2 टी20**

30 महीने तक टी20 इंटरनेशनल नहीं



खेलने वाले श्रेयस अय्यर को हाल ही में सूर्यकुमार यादव की जगह भारतीय टी20 टीम की कमान दी गई। आयलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में वह कप्तानी करते नजर आएंगे। 3 दिसंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरु में श्रेयस ने आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था।

**51 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले**

श्रेयस ने अपने करियर में अब तक 51 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इस दौरान 47 पारियों में उन्होंने 30.66 की औसत और 136.12 की स्ट्राइक रेट से 1104 रन बनाए हैं। इस प्रारूप में अय्यर ने 8 अर्धशतक लगाए हैं। 74 रन इस फॉर्मेट में उनका बेस्ट स्कोर है। श्रेयस अफगानिस्तान के खिलाफ 13 जून से शुरू हो रही वनडे सीरीज में एक्शन में नजर आएंगे। पहला मुकाबला धर्मशाला में खेला जाएगा।

## रक्त दान सबसे बड़ा दान है रक्तदाता पुलिस मुख्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**स्वतंत्र सिंह भुल्लर**

**नई दिल्ली।** विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के उपलक्ष्य में दिल्ली पुलिस के कल्याण प्रभाग द्वारा पुलिस मुख्यालय में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष पुलिस आयुक्त सतर्कता, कल्याण एवं अनुज्ञापन अतुल कटियार के मार्गदर्शन में तथा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स, नई दिल्ली के सहयोग से संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर में दिल्ली पुलिस की विभिन्न इकाइयों से जुड़े 82 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। शिविर के दौरान पुलिसकर्मियों में उल्लेखनीय उत्साह देखने को मिला और उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए इस सामाजिक अभियान को सफल बनाया।इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुनीत कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं, शल्य चिकित्सा, गंभीर बीमारियों तथा आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की उपलब्धता जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर साबित हो सकती है। ऐसे में नियमित रक्तदान समाज के प्रति प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है अधिकारियों ने यह भी कहा कि रक्तदान को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने तथा उन्हें इस नेक कार्य के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं। दिल्ली पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने के अपने दायित्व का निर्वहन कर रही है, बल्कि विभिन्न सामाजिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी सक्रिय रूप से निभा रही है।दिल्ली पुलिस के कल्याण प्रभाग ने रक्तदान करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की




सराहना करते हुए शिविर को सफल बनाने में सहयोग देने वाले एम्स के चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने रक्तदाताओं के इस योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करती हैं।पुलिस मुख्यालय में आयोजित यह रक्तदान शिविर दिल्ली पुलिस की जनसेवा, सामाजिक सरोकारों और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया।

## डिस्ट्रिक्ट पब्लिक रिलेशन्स ऑफिसर ऑफिस, फरीदकोट

- **15 जून को पंजाब के गवर्नर फरीदकोट में स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन करेंगे**
- **डिप्टी कमिश्नर राहुल चाबा ने तैयारियों का रिव्यू किया**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**फरीदकोट** पंजाब के गवर्नर, गुलाब चंद कटारिया, 15 जून को फरीदकोट के अपने दौरे के दौरान रेड क्रॉस भवन में बनाए गए स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन करेंगे और फिर कल्चरल सेंटर के ऑडिटोरियम हॉल में जिले के लोगों को संबोधित करेंगे। यह जानकारी डिप्टी कमिश्नर फरीदकोट, श्री राहुल चाबा ने आज प्रोग्राम की तैयारियों का रिव्यू करने के लिए अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारियों के साथ मीटिंग में दी।

डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि यह स्किल डेवलपमेंट सेंटर सन फाउंडेशन चलाएगा। उन्होंने बताया कि इस सेंटर में युवाओं को सात अलग-अलग स्किल्स की फ्री ट्रेनिंग दी जाएगी। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद, ट्रेनी को नौकरी के मौके देने की भी कोशिश की जाएगी, जिससे युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों



को गवर्नर के दौरे की सभी तैयारियां समय पर पूरी करने और प्रोग्राम को आसानी से आयोजित करने के लिए तालमेल से काम करने के निर्देश दिए।

डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि इसके बाद गवर्नर श्री गुलाब चंद कटारिया सरकारी बृजिंदरा कॉलेज में बने एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड का दौरा करेंगे और वहां खिलाड़ियों से मिलेंगे और उनकी हिम्मत बढ़ाएंगे। इस मौके पर एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (ज) श्री संदीप मल्होत्रा, एसडीएम फरीदकोट श्री पुनीत शर्मा, एसडीएम कोटकपूरा राजिंदर सिंह, एस.डी.एम जैतो श्री विक्रमजीत, एक्स. वाटर सप्लाई शमिंदर सिंह, डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन ऑफिसर मैडम अंजना कौंसल, एक्स. पीडब्लू .डी. नवजीत सिंह बराड़, डीएफएससी गुरजीत सिंह, डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर बलजिंदर सिंह, एमसी म्युनिसिपल काउंसिल फरीदकोट श्री अमरींत लाल के अलावा अलग-अलग डिपार्टमेंट के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## नोएडा एयरपोर्ट से रियल एस्टेट में बूम, 3 लाख रुपये बीघा की जमीन 80 लाख पहुंची; प्रॉपर्टी के दाम 4 गुना बढ़े

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने गौतमबुद्ध नगर के साथ आसपास के जिलों की अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट को नई ऊर्जा दी है। औद्योगिक निवेश, सेवा क्षेत्र के लिए संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं। रियल एस्टेट कारोबार में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की भूमिका का अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि नोएडा से लेकर जेवर तक रियल एस्टेट की कीमतों से आठ से 10 प्रतिशत तक वृद्धि पिछले चार से पांच साल के दौरान दर्ज हुई है। प्राधिकरणों को भी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने संभावनाओं की नई उड़ान दी है। औद्योगिक निवेश के लिए जमीनों की मांग बढ़ी है। प्राधिकरणों की आवंटन दरों में वृद्धि से राजस्व का ग्राफ ऊंचा हुआ है। सेवा क्षेत्र और उद्योगों ने क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। गौतमबुद्ध नगर जैसे औद्योगिक जिले का हिस्सा होने के बावजूद जेवर क्षेत्र की पिछड़े क्षेत्र में गिनती थी, लेकिन जैसे-जैसे फाइलों में बंद पड़े नोएडा इंटरनेशनल ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की सुगबुगाहटें बढ़ीं और केंद्र व राज्यों के बीच फाइलों दौड़ने ली, इसका असर क्षेत्र में भी नजर आने लगा।

## ड्रग्स के खिलाफ जंग, ड्रग्स के खिलाफ डटकर खड़े होने की अपील की

- **एंटी-ड्रग प्रोग्राम के दौरान, कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने युवाओं से ड्रग्स के खिलाफ डटकर खड़े होने की अपील की।**

**ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में बड़ी संख्या में लोग आगे आए ताकि एक रंगीन पंजाब बनाया जा सके।**

**अमृतसर** पंजाब सरकार द्वारा ड्रग्स को खत्म करने के लिए चलाए जा रहे अभियान को और असरदार बनाने के मकसद से, ड्रग्स के खिलाफ जंग अभियान के तहत आज जंडियाला गुरु में एक एंटी-ड्रग अवेयरनेस प्रोग्राम किया गया। इस मौके पर, पंजाब के कैबिनेट मंत्री श्री हरभजन सिंह ईटीओ की लीडरशिप में गांव के सरपंचों, यूथ क्लबों, यूनियनों के नुमाइंदों और डिफेंस कमेटियों के सदस्यों के साथ एक खास मीटिंग भी हुई। मीटिंग को संबोधित करते हुए, कैबिनेट मंत्री श्री हरभजन सिंह ईटीओ ने कहा कि पंजाब सरकार ड्रग्स को खत्म करने के लिए पूरी तरह से कमिटेड है और इस अभियान को लोगों का आंदोलन बनाने के लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग बहुत ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश और पंजाब का भविष्य हैं और उन्हें ड्रग्स से दूर रखना हम सबकी साझी ज़िम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे ड्रग्स के खिलाफ डटकर खड़े हों और अपने गांवों और इलाकों में जागरूकता फैलाने के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि अगर हम सब एकजुट होकर इस सामाजिक बुराई के खिलाफ लड़ें, तो पंजाब को ड्रग-फ्री बनाने का सपना जरूर पूरा हो सकता है। पब्लिक वर्क्स मिनिस्टर ने सरपंचों, यूनियनों और डिफेंस कमेटियों के सदस्यों से अपील की कि वे अपने-अपने इलाकों में एंटी-ड्रग एक्टिविटीज को तेज करें, युवाओं को स्पोर्ट्स, एजुकेशन और सोशल वर्क से जोड़ें और लोगों को ड्रग्स के बुरे असर के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ जंग कैंपेन के तहत अब तक 60 हजार ड्रग पेडलर्स को गिरफ्तार किया गया है और 90 हजार से ज्यादा ड्रग एडिक्ट्स का सरकार ने डी-एडिक्शन सेंटर्स में फ्री इलाज किया है। उन्होंने कहा कि हर गांव में ई-रिक्शा चलाए गए हैं जिनमें एक कंप्लेंट बॉक्स भी लगाया गया है जिसमें लोग बिना अपनी पहचान बताए ड्रग पेडलर्स के खिलाफ कंप्लेंट दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कंप्लेंट बॉक्स में जिस भी ड्रग पेडलर की जानकारी दी जाएगी, उसके खिलाफ तुरंत एक्शन लिया जाएगा। मीटिंग को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के ग्रामीण अध्यक्ष श्री गुरप्रताप सिंह संधू ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ मुहिम को घर-घर तक पहुंचाया गया है और इसे खत्म करके ही पंजाब को फिर से रंगीन पंजाब बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अब तक इस मुहिम के अच्छे नतीजे भी सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति मोर्चा के सभी वॉलंटियर राज्य को ड्रग फ्री बनाने के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। इस मौके पर एसडीएम मैडम



अलका कालिया ने कहा कि लोगों के सहयोग से ही राज्य को ड्रग फ्री बनाया जा सकता है, अगर लोग सहयोग करेंगे तो और भी अच्छे नतीजे सामने आएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जंडियाला गुरु के डीएसपी श्री बलजीत सिंह ने कहा कि अगर आपके गांव में कोई भी ड्रग्स बेचता है तो मुझे सीधे इसकी जानकारी दें, किसी भी ड्रग तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर मौजूद गांवों के प्रतिनिधियों और समाज सेवी संस्थाओं के सदस्यों ने भी ड्रग्स को खत्म करने के लिए हर मुमकिन मदद देने का भरोसा दिलाया और पंजाब को ड्रग फ्री बनाने के लिए मिलकर कोशिश करने का संकल्प लिया। इस मीटिंग में नशा मुक्ति मोर्चा ग्रामीण के प्रेसिडेंट श्री कुलदीप सिंह, वाइस प्रेसिडेंट निरवाल सिंह, काउंसलर सतिंदर सिंह, काउंसलर राज कुमार मल्होत्रा, बीडीपीओ श्री मलकीत सिंह, चेयरमैन गुरविंदर सिंह, सूबेदार शनाख सिंह, ब्लॉक प्रेसिडेंट केवल सिंह, सरपंच अमरीक सिंह, तहसीलदार अकविंदर कौर, एस.सी विंग के हल्का इंचार्ज मनजीत सिंह, शमशेर सिंह, अजयबीर सिंह, मौला सिंह के अलावा बड़ी संख्या में वॉलंटियर, डिफेंस कमेटियों के मेंबर और सरपंच मौजूद थे।